हिन्दी दैनिक

# प्रत्यूष नवबिहार

जोहार

रांची संस्करण

रांची, पटना और दिल्ली से प्रकाशित

www.tezraftarlive.com
Email-navbiharjh@gmail.com

रांची • शनिवार • 14.06.2025 • वर्ष : 15 • अंक : 320 • पृष्ठ : 12 • आमंत्रण मूल्य : ~~3 रुपये~~ 2 रुपये

# प्रधानमंत्री अहमदाबाद में दुर्घटनास्थल पर पहुंचे, बोले- घटना दिल दहला देने वाली


**एयर इंडिया के सभी बोइंग ड्रीमलाइनर विमानों की होगी सुरक्षा जांच**



एजेंसी

**अहमदाबाद :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को अहमदाबाद में दुर्घटनास्थल का दौरा किया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को एअर इंडिया के विमान हादसा स्थल पर पहुंच कर वहां चलाए जा रहे राहत कार्यों का जायजा लिया और अस्पताल जाकर घायलों से मिले। उन्होंने विमान हादसे में जिंदा बचे इकलौते यात्री से भी बातचीत की। उन्होंने तबाही के मंजर को बेहद दुखद बताया और कहा कि हमारी संवेदनाएं उन लोगों के साथ हैं जिन्होंने इस अकल्पनीय त्रासदी में अपने प्रियजनों को खो दिया है। प्रधानमंत्री ने एक्स पोस्ट में कहा कि अहमदाबाद में हुए हवाई हादसे से हम सभी स्तब्ध हैं। इतने सारे लोगों की अचानक और दिल दहला देने वाली मौत को शब्दों में बयां नहीं किया जा सकता। हम उनके दर्द को समझते हैं और यह भी जानते हैं कि जाने वाले पीछे खालीपन छोड़ गए हैं। इस खालीपन को आने वाले कई सालों तक महसूस किया जाएगा। वहीं हादसे में ब्रिटेन, कनाडा और पुर्तगाल के नागरिकों ने भी जान गंवाई है। विदेश मंत्री ने इन देशों के विदेश मंत्रियों से संपर्क साधा है और संवेदना प्रगट की है। उन्होंने बताया कि विमान दुर्घटना के संबंध में यूके के विदेश मंत्री डेविड लैमी, पुर्तगाल के विदेश मंत्री पाउलो रंगेल और कनाडा की विदेश मंत्री अनीता आनंद के संपर्क में हैं।

## पीएम ने उच्चस्तरीय बैठक कर दिए दिशा-निर्देश



**अहमदाबाद :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी शुक्रवार सुबह अहमदाबाद पहुंचकर दुर्घटना स्थल का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों ने विस्तार से दुर्घटना की जानकारी ली। प्रधानमंत्री ने विमान हादसे के दौरान क्षतिग्रस्त हुए मेडिकल हॉस्टल और मेस बिल्डिंग का निरीक्षण किया। उन्होंने अहमदाबाद सिविल अस्पताल में भर्ती घायलों से मुलाकात कर उनका हालचाल जाना और परिजनों का ढांढस बंधाया। दुर्घटना में घायल हुए चिकित्सकों और हेल्थकेयर वर्कर्स से भी प्रधानमंत्री ने मुलाकात की और उपचार कर रहे डॉक्टरों से मरीजों की स्थिति की जानकारी ली। इसके बाद प्रधानमंत्री ने अहमदाबाद में उच्चस्तरीय बैठक आयोजित कर हादसे के बाद की परिस्थितियों को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

**अहमदाबाद विमान हादसे में अबतक 270 शव बरामद**

## हादसे वाली जगह से ब्लैक बॉक्स बरामद

एजेंसी



**अहमदाबाद :** अहमदाबाद में हुए भयावह एयर इंडिया विमान हादसे की जांच अब नए मोड़ पर पहुंच चुकी है। एयरपोर्ट से उड़ान भरने के चंद मिनटों बाद हुए इस क्रैश ने पूरे देश को झकझोर कर रख दिया है। हादसे में 270 लोगों की दर्दनाक मौत के बाद अब इस मामले की जांच आतंकवाद निरोधी दस्ते को सौंप दी गई है। सूत्रों के मुताबिक, क्रैश साइट से विमान का ब्लैक बॉक्स और कॉकपिट वॉयस रिकॉर्डर बरामद कर लिया गया है। एटीएस की टीम ने डीभीआर को अपने कब्जे में ले लिया है और इस पूरे मामले की पैरेलल इन्वेस्टिगेशन शुरू कर दी है। जांच एजेंसियों को शक है कि यह हादसा किसी तकनीकी खामी से ज्यादा गहरा मामला हो सकता है। इसी के चलते एटीएस अब हर पहलू की बारीकी से जांच कर रही है - क्या यह कोई साजिश थी, पायलट की कोई गलती या फिर किसी बाहरी दखल का नतीजा? फॉरेंसिक टीम ने भी घटनास्थल से जरूरी सैंपल जुटा लिए हैं, जिन्हें अब जांच के लिए लैब भेजा जाएगा। जांच अधिकारी मान रहे हैं कि ब्लैक बॉक्स और डीवीआर में दर्ज डाटा से यह पता चल सकेगा कि क्रैश से पहले विमान के भीतर क्या स्थिति थी?

## एअर इंडिया के विमान की थाईलैंड में आपात लैंडिंग

**नयी दिल्ली :** थाईलैंड के फुकेट से भारत की राजधानी नई दिल्ली आ रहे एअर इंडिया के विमान AI-379 में शुक्रवार को बम की धमकी मिली, जिसके बाद विमान को आपातकालीन लैंडिंग करानी पड़ी। इस विमान में सवार सभी यात्री सुरक्षित हैं। विदेशी मीडिया की रिपोर्ट के मुताबिक, बम की धमकी मिलने के बाद एअर इंडिया के विमान की थाईलैंड में आपात लैंडिंग हुई है। थाईलैंड एयरपोर्ट के एक अधिकारी के मुताबिक आपातकालीन योजना के अनुरूप एअर इंडिया की उड़ान संख्या एआई 379 के सभी 156 यात्रियों को विमान से बाहर निकाल लिया गया है। प्रारंभिक तलाशी के बाद अधिकारियों को संबंधित एअर इंडिया के विमान के अंदर कोई बम नहीं मिला है।

## मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से डॉ अशोक चौधरी ने की शिष्टाचार भेंट



**रांची :** झारखंड के मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से शुक्रवार को बिहार सरकार के भवन निर्माण विभाग के मंत्री डॉ. अशोक चौधरी ने उनके आवासीय कार्यालय में मुलाकात की। यह भेंट शिष्टाचार मुलाकात के रूप में हुई। बैठक के दौरान दोनों नेताओं के बीच पारस्परिक हितों से जुड़े मुद्दों पर संक्षिप्त चर्चा हुई। हालांकि यह औपचारिक मुलाकात थी, लेकिन इसे दो पड़ोसी राज्यों के बीच संवाद और सौहार्द्र की दिशा में एक सकारात्मक कदम माना जा रहा है।

राजकीय श्रावणी मेला की तैयारियों को लेकर मंत्री ने की समीक्षा बैठक

## श्रद्धालुओं की सुविधा व सुरक्षा का समुचित प्रबंध सुनिश्चित करें : सुदिव्य



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**देवघर :** देवघर परिसदन सभागार में नगर विकास एवं आवास विभाग, उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग, पर्यटन, कला एवं संस्कृति, खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग के मंत्री सुदिव्य कुमार की अध्यक्षता में राजकीय श्रावणी मेला 2025 की तैयारियों को लेकर एक समीक्षा बैठक आयोजित की गई।

बैठक में देवघर उपायुक्त नमन प्रियेश लकड़ा एवं दुमका उपायुक्त अभिजीत सिन्हा ने विभागवार मेला क्षेत्र में किए जाने वाले कार्यों, श्रद्धालुओं की सुविधा, सुरक्षा एवं आधुनिक तकनीक के इस्तेमाल से संबंधित विभिन्न पहलुओं की जानकारी प्रेजेंटेशन के माध्यम से दी। बैठक के दौरान मंत्री ने बताया कि श्रावणी मेला 11 जुलाई से 09 अगस्त तक आयोजित किया जाएगा। इस अवधि में संपूर्ण मेला क्षेत्र में बेहतर तैयारियों के साथ श्रद्धालुओं की सुविधा व सुरक्षा का समुचित प्रबंध सुनिश्चित करना अत्यंत आवश्यक है, ताकि बाहर से आने वाले श्रद्धालु सुगमता व सुरक्षा के साथ जलार्पण कर सकें और संतोषजनक अनुभव के साथ वापस लौटें। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि मेला अवधि के दौरान (आउट ऑफ टर्न दर्शन) के तहत कोई भी वीआईपी या वीवीआईपी दर्शन की अनुमति नहीं दी जाएगी, जिससे आम श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो। मंत्री ने कहा कि यह झारखंड का सबसे बड़ा मेला है और यह हम सभी की जिम्मेदारी है कि श्रद्धालु बाबा बैद्यनाथ की नगरी से सुखद अनुभव लेकर लौटें। समीक्षा बैठक में विद्युत आपूर्ति, पथ निर्माण, नगर निगम, जनसम्पर्क, पेयजल व स्वच्छता, पर्यटन, स्वास्थ्य, भवन निर्माण और पुलिस विभागों द्वारा किए जाने वाले कार्यों की विस्तार से समीक्षा की गई।

**एक नजर**

## कैलाश मानसरोवर यात्रा का शुभारंभ पहला जत्था रवाना

**नयी दिल्ली :** कैलाश मानसरोवर यात्रा 2025 का पहला जत्था आज रवाना किया गया। विदेश राज्यमंत्री पबित्रा मार्गेरिटा ने जवाहरलाल नेहरू भवन में आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता की। उन्होंने यात्रियों को उनके चयन पर बधाई दी और सुखद व सुरक्षित यात्रा की शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर मंत्री ने केंद्र सरकार के विभिन्न मंत्रालयों और विभागों की भूमिका की सराहना की। इनमें रक्षा मंत्रालय, गृह मंत्रालय, भारत-तिब्बत सीमा पुलिस, दिल्ली, उत्तराखंड और सिक्किम राज्य सरकारें तथा राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केंद्र शामिल हैं। उन्होंने यात्रा के फिर से आरंभ होने में चीनी पक्ष के सहयोग के लिए भी आभार व्यक्त किया। उल्लेखनीय है कि कैलाश मानसरोवर यात्रा धार्मिक आस्था के साथ ही भारत-चीन सांस्कृतिक संबंधों का भी प्रतीक मानी जाती है। सरकार ने यात्रियों की सुविधा, सुरक्षा और संचार के लिए व्यापक प्रबंध किए हैं। कैलाश मानसरोवर यात्रा इस साल जून से अगस्त के बीच आयोजित की जा रही है। इस वर्ष कुल 15 जत्थों को रवाना किया जाएगा। इनमें उत्तराखंड राज्य से लिपुलेख दर्रे के माध्यम से 5 जत्थे और सिक्किम राज्य से नाथू ला दर्रे के माध्यम से 10 जत्थे शामिल हैं। प्रत्येक जत्थे में 50 यात्री होंगे। दोनों मार्ग अब पूर्णतः मोटरेबल हो चुके हैं। यात्रियों को पहले की तुलना में बहुत कम पैदल यात्रा करनी होगी। इससे वरिष्ठ नागरिकों और अन्य यात्रियों के लिए यात्रा पहले से अधिक सुलभ हो गई है। ऑनलाइन पंजीकरण के माध्यम से इस वर्ष कुल 5561 लोगों ने आवेदन किया। इनमें 4024 पुरुष और 1537 महिलाएं थीं।

## पश्चिम बंगाल : 22 रोहिंग्या गिरफ्तार, 10 वर्षों से पहचान छुपा कर भारत में रह रहे थे

एजेंसी



**कोलकाता :** म्यांमार से बांग्लादेश होते हुए भारत में दाखिल हुए 22 रोहिंग्या नागरिकों को पश्चिम बंगाल के उत्तर 24 परगना ज़िले के बसिरहाट उपमंडल के शायस्ता नगर इलाके से गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने इन्हें उस समय पकड़ा जब वे गुपचुप तरीके से सीमा पार कर बांग्लादेश लौटने की कोशिश कर रहे थे। शुक्रवार को सभी आरोपितों को अदालत में पेश किया गया। पुलिस और स्थानीय सूत्रों के अनुसार, शुक्रवार तड़के शायस्ता नगर एक नंबर ब्लॉक के लवंग इलाके में 22 संदिग्ध लोगों को घूमते देखा गया। स्थानीय निवासियों को उन पर शक हुआ और उन्होंने तुरंत पुलिस को सूचित किया। मौके पर पहुंची बादुड़िया थाना पुलिस ने सभी को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू की। जांच में कोई वैध दस्तावेज न मिलने पर पुलिस को संदेह हुआ। बाद में पूछताछ में उन्होंने माना कि वे बांग्लादेश लौटने की कोशिश कर रहे थे।

गिरफ्तार लोगों में पांच महिलाएं, चार पुरुष और 13 नाबालिग शामिल हैं। पूछताछ में आरोपितों ने बताया कि वे करीब 10 वर्ष पहले म्यांमार से बांग्लादेश के रास्ते अवैध रूप से भारत आए थे और उसके बाद हैदराबाद सहित देश के विभिन्न हिस्सों में रह रहे थे। इस दौरान उन्होंने नाम और पहचान छुपा रखी थी।

पुलिस को संदेह है कि हाल के वर्षों में भारत, पाकिस्तान और बांग्लादेश के बीच रिश्तों में आई तल्खी के चलते देश में रोहिंग्या घुसपैठियों के खिलाफ कार्रवाई तेज हुई है, जिससे बचने के लिए वे लोग बांग्लादेश वापस लौटने की फिराक में थे।

## हाई कोर्ट ने जेपीएससी पर लगाया एक लाख का जुर्माना

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता





**रांची :** असिस्टेंट प्रोफेसर पद के लिए अनुसूचित जनजाति (एसटी) उम्मीदवार की नियुक्ति के मामले में हाई कोर्ट की एकल पीठ के आदेश के खिलाफ दाखिल जेपीएससी की अपील (एलपीए) पर झारखंड हाई कोर्ट ने शुक्रवार को फैसला सुनाया है। हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस एमएस रामचंद्र राव की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने एकल पीठ के आदेश को बरकरार रखते हुए जेपीएससी की अपील खारिज कर उस पर एक लाख का जुर्माना लगाया है। बीते दिनों मामले में सभी पक्षों को की सुनवाई पूर्ण होने के बाद फैसला सुरक्षित रख लिया था। प्रतिवादी मनोज कुमार कच्छप की ओर से अधिवक्ता सब्यसाची तथा जेपीएससी की ओर से अधिवक्ता संजय पिपरवाल ने पैरवी की थी। हाई कोर्ट के जजमेंट के बाद जेपीएससी के अधिवक्ता ने बताया कि जल्द जेपीएससी इस जजमेंट को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती देगा। क्योंकि जेपीएससी की ओर से आयोजित प्रतियोगिता परीक्षा में सभी वर्गों को परीक्षा शुल्क जमा करना अनिवार्य है। आरक्षित वर्ग के अभ्यर्थियों को केवल परीक्षा फीस की राशि में छूट दी जाती है, ऐसा नहीं है कि उन्हें फीस जमा ही ना करना पड़े।

प्रतिवादी की ओर से जमा कराए गए परीक्षा फीस जेपीएससी के अकाउंट में तकनीकी कारणों से क्रेडिट नहीं हो सका था। इस पर हाई कोर्ट की एकल पीठ में उसके पक्ष में फैसला सुनाते हुए कहा था कि चुकी वह हाई कोर्ट के आदेश के आलोक में इंटरव्यू दे चुका है और वह उस परीक्षा में अधिकतम नंबर वाला भी रहा है, कई परीक्षाओं में एसटी के अभ्यर्थियों के लिए परीक्षा फीस भी नहीं लिया जाता है। ऐसे में उसे नियुक्ति प्रक्रिया में शामिल किया जाए। हाई कोर्ट की एकल पीठ ने मनोज कुमार कच्छप की रिट याचिका को स्वीकृत करते हुए जेपीएससी को निर्देश दिया था कि वह चार सप्ताह में प्रार्थी को नियुक्त करे। एकल पीठ के आदेश के खिलाफ जेपीएससी ने अपील दाखिल कर हाई कोर्ट की खंडपीठ में चुनौती दी थी। जुलाई 2018 में जेपीएससी ने नागपुरी भाषा के लिए एसटी उम्मीदवारों के लिए बैकलॉग वैकेंसी के तहत असिस्टेंट प्रोफेसर के चार पदों के लिए विज्ञापन संख्या 5/2018 निकला था। इसके बाद दस्तावेजों की जांच में प्रार्थी को 85 मार्क्स में से 72.10 मार्क्स दिया गया था।

लेकिन इंटरव्यू लिस्ट जारी होने पर मनोज कुमार कच्छप का नाम उसमें नहीं आया था। इसके बाद उनकी ओर से हाई कोर्ट में याचिका दाखिल की गई थी। कोर्ट ने मनोज कुमार कच्छप को इंटरव्यू में शामिल कराने का निर्देश जेपीएससी को दिया था। साथ ही कहा था कि इनका रिजल्ट इस याचिका के अंतिम आदेश से प्रभावित होगा। इसके बाद प्रार्थी को इंटरव्यू में शामिल कराया गया था, जेपीएससी ने 23 दिसंबर, 2021 को रिजल्ट जारी किया लेकिन कोर्ट के आदेश के आलोक में एक पद पर रिजल्ट को रोक दिया था।

## ईरान और इजराइल के बीच छिड़ी जंग, इजराइली पीएम नेतन्याहू बोले- हम युद्ध के लिए तैयार

एजेंसी



**यरूशलेम :** ईरान और इजराइल के बीच सैन्य टकराव शुरू हो गया है। दोनों देशों ने एक-दूसरे पर हमले किए हैं, जिससे इलाके में युद्ध जैसे हालात बन गए हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, इजराइल ने बीते दिनों ईरान की राजधानी तेहरान और उसके आसपास के इलाकों में हवाई हमले किए। बताया जा रहा है कि इस हमले में ईरान के कई सैन्य ठिकानों को निशाना बनाया गया। रिपोर्ट्स में यह भी दावा किया जा रहा है कि ईरान के सेना प्रमुख (चीफ ऑफ स्टाफ) और न्यूक्लियर न्यूक्लियर साइंटिस्ट समेत कई प्रमुख अधिकारियों की मौत हो गई। इजराइल की वायुसेना ने इस हमले को अंजाम दिया। हमले के बाद ईरान के कई हवाई अड्डों पर उड़ानें रोक दी गईं और पूरे देश में हाई अलर्ट घोषित कर दिया गया।

### ईरान ने दिया करारा जवाब

इजराइल के हमले के बाद ईरान ने भी पलटवार करते हुए 100 से अधिक ड्रोन इजराइल की ओर भेजे। इन ड्रोन हमलों से इजराइल के कई हिस्सों में खतरा बढ़ गया है। ईरान ने इसे अपनी आत्मरक्षा बताया है और कहा है कि वह अपनी सीमाओं की रक्षा के लिए हर कदम उठाएगा। ईरानी विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने यूएन को पत्र लिखा, कहा - इजरायली हमला 'युद्ध की घोषणा' है। ईरान ने अंतरराष्ट्रीय समुदाय से इस मामले में दखल देने की अपील की है।

### इजराइली प्रधानमंत्री का बड़ा बयान

इजराइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने भी इस गंभीर स्थिति पर बयान दिया है। उन्होंने कहा,'हम ईरान के साथ पूर्ण युद्ध के लिए पूरी तरह तैयार हैं। यदि हमारे देश की सुरक्षा खतरे में आती है, तो हम पीछे नहीं हटेंगे।' इजराइल के रक्षा मंत्री ने भी पुष्टि की है कि उनके फाइटर जेट्स ने ईरान में रणनीतिक ठिकानों पर हमला किया है।

### इजराइल में इमरजेंसी घोषित

बढ़ते खतरे को देखते हुए इजराइल ने राष्ट्रीय आपातकाल (इमरजेंसी) घोषित कर दी है। देश की सुरक्षा एजेंसियों को पूरी तरह सतर्क कर दिया गया है। नागरिकों को अलर्ट रहने की सलाह दी गई है।

## बिहार सरकार की निविदा में अनियमितता से जुड़े मामले में ईडी की कई राज्यों में छापेमारी

एजेंसी

**नयी दिल्ली :** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने बिहार में राज्य सरकार की निविदा में अनियमितताओं की शिकायत पर धन शोधन मामले की जांच के सिलसिले में कई राज्यों में छापेमारी की। इस दौरान कई आपत्तिजनक साक्ष्य और दस्तावेज जब्त किए गए हैं।

ईडी के मुताबिक पटना के ठेकेदार रिशु श्री के मामले में 12 जून को पटना, मुजफ्फरपुर (बिहार), सूरत (गुजरात) और पानीपत (हरियाणा) स्थित 09 ठिकानों पर छापेमारी की गई। ईडी ने कहा कि छापेमारी के दौरान कई आपत्तिजनक साक्ष्य और दस्तावेज जब्त किए गए हैं। धन शोधन का ये मामला बिहार सरकार की विशेष सतर्कता इकाई (सीवीयू) की ओर से रिशु श्री और अन्य के खिलाफ दर्ज की गई प्राथमिकी से संबद्ध है। केंद्रीय जांच एजेंसी ने कहा कि इस ठेकेदार की कंपनियां बिहार सरकार के कई विभागों जैसे जल संसाधन, स्वास्थ्य, जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी, शहरी विकास, बिहार शहरी आधारभूत संरचना विकास निगम, शिक्षा, भवन एवं निर्माण और ग्रामीण कार्य विभाग में अनुबंध और उप-अनुबंध हासिल करती हैं। ईडी ने मार्च में इस मामले में कुछ सरकारी अधिकारियों के खिलाफ इसी तरह की छापेमारी करके 11.64 करोड़ रुपये जब्त किए थे।

# टीपीसी के एरिया कमांडर सहित पांच गिरफ्तार

प्रत्युष नवबिहार बड़कागांव



**हजारीबाग :** पुलिस ने एक बड़ी सफलता हासिल करते हुए तरहेसा जंगल के घाटगोसाई इलाके से शुक्रवार को प्रशांतजी उर्फ अवधेश सिंह समेत पांच उग्रवादियों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से एक अमेरिकी एआर-15 एम-4 कार्बाइन राइफल समेत भारी मात्रा में हथियार और गोला-बारूद बरामद किया गया है। यह जानकारी पुलिस अधीक्षक अंजनी अंजन ने शुक्रवार को प्रेस वार्ता कर पत्रकारों को दी। चार अन्य उग्रवादियों के नाम आदित्य गंझू, देवेन गंझू, धरम गंझू और रूपलाल गंझू शामिल हैं। 12 जून की रात को एसपी को सूचना मिली थी कि टीपीसी के सात-आठ उग्रवादी बड़ी घटना की फिराक में हैं। सूचना मिलते ही एसपी ने तकनीकी शाखा के सहयोग से एक विशेष पुलिस टीम गठित की। सशस्त्र बलों के साथ मिलकर इलाके में सघन सर्च अभियान चलाया गया। इसमें पांच उग्रवादी गिरफ्तार किए गए। इनके पास से एक अमेरिकी कार्बाइन राइफल, एक मैगजीन, एक देशी पिस्टल (7.62 मिमी), तीन देशी कट्टा, 28 जिंदा कारतूस, नौ मोबाइल, टीपीसी के 10 पर्चे, एक मैगजीन पाउच और एक चितकबरा रंग का पिठू बैग बरामद किया गया है। प्रशांत जी पर पहले से हत्या, फायरिंग, फिरौती और सीएलए एक्ट के तहत कई गंभीर मामले दर्ज हैं। एक जून को केरेडारी थाना क्षेत्र में बीजीआर माइनिंग कंपनी के दो वाहनों को जलाकर उड़ाने की घटना में भी इनकी संलिप्तता सामने आई है। उस घटना के बाद एसआईटी का गठन किया गया था। पुलिस की इस कार्रवाई से बड़कागांव अनुमंडल क्षेत्र में संभावित बड़ी उग्रवादी घटना टल गई।

## एक नजर

### रथयात्रा को लेकर पंचायत प्रतिनिधियों संग हुई बैठक, पोस्टर हुआ जारी



**चौपारण :** प्रखंड क्षेत्र में आगामी रथयात्रा महोत्सव को लेकर तैयारियां तेज हो गई हैं। इसी कड़ी में रथयात्रा के आयोजकों ने पंचायत प्रतिनिधियों के साथ एक विशेष बैठक का आयोजन किया। बैठक के दौरान आयोजन समिति द्वारा रथयात्रा से संबंधित पोस्टर का भी विधिवत विमोचन किया गया। बैठक में रथयात्रा को भव्य और शांतिपूर्ण रूप से संपन्न कराने को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। कार्यक्रम में चौपारण के बीडीओ और सीओ को आमंत्रण पत्र भी सौंपा गया। इसके साथ ही सहिया दीदियों के साथ भी एक अलग बैठक की गई। जिसमें उनकी भूमिका और सहयोग पर चर्चा हुई। आयोजन समिति की ओर से जानकारी देते हुए संजय सिंह, राजदेव यादव, अभिषेक सिंह, बिनोद सिंह आदि ने बताया कि रथयात्रा को सफल बनाने के लिए सभी वर्गों से सहयोग लिया जा रहा है। इस बार की रथयात्रा में अधिक संख्या में श्रद्धालुओं की भागीदारी की उम्मीद जताई गई है।

### आम का सूखा पेड़ दे रहा खतरे को न्यौता



**बड़कागांव :** बड़कागांव ब्लॉक मोड़ के पास आम का सूखा पेड़ दे रहा है खतरे को न्यौता, कभी भी अचानक तेज हवाओं के चलने से आम का सूखा पेड़ टूट कर सड़क पर गिर सकती है और पेड़ के नीचे संचालित दुकानों को और राहगीरों को कभी भी क्षति पहुंचा सकती है। दुकानदारों एवं ग्रामीणों ने कहा कि जल्द से जल्द इस पेड़ को हटाना अति आवश्यक है नहीं तो कभी भी सूखा पेड़ टूट कर गिर सकती है एवं किसी को भी जान माल की नुकसान पहुंच सकती है। साथ ही ग्रामीणों ने अंचल अधिकारी एवं वन विभाग से जल्द से जल्द सूखे पेड़ हटाने की अपील की है। बता दें कि इस सूखे पेड़ के नीचे से प्रत्येक दिन बड़कागांव प्रखंड कार्यालय सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण, अंचलाधिकारी एवं वन विभाग के अधिकारी आते जाते हैं।

### अवैध हथियार तस्करी के आरोप में दो पकड़े गए

**हजारीबाग :** हजारीबाग पुलिस ने अवैध हथियारों की तस्करी के एक गिरोह का खुलासा किया है। पुलिस ने बड़ा बाजार ओपी क्षेत्र के चिश्तिया मोहल्ला में छापेमारी कर दो तस्करों को गिरफ्तार किया है। एसपी अंजनी अंजन ने बताया कि पुलिस ने मुख्य अभियुक्त मोहम्मद अशरफ खान उर्फ बिट्टू और मोहम्मद आरिफ खान उर्फ शेरु को गिरफ्तार किया है। अशरफ जैन मंदिर गली का रहने वाला है। उसके पास से जिंदा गोली मिली है। पूछताछ में पता चला कि वह रामगढ़ निवासी मोहम्मद आरिफ खान उर्फ शेरु को हथियार सप्लाई करता था। शेरु श्रीवास्तव ग्रुप से जुड़ा हुआ है। अशरफ की निशानदेही पर झाड़ियों से एक झोला बरामद हुआ। इसमें देशी पिस्टल और उसके पुर्जे थे। पुलिस ने शेरु के रामगढ़ स्थित गोलपार आवास पर भी छापा मारा। वहां से एक लाख 40 हजार रुपए नगद और एक डायरी मिली। डायरी में श्रीवास्तव ग्रुप का लेन-देन और बैंक खातों की जानकारी थी। दोनों तस्करों से 3 एंड्रॉयड मोबाइल फोन, 2 जिंदा गोली, 2 ट्रिगर, 4 पिस्टल मैगजीन, 2 पिस्टल बॉडी और हथियार बनाने के उपकरण बरामद हुए हैं। बैंक की रसीदें भी मिली हैं। पुलिस गिरोह के अन्य सदस्यों और नेटवर्क की जांच कर रही है।

## एनटीपीसी आईटीआई के 08 प्रशिक्षुओं का नौकरी से पूर्व प्रशिक्षण के लिए जेबीएम कंपनी में चयन



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बड़कागांव :** मैती में जेबीएम ग्रुप के द्वारा ऑनलाइन साक्षात्कार का आयोजन किया गया जिसमें 8 प्रशिक्षुआ का चयन किया गया और चयन किए गए प्रशिक्षुओं को दिनांक 13 जून को जेबीएम कंपनी के लिए रवाना किया गया। बड़कागांव एनटीपीसी पकरी बरवाडीह कोयला खनन परियोजना के तत्वाधान से संचालित एनटीपीसी मैती आईटीआई बड़कागांव के 08 प्रशिक्षुओं का नौकरी से पूर्व प्रशिक्षण के लिए चयनित जेबीएम ग्रुप कम्पनी में किया गया। जिसकी वजीफा प्रतिमाह 13000/- रुपए है। एनसीभीटी के गाईडलाइंस के अनुसार प्रशिक्षण के दौरान तीन महीने के लिए किसी भी कम्पनी में ऑन जॉब प्रशिक्षण प्राप्त करना अनिवार्य है। इस उपलब्धि की सराहना एवं छात्रों के मनोबल एवं आत्मविश्वास के बढ़ाने के लिए आईटीआई के प्राचार्य मिथिलेश कुमार उपाध्याय एवं एनटीपीसी के आरएंडआर विभाग के अधिकारी देवेन दत्ता ने छात्रों के उज्जवल भविष्य कि शुभकामनाएं दी एवं छात्रों के यात्रा के दौरान शुभ एवं सफल मंगलमय यात्रा की शुभकामनाएं दी। उक्त आशय की जानकारी एनटीपीसी आईटीआई के प्लेसमेंट इंचार्ज मो०इरफान अंसारी ने दिया।

## विधायक ने बड़कागांव प्रखंड सह अंचल कार्यालय का किया निरीक्षण

प्रत्युष नवबिहार बड़कागांव



**बड़कागांव :** विधायक रोशनलाल चौधरी ने बड़कागांव अंचल सह प्रखंड कार्यालय का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण में घूम ही रहे थे कि ब्लॉक में आए सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण अपनी समस्या विधायक को सुनाने लगे। और यह निरीक्षण कार्यक्रम जनता दरबार में तब्दील हो गया। तत्पश्चात सभी ग्रामीणों ने एक-एक कर अपनी समस्या को विधायक के समक्ष रखा जिस पर सबसे ज्यादा समस्या अंचल कार्यालय का ही था। कई कार्यो का तो निष्पादन विधायक में ऑन द स्पॉट कर दिया और कई कार्यों के लिए संबंधित अधिकारियों को जल्द से जल्द करने का निर्देश दिया है। मौके पर विधायक और रोशन लाल चौधरी ने अंचलाधिकारी मनोज कुमार पर गुस्सा होते हुए कड़े शब्दों के साथ फटकार लगाया तत्पश्चात उन्होंने कहा कि अंचल कार्यालय का ही ग्रामीणों के पास शिकायतें क्यों रहता है क्यों आप ग्रामीणों को परेशान करते हैं जो सही काम है उसे क्यों पूरा नहीं करते हैं। आगे विधायक रोशन लाल चौधरी ने अंचलाधिकारी मनोज कुमार को म्यूटेशन, भूमि प्रतिवेदन, ऑनलाइन रशीद,आय प्रमाण पत्र, संबंधित विषयों पर अंचल अधिकारी मनोज कुमार को स्पष्ट निर्देश दिया है कि अपने कार्यों में तेजी लाएं। अनावश्यक रूप से जनता को परेशान ना करें जनता सर्वोपरि है। और जनता के चुने हुए जनप्रतिनिधि मैं हूं और जनता के हक अधिकार उनके कार्यों के लिए मैं किसी भी हद तक गुजर जाऊंगा। आगे उन्होंने कहां की ब्लॉक से ही पूरे प्रखंड का सारा कार्य होता है इसलिए सभी ब्लॉक के सभी कर्मी अपने कामों में तेजी लाएंगे और ग्रामीणों को किसी भी प्रकार की कोई असुविधा न हो उसका ख्याल रखें ग्रामीणों को किसी भी प्रकार की कोई असुविधा अगर होती है।

## डुमरी गांव में सरकारी जमीन पर अतिक्रमण, तनाव का माहौल



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**चौपारण :** प्रखंड क्षेत्र के बच्छई पंचायत अंतर्गत ग्राम डुमरी में खाता संख्या-75, प्लॉट संख्या-626 रकबा 2 एकड़ 80 डिसमिल गैर मजरूआ सरकारी रोड एवं भूमि पर अतिक्रमण को लेकर ग्रामीणों में आक्रोश है। ग्रामीणों ने इस संबंध में अंचलाधिकारी को लिखित आवेदन देकर कार्रवाई की मांग की है। ग्रामीणों के अनुसार उक्त भूमि जो प्रकाश साव के घर से लेकर सोबरन सिंह के घर तक फैली हुई है, उसपर लगभग 30-40 लोगों ने अवैध रूप से अतिक्रमण कर लिया है। आरोप है कि कई स्थानों पर रोड पर ही घर और गोहाल बना लिए गए हैं। वहीं कुछ लोगों द्वारा सरकारी नाली में मिट्टी भरकर उसे सड़क के बराबर कर दिया गया है। लखन साव पिता स्व. देवकी साव पर आरोप है कि उन्होंने पानी के बहाव को अवरुद्ध कर नाली में डस्ट भर दिया है। साथ ही संजय साव पिता जगदीश साव द्वारा सरकार से प्राप्त पशु शेड का निर्माण भी रोड पर कर दिया गया है। ग्रामीणों का कहना है कि अतिक्रमण को लेकर गांव में भारी तनाव उत्पन्न हो गया है और आपसी रंजिश के कारण कभी भी कोई बड़ी अप्रिय घटना हो सकती है। स्थिति इतनी गंभीर है कि खून-खराबे की आशंका जताई जा रही है। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि जल्द से जल्द सरकारी जमीन और सड़क को अतिक्रमण से मुक्त कराया जाए, ताकि गांव में शांति व्यवस्था बनी रहे। ग्रामीणों ने कहा है कि यदि समय रहते प्रशासन ने कदम नहीं उठाया, तो स्थिति और गंभीर हो सकती है।

## एनटीपीसी के द्वारा अंचल सह कार्यालय में पानी पीने के लिए सुधार कर लिया गया है

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**केरेडारी :** केरेडारी प्रखण्ड एनटीपीसी केरेडारी कॉल खनन परियोजना के सौजन्य से प्याऊ की व्यवस्था पूर्ण रूप से प्यास बुझाने के लिए किया गया केरेडारी प्रखंड सह अंचल कार्यालय एनटीपीसी अपना बैनर तले दो घड़ा रखा गया है जो 9 बजे से लेकर शाम 5 बजे तक दोनो घड़ा में पानी एनटीपीसी केरेडारी कॉल खनन परियोजना के तहत दिया गया है पानी का टेंडर जो ठिकेदार लिया है आज सुबह से दोनों घड़ा में पानी लबालब हमेशा भरा नजर आ रहा है प्रखंड विकास पदाधिकारी विवेक कुमार के द्वारा निर्देश दिया गया कि पानी कभी भी घड़ा में कम नहीं होना चाहिए क्योंकि अभी का इतनी तेजी धूप और लहर इतनी तेजी है कि लोगों की हर एक मिनट में पानी की आवश्यकता पड़ेगा और केरेडारी अंचल कार्यालय में हजारों ग्रामीण आते जाते हैं। और अपना बैनर एनटीपीसी केरेडारी कॉल परियोजना के नाम से लगा रखा है सूत्रों के अनुसार बताया गया कि जब से एनटीपीसी के द्वारा जो भी पानी भरने का ठिकेदार टेंडर लिया है वह ठिकेदार अब सुधार करके दोनों घड़ा में पानी उपलब्ध सुबह 9:00 बजे से शाम 5:00 बजे तक रहता है और घड़ा भी साफ सुथरा नजर आ रहा है और ठीकेदार पानी का टेंडर वह ठिकेदार का आज से पूर्ण पानी भी दे रहा है।

## चिन्मय विद्यालय में छः दिवसीय ज्ञाण-यज्ञ का हुआ शुभारंभ

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**बोकारो :** चिन्मय विद्यालय बोकारो के तपोवन सभागार में चिन्मय मिशन बोकारो के तत्वाधान में 6 दिवसीय ज्ञान-यज्ञ की शुरूआत हुई , जिसके आचार्य चिन्मय मिशन के वरीय आचार्य स्वामी अद्वैतानंद सरस्वती हैं। स्वामी जी अयोध्या कांड के विशेष प्रसंग पर अपना वस्तुनिष्ठ एवं वैज्ञानिक विश्लेषण प्रस्तुत करेंगे जो आज के व्यक्ति समाज एवं राष्ट्र के लिए अत्यंत उपयोगी है। पूर्ण कुंभ एवं तिलक मिश्री से हुआ स्वागत प्रवचन स्थल पर पहुंचने वाले सभी गणमान्य अतिथियों को तिलक मिश्री अर्पित कर स्वागत किया गया तथा परम पूज्य स्वामी जी का स्वागत पूर्ण कुंभ दर्शन एवं वैदिक मंत्र उच्चारण के साथ किया गया। स्वामी जी की आगमन पर विद्यालय के नौनिहालों ने श्रीमद् भगवद् गीता के पुरुषोत्तम योग का संवेत पाठ किया। इसके पश्चात सभी गणमान्य अतिथियों को पुष्प कुछ भेंट कर स्वागत किया गया।

परंपरा अनुसार ज्ञान-यज्ञ की शुरूआत मुख्य अतिथि बी.के तिवारी, प्रभारी निदेशक, बोकारो इस्पात संयंत्र के साथ राजश्री बनर्जी अधिशासी निदेशक मानव संसाधन विभाग बोकारो इस्पात संयंत्र एवं अन्य गणमान्य अतिथियो ने दीप जलाकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। हरिहर राउत सचिव चिन्मय मिशन बोकारो ने श्रोता सहित सभी उपस्थित अतिथियो का स्वागत किया । मुख्य अतिथि बी.के तिवारी ने अपने संबोधन में कहा कि श्री राम और श्री कृष्ण के चरित्र ही तो हमारे राष्ट्र की संस्कृति के आधार हैं। अयोध्या कांड के प्रसंग तो आज के तनावपूर्ण जीवन में काफी उपयोगी है। अयोध्या कांड से ही हमें प्रेरणा मिलती है कि कभी-कभी अप्रिय निर्णय लेना समाज, राष्ट्र एवं व्यक्ति के हित के लिए काफी उपयोगी होता है। उन्होंने कहा कि केकई श्री राम को कौशल्या से अधिक स्नेह करती थी। अपने पुत्र भरत से अधिक प्रेम श्री राम से करती थी । लेकिन उनका एक निर्णय कि श्रीराम को 14 वर्ष का वनवास एवं भरत को राजगद्दी। उन्हें जीवन भर के लिए कलंकिनी बना दिया। उन्होंने शंकर की तरह इस विष का पान किया। परंतु श्री राम के 14 वर्ष का वनवास ही उनके मयार्दा पुरुषोत्तम रूप को निखारा। प्रेम,त्याग,तपस्या का चर्मोत्कर्ष ही अयोध्या कांड है। श्री गणेश एवं गुरु परंपरा का स्मरण करते हुए पूज्य स्वामी अद्वैतानंद जी ने आज के प्रवचन की शुरूआत की । उन्होंने कहा कि त्याग से बड़ा कोई अमृत तत्व नहीं है। इसका सुंदर मूर्त रूप यदि कहीं देखना हो तो वह है श्री रामचरितमानस का अयोध्या कांड। इसमें भगवान श्री राम पिता के वचन पालन के लिए राज का त्याग कर 14 वर्ष के कठिन वनवासी जीवन का व्रत लेते हैं और वन के कांटों भरे पथ पर विचरण करने के लिए अयोध्या का त्याग करते हैं। जनक नंदनी राजकुमारी सीता पातिव्रत्य धर्म की उच्च प्रतिष्ठा को स्थापित करती हुई राज-सुख का त्याग कर अपने पति की अनुगामिनी बनती है। लक्ष्मण जी अपने भाई एवं आराध्य की सेवा के लिए राजमहल का त्याग करते हैं और धर्मात्मा भरत धर्म कि प्रतिष्ठा के लिए राज सिंहासन पर साक्षात धर्म-स्वरुप अपने बड़े भाई का अधिकार है इस धर्म कि प्रतिष्ठा के लिए सिंहासन का त्याग कर 14 वर्ष तक नंदीग्राम में तपस्वी जीवन जीते हैं । आज के लोभ मोह ईष्या, द्वेश एंव कटुता भरे संसार में त्याग, बलिदान, प्रेम, आदर्श भातृत्व प्रेम, मातृ-पितृ भक्ति एवं तपस्या का अनुपम उदाहरण प्रस्तुत करने के लिए अयोध्या कांड का अनुशीलन अति आवश्यक है । सम्मानित किए गए मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथि मुख्य अतिथि के उद्बोधन के बाद परमपूज्य स्वामी अद्वैतानंद सरस्वती महाराज ने मुख्य अतिथि श्री बी के तिवारी एवं श्रीमती अनिता तिवारी, विशिष्ट अतिथि श्रीमती राजाश्री बनर्जी को समृति चिन्ह अपने करकमलों से भेट कर सम्मानित किया। चिन्मय मिशन बोकारो की आवासीय आचार्या स्वामिनी संयुक्तानंद सरस्वती, विद्यालय अध्यक्ष बिश्वरूप मुखोपाध्याय, सचिव महेश त्रिपाठी, कोषाध्यक्ष आर एन मल्लिक, प्राचार्य सूरज शर्मा उप-प्राचार्य नरमेन्द्र कुमार एवं हेडमास्टर गोपाल चंद्र मुंशी सहित विद्यालय के सभी शिक्षक, कर्मचारी, छात्र, पूर्व छात्र, अभिभावक व अन्य उपस्थित थे।

## संक्षिप्त खबरें

### जिला भू अर्जन पदाधिकारी निर्भय कुमार ने अंचल का किया निरीक्षण



**बड़कागांव :** हजारीबाग जिला भू अर्जन पदाधिकारी निर्भय कुमार ने बड़कागांव अंचल का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने सीओ मनोज कुमार से प्रखंड में भू अर्जन से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां प्राप्त की और अंचल निरीक्षक ,लिपिक एवं कर्मचारीओं को भू अर्जन से संबंधित सभी कार्य को शीघ्र निष्पादन करने का भी निर्देश दिया है, तथा कार्य में तत्परता लाने को कहा गया है। तत्पश्चात जिला भू अर्जन पदाधिकारी ने प्रखंड विकास पदाधिकारी जितेंद्र कुमार मंडल से औपचारिक मुलाकात की।मौके पर उपस्थित लोगों में मुख्य रूप से अंचलाधिकारी मनोज कुमार, प्रखंड विकास पदाधिकारी जितेंद्र कुमार मंडल के अलावा निशीकांत ओझा, बड़कागांव अंचल के अंचल निरीक्षक, लिपिक के अलावा अंचल के कर्मी शामिल थे।

### डुमरी गांव में सरकारी जमीन पर अतिक्रमण, तनाव का माहौल



**चौपारण :** प्रखंड क्षेत्र के बच्छई पंचायत अंतर्गत ग्राम डुमरी में खाता संख्या-75, प्लॉट संख्या-626 रकबा 2 एकड़ 80 डिसमिल गैर मजरूआ सरकारी रोड एवं भूमि पर अतिक्रमण को लेकर ग्रामीणों में आक्रोश है। ग्रामीणों ने इस संबंध में अंचलाधिकारी को लिखित आवेदन देकर कार्रवाई की मांग की है। ग्रामीणों के अनुसार उक्त भूमि जो प्रकाश साव के घर से लेकर सोबरन सिंह के घर तक फैली हुई है, उसपर लगभग 30-40 लोगों ने अवैध रूप से अतिक्रमण कर लिया है। आरोप है कि कई स्थानों पर रोड पर ही घर और गोहाल बना लिए गए हैं। वहीं कुछ लोगों द्वारा सरकारी नाली में मिट्टी भरकर उसे सड़क के बराबर कर दिया गया है। लखन साव पिता स्व. देवकी साव पर आरोप है कि उन्होंने पानी के बहाव को अवरुद्ध कर नाली में डस्ट भर दिया है। साथ ही संजय साव पिता जगदीश साव द्वारा सरकार से प्राप्त पशु शेड का निर्माण भी रोड पर कर दिया गया है। ग्रामीणों का कहना है कि अतिक्रमण को लेकर गांव में भारी तनाव उत्पन्न हो गया है और आपसी रंजिश के कारण कभी भी कोई बड़ी अप्रिय घटना हो सकती है। स्थिति इतनी गंभीर है कि खून-खराबे की आशंका जताई जा रही है। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि जल्द से जल्द सरकारी जमीन और सड़क को अतिक्रमण से मुक्त कराया जाए, ताकि गांव में शांति व्यवस्था बनी रहे। ग्रामीणों ने कहा है कि यदि समय रहते प्रशासन ने कदम नहीं उठाया, तो स्थिति और गंभीर हो सकती है।

### मानव संसाधन के ज्ञानार्जन एवं विकास विभाग में गैस सुरक्षा पर जागरूकता कार्यक्रम का हुआ आयोजन



**बोकारो :** शुक्रवार को मानव संसाधन के ज्ञानार्जन एवं विकास विभाग के मेन ऑडिटोरियम में गैस सुरक्षा पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन संयंत्र के विभिन्न विभागों के कुल 55 अधिकारी, कर्मचारीगण तथा निविदा कर्मियों के लिए सुरक्षा अभियंत्रण विभाग तथा ऊर्जा प्रबंधन विभाग के सहयोग से आयोजित किया गया। कार्यक्रम मे सुरक्षा विभाग से महाप्रबंधक विकास गुप्ता, सहायक महाप्रबंधक सुखदेव महतो, तथा ऊर्जा प्रबंधन विभाग से सहायक प्रबंधक सुशील कुमार साल्वी उपस्थित थे। सुरक्षा विभाग से महाप्रबंधक विकास गुप्ता ने सभी प्रतिभागियों का स्वागत किया तथा प्रतिभागियो को सुरक्षा शपथ दिलाई। तत्पश्चात गैस सुरक्षा पर जागरूकता कार्यक्रम के संबंध में विस्तृत जानकारी के साथ कार्यक्रम की आवश्यकता एवं उपयोगिता पर प्रकाश डाला तथा स्टील प्लांट के लिए गैस के सुरक्षित उपयोग के महत्व के बारे में बताया एवं सभी प्रतिभागियो से इस कार्यक्रम से अधिकाधिक लाभ उठाने की अपील की। ऊर्जा प्रबंधन विभाग के सहायक प्रबंधक सुशील कुमार साल्वी ने एक प्रस्तुतीकरण के माध्यम से प्रतिभागियों को गैस सुरक्षा से संबन्धित विस्तृत जानकारी दी। कार्यक्रम के आयोजन में ज्ञानार्जन एवं विकास विभाग का महत्वपूर्ण योगदान था।

### मनुष्य का सबसे बड़ा कर्तव्य दूसरों की जान बचाना है : वंदना भारती



**खूंटी :** समाहरणालय स्थित सभागार में नौ बटालियन एनडीआरएफ, गृह मंत्रालय भारत सरकार की ओर से सड़क दुर्घटना, बाढ़, हार्ट अटैक, सर्पदंश सहित अन्य आपदा की स्थिति में क्या करें और क्या न करें, इस विषय पर शुक्रवार को कर्रा प्रखंड स्थित सभागार में प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रशिक्षण का उद्देश्य प्रखंड के लोगों को आपातकालीन परिस्थितियों में त्वरित और प्रभावी प्रतिक्रिया देने के लिए तैयार करना था। प्रशिक्षण में एनडीआरएफ की टीम ने विभिन्न प्रकार की दुर्घटनाओं और आपदाओं के दौरान क्या कदम उठाने चाहिए, इस पर विस्तार से जानकारी दी। प्रशिक्षण में बताया गया कि किस प्रकार एनडीआरएफ की टीम विभिन्न स्तरों पर काम करती है और आपात स्थिति में प्रभावी सहायता प्रदान करती है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कर्रा की अंचला अधिकारी वंदना भारती ने कहा कि मनुष्य का सबसे बड़ा कर्तव्य दूसरों की जान बचाना है। उन्होंने कहा कि सड़क दुर्घटना और सर्प दंश की स्थिति में हमें घायल या पीड़ित व्यक्ति की सहायता जरूर करनी चाहिए। उन?होंने कहा कि जहरीला सांप काटने पर किसी झाड़फूंक करनेवाले के चक्कर में नहीं पड़ें और पीड़ित व्यक्ति को नदजीकी अस्पताल ले जाएं। आजकल सभी अस्पतालों में एंटीवेनम का इंजेक्शन नि:शुल्क उपलब्ध है।तोरपा अंचल के पुलिस निरीक्षक अशोक कुमार सिंह ने कहा कि सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्ति को अस्पताल पहुचाने वाले को पुलिस कभी परेशान नहीं करेगी, बल्कि, सरकार उसे नकद पुरस्कार और प्रशस्ति पत्र देती है। प्रशिक्षण सत्र का संचालन करते हुए सब इंस्पेक्टर, एनडीआरएफ, रांची गोपाल कुमार ने बताया कि सड़क या ट्रेन दुर्घटना जैसी परिस्थितियों में सबसे पहला कदम दुर्घटनाग्रस्त व्यक्ति की खून के बहाव को रोकना है। खून के बहाव को रोकने के लिए कई प्रकार की सही तकनीक की जानकारी दी गई। इसके अलावा किसी भी आपात स्थिति में स्वास्थ्य सहायता के लिए 108 एम्बुलेंस को कॉल करने को कहा गया।

## एक नजर

### राज्यपाल से मिले सिटी और ग्रामीण एसपी

रांची : राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार से शुक्रवार को रांची के सिटी एसपी अजीत कुमार और ग्रामीण एसपी प्रवीण पुष्कर ने राज भवन में शिष्टाचार भेंट की। भेंट के क्रम में, राज्यपाल ने जिले में विधि-व्यवस्था की स्थिति पर चर्चा करते हुए दोनों पदाधिकारियों को कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ एवं प्रभावी बनाए रखने के लिए निदेशित किया।

### विमान हादसे में बचना चाहिए राजनीतिक बयानबाजी से : दिलीप

रांची : वरिष्ठ सामाजिक कार्यकर्ता दिलीप मिश्रा ने कहा कि लोगों को विमान हादसे को लेकर राजनीति बयानबाजी से बचना चाहिए। उन्होंने कहा कि पूरा देश शोक की लहर में डूबा हुआ है। ऐसे में कुछ राजनीति दल जिस तरह के बयान दे रहे हैं जो गलत है। मिश्रा शुक्रवार को प्रोजेक्ट भवन के बाहर मीडिया से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि हादसा कभी भी हो सकता है। भविष्य की अनहोनी को कोई नहीं जान सकता है। ऐसे में अहमदाबाद विमान हादसे को लेकर यह कह देना कि इसके लिए सरकार जिम्मेवार है। ऐसे बयानों से बचना चाहिए। किसी भी विमान के टेक ऑफ से पहले विमानपत्तन प्राधिकरण की ओर से कई स्तर पर आंतरिक और बाह्य तकनिकी जांच की जाती है। सबकुछ ठीक ठाक रहने के बाद ही विमान को टेक ऑफ की अनुमति दी जाती है। उन्होंने कहा कि किसी ने सोचा भी नहीं होगा कि इतनी हृदय विदारक घटना घट जाएगी। दिलीप मिश्रा ने विमान हादसे में मारे गए लोगों के प्रति गहरी संवेदना प्रकट की है।

### हाई कोर्ट में आलमगीर आलम की जमानत याचिका पर हुई सुनवाई

रांची : पूर्व मंत्री आलमगीर आलम टेंडर घोटालें और मनी लॉन्ड्रिंग के आरोप में जेल में बंद हैं। आज शुक्रवार 13 जून को उनकी जमानत याचिका पर हाईकोर्ट में सुनवाई हुई। न्यायाधीश जस्टिस सुजीत नारायण प्रसाद की कोर्ट में सुनवाई के दौरान आलमगीर आलम की ओर से बहस पूरी कर ली गई। इसके बाद अब अगली सुनवाई अगली शुक्रवार यानी 20 जून को होगी। इस दिन मामले को लेकर एऊबहस करेगी। बता दें कि रांची ढटछअ की विशेष कोर्ट ने उन्हें जमानत देने से पहले ही इनकार कर दिया था। इसके बाद उन्होंने जमानत की गुहार हाईकोर्ट में लगाई।

### सुरक्षा में घोर लापरवाही से हुआ विमान हादसा : नायक

रांची : अहमदाबाद में हुआ विमान हादसा विमानन सुरक्षा में घोर लापरवाही की वजह से हुआ। विमान के दुर्घटनाग्रस्त होने से 241 लोगों की असमय मौत हो गई। यह हादसा केंद्र सरकार की संकट प्रबंधन की विफलता का प्रतीक है। यह बातें आदिवासी मूलवासी जनाधिकार मंच के केंद्रीय उपाध्यक्ष विजय शंकर नायक ने शुक्रवार को विज्ञप्ति जारी प्रतिक्रिया देते हुए कही। उन्होंने कहा कि हादसे से पहले पायलट की मे-डे कॉल के बावजूद त्वरित कार्रवाई नहीं हुई। बोइंग 787 की तकनीकी खराबी की आशंका रखरखाव में कमी को दर्शाती है। यह सरकार की सुरक्षा नीतियों की विफलता है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2020 में हुए कोझिकोड हादसे से भी केंद्र सरकार ने कोई सबक नहीं लिया। कोझिकोड विमान हादसे में 21 लोगों की जान चली गई थी। जांच में रनवे की खराब स्थिति और सुरक्षा प्रोटोकॉल की कमी उजागर हुई थी, लेकिन सिफारिशें आज तक लागू नहीं हुईं। नायक ने कहा कि अहमदाबाद हादसे की जांच के लिए एएआईबी और उच्च-स्तरीय समिति गठित की गई, लेकिन पूर्व हादसों की जांच (जैसे कोझिकोड) में देरी और निष्कर्षों को दबाने का इतिहास रहा है।

# मंत्री ने मांडर प्रखंड के 300 मेधावी छात्रों को राजीव गांधी प्रतिभा सम्मान से किया सम्मानित

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



रांची : मांडर प्रखंड के मेधावी छात्रों को आज शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए भारत रत्न स्वर्गीय राजीव गांधी प्रतिभा सम्मान से सम्मानित किया गया। मांडर कॉलेज परिसर में आयोजित इस सम्मान समारोह में 10वीं और 12वीं की परीक्षा में उत्तीर्ण लगभग 300 छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की और पूर्व शिक्षा मंत्री बंधु तिर्की ने छात्रों को पुरस्कार और प्रमाण पत्र प्रदान किए। मंत्री शिल्पी ने कहा कि यह सम्मान छात्रों के लिए प्रेरणा का स्रोत बनेगा और उन्हें अपने लक्ष्य की ओर निरंतर प्रयासरत रहने के लिए प्रोत्साहित करेगा। उन्होंने यह भी बताया कि वर्ष 2005 में पूर्व मंत्री बंधु तिर्की द्वारा इस प्रतिभा सम्मान की शुरूआत की गई थी, जिसका उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों के प्रतिभावान छात्रों को आगे बढ़ने का अवसर देना है।

अपने संबोधन में शिल्पी तिर्की ने कहा कि डिग्री प्राप्त करना आसान हो सकता है, लेकिन व्यवहारिक ज्ञान के बिना शिक्षा अधूरी रह जाती है। उन्होंने छात्रों को अपने आचरण और सोच को सकारात्मक दिशा में बनाए रखने की सलाह दी। मंत्री ने यह भी घोषणा की कि मांडर कॉलेज को विश्वविद्यालय स्तर का संस्थान बनाने की दिशा में काम हो रहा है, जिसके तहत 13 करोड़ की लागत से भवन निर्माण किया गया है और आवश्यक मापदंडों को पूरा किया जा रहा है। उन्होंने युवाओं को संविधान की जानकारी रखने की आवश्यकता पर भी बल दिया। पूर्व मंत्री बंधु तिर्की ने कहा कि मांडर विधानसभा क्षेत्र के प्रत्येक प्रखंड में यह सम्मान समारोह आयोजित किया जाता है और इस सम्मान को प्राप्त करने वाले कई छात्र आज समाज में सम्मानजनक स्थान पर हैं। उन्होंने बताया कि ग्रामीण छात्रों के लिए "ग्रामीण प्रतिभा परीक्षा" आयोजित करने की योजना है, जिसमें प्रखंड स्तर पर चयनित छात्रों की शिक्षा का खर्च वहन किया जाएगा तथा उन्हें शैक्षणिक टूर पर हवाई यात्रा कराई जाएगी। इस अवसर पर मांडर प्रखंड के टॉपर छात्रों को विशेष रूप से सम्मानित किया गया। मैट्रिक परीक्षा में प्रभात कुमार केसरी प्रथम, जया कुमारी द्वितीय और मोहित उरांव तृतीय स्थान पर रहे। इंटर परीक्षा में विज्ञान संकाय में सलोनी कुमारी प्रथम, रेहान अंसारी द्वितीय और रोहित उरांव तृतीय स्थान पर रहे। वाणिज्य संकाय में ईशा किंडो प्रथम, फरहा अंजुम और पृथ्वी कुमार साहू द्वितीय, तथा अभिजीत मुंडा तृतीय स्थान पर रहे। कला संकाय में चुनको टोप्पो प्रथम, साजिद खातून द्वितीय और साइना साहिन तृतीय स्थान पर रहीं। कार्यक्रम में मांडर कॉलेज के प्राचार्य ए.एन. शाहदेव, बीडीओ चंचला कुमारी समेत अनेक गणमान्य अतिथि, शिक्षक और अभिभावक उपस्थित थे।

## राज्यपाल से मिला वाल्मीकि महासभा का शिष्टमंडल



रांची : राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार से शुक्रवार को अखिल भारतीय वाल्मीकि महासभा, झारखंड प्रदेश का एक शिष्टमंडल राज भवन में मिला। वाल्मीकि महासभा के शिष्टमंडल ने राज्यपाल से भेंट कर समाज से जुड़ी विभिन्न समस्याओं से उन्हें अवगत कराया। शिष्टमंडल ने राज्यपाल से कहा कि राज्य में वाल्मीकि समाज की स्थिति पूर्व की तरह ही है। समाज के लोगों के जीवन स्तर में कोई सुधार नहीं हुआ है। राज्य गठन के बाद भी यह समाज अपेक्षित और अधिकारों से वंचित है। इसके बाद राज्यपाल ने राज्य के वाल्मीकि समाज की समस्याओं को लेकर साकारात्मक पहल करने का आश्वासन दिया।

## आजसू ने राज्यपाल से मिलकर खराब कानून-व्यवस्था पर जताई चिंता



रांची : राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार से राज भवन में आजसू पार्टी का शिष्टमंडल संजय मेहता के नेतृत्व में शुक्रवार को भेंट कर राज्य में बिगड़ती कानून-व्यवस्था को लेकर ज्ञापन सौंपा। शिष्टमंडल ने राज्यपाल को अवगत कराया कि वर्ष 2025 में अब तक राज्य में लगभग 400 लोगों की हत्याएं हो चुकी हैं, जो राज्य की विधि-व्यवस्था की अत्यंत चिंताजनक स्थिति को दशार्ता है। उन्होंने हाल के दिनों में घटित विभिन्न हत्या की घटनाओं की ओर राज्यपाल का ध्यान आकृष्ट कराते हुए राज्य में व्याप्त असुरक्षा के वातावरण पर गहरी चिंता व्यक्त की।

# छात्र की मौत मामले में बीआईटी मेसरा के कुलपति रजिस्ट्रार और डीजीपी हाई कोर्ट में हुए हाजिर



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

रांची : झारखंड हाई कोर्ट में बीआईटी मेसरा परिसर के छात्र राजा पासवान की मौत के मामले में शुक्रवार को सुनवाई हुई। कोर्ट के आदेश पर बीआईटी मेसरा के कुलपति, रजिस्ट्रार, डायरेक्टर के अलावा डीजीपी अनुराग गुप्ता सशरीर हाजिर हुए। कोर्ट ने घटना को रोकने में विफलता पर बीआईटी मेसरा प्रबंधन पर कड़ी नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने कहा कि यह घटना बीआईटी मेसरा प्रबंधन की सुरक्षा में चुक बताता है। हाई कोर्ट के न्यायमूर्ति संजय प्रसाद की कोर्ट ने डीजीपी को झारखंड के शैक्षणिक संस्थाओ में सुरक्षा के मद्देनजर स्टैंडर्ड ऑपरेटिंग प्रोसीजर (एसओपी) बनाने का निर्देश दिया है। वहीं बीआईटी मेसरा प्रबंधन को अगली सुनवाई में छात्र राजा पासवान की मौत मामले में की गई जांच रिपोर्ट प्रस्तुत करने का निर्देश दिया है। अगली सुनवाई 24 जून को होगी। दरअसल, मृतक छात्र के शरीर पर दस चोटें थीं।

मामले में आरोपी मौसम कुमार सिंह, अभिषेक कुमार, इरफान अंसारी और साहिल अंसारी की जमानत पर सुनवाई के दौरान कोर्ट को बताया गया कि इस मामले में पांच आरोपियों के खिलाफ आरोप गठित हो गया है एवं 12 आरोपियों के खिलाफ जांच चल रही है। राज्य सरकार की ओर से महाधिवक्ता राजीव रंजन, अपर महाधिवक्ता सचिन कुमार ने पैरवी की।

यह मामला बीआईटी मेसरा पॉलिटेक्निक कॉलेज, रांची के छात्रावास के अंदर छात्रों के बीच हुए झगड़े से संबंधित है। घटना में एक छात्र की मौत हो गई थी। अदालत को सूचित किया गया था कि अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम, 1989 के नियम 7 का उल्लंघन करते हुए, इस मामले की जांच पुलिस उप-निरीक्षक द्वारा की गई है, जबकि यह डीएसपी रैंक के अधिकारी की ओर से की जानी चाहिए थी।

# झारखंड में अब अंगीभूत कॉलेजों में नहीं होगी 12वीं की पढ़ाई



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

रांची : झारखंड सरकार ने इंटरमीडिएट शिक्षा व्यवस्था को लेकर बड़ा बदलाव किया है। अब राज्य के अंगीभूत कॉलेजों में 12वीं की पढ़ाई नहीं होगी। सत्र 2024-26 के छात्रों को प्लस टू स्कूलों और इंटर कॉलेजों में स्थानांतरित किया जाएगा। शिक्षा विभाग के सचिव उमाशंकर सिंह ने इस संबंध में सभी जिलों के उपायुक्तों, क्षेत्रीय शिक्षा संयुक्त निदेशकों और जिला शिक्षा अधिकारियों को निर्देश जारी कर दिए हैं।

जिन छात्रों ने 2024-26 में अंगीभूत कॉलेजों में 12वीं में दाखिला लिया है, उनका नामांकन अब कॉलेज से 5 किलोमीटर के दायरे में स्थित प्लस टू स्कूलों या इंटर कॉलेजों में कराया जाएगा। इस तरह इस वर्ष मैट्रिक पास करने वाले विद्यार्थियों का भी 11वीं में नामांकन केवल प्लस टू स्कूलों और इंटर कॉलेजों में ही होगा। शिक्षा सचिव ने बताया कि झारखंड हाईकोर्ट ने पहले की अंगीभूत कॉलेजों में इंटर कक्षाएं बंद करने का आदेश दिया था। सुप्रीम कोर्ट ने भी इस आदेश में हस्तक्षेप नहीं किया। राज्यपाल सचिवालय ने भी इस पर कार्रवाई करने का निर्देश दिया था। इसके बाद यह निर्णय लिया गया कि इंटरमीडीएट की शिक्षा अब कॉलेजों में नहीं, केवल स्कूलों व मान्यता प्राप्त इंटर कॉलेजों में ही दी जाएगी। नामांकन उन्हीं स्कूलों में होगा जो सरकारी या उत्क्रमित प्लस टू स्कूल हों या फिर मान्यता प्राप्त झारखंड इंटरमीडिएट महाविद्यालय हों।

# रांची में एक घर में काम करने वाली नौकरानी बॉयफ्रेंड संग फरार

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

रांची : रांची के सुखदेवनगर थाना क्षेत्र स्थित रातू रोड के इंद्रपुरी मोहल्ले में एक कपड़ा व्यवसायी के घर घरेलू कार्यों में मदद करने वाली 18 वर्षीय युवती के अचानक फरार हो जाने का मामला सामने आया है। जानकारी के अनुसार, यह घटना लगभग एक सप्ताह पहले रात 2:00 बजे की है, जब युवती घर से कपड़े और अन्य घरेलू उपयोग की सामग्री लेकर फरार हो गई। बताया जा रहा है कि युवती की पहचान गुमला जिले के घाघरा निवासी रेखा कुमारी के रूप में हुई है। घटना के समय वह अपने कथित बॉयफ्रेंड के साथ थी। पूरे घटनाक्रम की पुष्टि घर के बाहर लगे सीसीटीवी फुटेज से हुई है, जिसमें दोनों को सामान के साथ निकलते हुए देखा गया है। मकान मालिक ने जब इस घटना की सूचना युवती के घरवालों को दी, तो उन्होंने दावा किया कि रेखा उनके पास लौट आई है, लेकिन वह कोई भी सामान अपने साथ नहीं लाई है। इस प्रतिक्रिया के बाद संदेह गहरा गया है कि युवती के परिजन भी इस मामले में अप्रत्यक्ष रूप से शामिल हो सकते हैं। स्थानीय लोगों और समाज के लिए यह एक चेतावनी है कि ऐसे मामलों में सजग और सतर्क रहने की आवश्यकता है। गृहस्थों से अपील की गई है कि किसी को भी काम पर रखने से पहले पहचान पत्र, स्थायी पता और पुलिस वेरिफिकेशन की प्रक्रिया को जरूर पूरा करें, ताकि इस तरह की घटनाओं से बचा जा सके।

# बेसहारा बच्चों को डालसा दिला रहा अधिकार : रवि कुमार

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



रांची : जिले के बुंडू प्रखंड में साथी अभियान के तहत 18 वर्ष से कम उम्र के निराश्रित बच्चों के चिन्हितीकरण के लिए कार्यशाला - सह - जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन शुक्रवार को किया गया। कार्यक्रम के पांचवीं कड़ी में बुंडू और सोनाहतू प्रखंड को शामिल कर कार्यशाला-सह-जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर डालसा सचिव रवि कुमार भास्कर ने कहा कि निराश्रित, जरूरतमंद और असहाय बच्चे जिनकी उम्र 18 वर्ष से कम है, उन्हें चिन्हित कर समाज में उनका अलग अधार-पहचान बनाना ही साथी अभियान का उद्देश्य है। नालसा की ओर से संचालित साथी अभियान झालसा के निर्देश पर सभी प्रखंडों में चलाया जा रहा है।

इस तरह का कार्यक्रम आगे भी किया जायेगा।

उन्होंने कहा कि प्रखंड के सभी पीएलवी को निर्देश दिया गया है कि वे गांव, कस्बों और मुहल्लों से निराश्रित बच्चों को चिन्हित कर उन्हें सरकार के लाभकारी योजनाओं से जोड़ें। इससे इन बच्चों का आधार-पहचान बनेगा। एलएडीसी डिप्टी राजेश कुमार सिन्हा ने कहा कि साथी अभियान के तहत 18 वर्ष से कम उम्र के बेघर, निराश्रित अनाथ बच्चे जो समाज के मुख्यधारा से अलग हो गये हैं, उन्हें चिन्हित कर उनके अधिकार दिलाने का काम डालसा कर रहा रहा है। वैसे बच्चे जिनका आधार नहीं बना है, उन बच्चों को आधार कार्ड और आयुष्मान कार्ड बनाया जा रहा है। अनाथ बच्चों को डालसा चिन्हित कर रहा है, उन्हें मदद पहुंचाने का काम डालसा कर रहा है।

कार्यक्रम में बुंडू प्रखंड की बीडीओ सावित्री कुमारी, बुंडू प्रखंड के सीओ हंस हेम्ब्रम, पंचायतों से आये मुखिया, विधि के छात्र-छात्राएं मानवी सिंह, आकांक्षा, नवनीत कुमार, विवेक कुमार, अमिता कुमारी, प्रखंड के कर्मचारी, बुंडू प्रखंड की पीएलवी सोनामनी देवी, रूकमनी देवी, मुस्कान कुमारी, सहित अन्य उपस्थित थे।

## संक्षिप्त खबरें

### पूर्व मुख्यमंत्री मधु कोड़ा पर हाई कोर्ट ने लगाया 8000 का जुर्माना




रांची : राजीव गांधी ग्रामीण विद्युतीकरण घोटाले में आरोपी पूर्व मुख्यमंत्री मधु कोड़ा की ओर से निचली अदालत की ओर से आरोप गठित किए जाने को चुनौती देने वाली याचिका की सुनवाई शुक्रवार को झारखंड हाईकोर्ट में हुई। हाई कोर्ट ने चौथी बार फिर से मधु कोड़ा की ओर से उनके अधिवक्ता की ओर से समय मांगे जाने पर 8 हजार रुपये का जुर्माना लगाया है। मामले की अगली सुनवाई आठ सप्ताह बाद होगी। सीबीआई की ओर से अधिवक्ता प्रशांत पल्लव ने पक्ष रखा। इससे पहले तीसरी बार समय मांगे जाने पर मधु कोड़ा पर 4000 रुपये का जुर्माना लगा था वहीं, 17 जनवरी, 2025 को समय मांगे जाने पर 2000 रुपये और 13 दिसंबर, 2024 को 1000 रुपये का जुर्माना कोर्ट ने लगाया था। जुर्माना की राशि झारखंड लीगल सर्विस अथॉरिटी (झालसा) में जमा करने का निर्देश हुआ था। वर्ष 2006 में राजीव गांधी ग्रामीण विद्युतीकरण परियोजना के लिए झारखंड को केंद्र से 467.76 करोड़ रुपये मिले थे। इस परियोजना के तहत झारखंड के छह जिलों के 27,359 गांवों का विद्युतीकरण किया जाना था। आरोप है कि तत्कालीन मुख्यमंत्री मधु कोड़ा ने अपने पद का दुरुपयोग करते हुए हैदराबाद की ब्लैक लिस्टेड कंपनी आईवीआरसीएल को काम दिया था। इस संबंध में कंपनी के डायरेक्टर डीके श्रीवास्तव से मुंबई में 11.40 करोड़ रुपये घूस लिया था। इसके अलावा कंपनी को फायदा पहुंचाने के लिए लातेहार, गढ़वा और पलामू सहित छह जिलों के ग्रामीण क्षेत्रों में विद्युतीकरण करने का टेंडर दे दिया। मामले की जांच सीबीआई कर रही है, इसमें मधु कोड़ा ढाई साल तक जेल में रहे थे। उन्हें 30 जुलाई, 2013 को जमानत मिली थी।

### आरपीएफ ने छह बच्चों को तस्कर से बचाया



रांची : रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) ने रांची स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर 2 से छह नाबालिग बच्चों को तस्कर से बचाया है। उप निरीक्षक सोहन लाल ने शुक्रवार को बताया कि आरपीएफ कमांडेंट पवन कुमार के निर्देशानुसार आरपीएफ पोस्ट रांची और एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट (एएचटीयू ) और नन्हे फरिश्ते टीम ने रांची रेलवे स्टेशन पर विशेष जांच अभियान चलाया । इस अभियान के दौरान प्लेटफॉर्म संख्या 02 पर छह नाबालिग लड़कों को संदिग्ध अवस्था में बैठा पाया गया। पूछताछ में उन्होंने अपने नाम और पता बताया। सभी बिहार के गया जिले के रहने वाले है। सभी नाबालिगों ने बताया कि वे काम की तलाश में अपने घर से निकले थे। कार्रवाई करते हुए आरपीएफ टीम ने सभी बच्चों को रेस्क्यू किया और अकानूनी प्रक्रियाएं पूरी कर उन्हें चाइल्ड हेल्प लाइन रांची को सौंप दिया।

### आरपीएफ ने एक आरोपी को शराब के साथ किया गिरफ्तार



रांची : रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) ने रांची रेलवे स्टेशन से एक व्यक्ति को अवैध शराब के साथ गिरफ्तार किया है। उप निरीक्षक सोहन लाल ने शुक्रवार को बताया कि आरपीएफ कमांडेंट पवन कुमार के नेतृत्व में आरपीएफ पोस्ट रांची तथा फ्लाइंग टीम की ओर से ऑपरेशन सतर्क के तहत विशेष चेकिंग अभियान चलाया गया। इसी दौरान ट्रेन संख्या 15027 जब प्लेटफॉर्म संख्या 01 पर पहुंची, तो आरपीएफ टीम ने कोच नंबर बी 2 में बैठे एक व्यक्ति को संदेह के आधार पर जांच की। पूछताछ और जांच के दौरान उसके बैग से कुल 13 शराब की बोतलें बरामद हुई। पूछताछ में व्यक्ति ने अपना नाम अमित कुमार बताया। वह बिहार के बेगूसराय का रहने वाला है। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि वह उक्त शराब को ओडिशा के जगदलपुर से खरीदकर बिहार के बरौनी ले जा रहा था, जहां उसे अधिक कीमत पर बेचने की योजना थी। इसके बाद एएसआई अनिल कुमार ने मौके पर ही शराब जब्त की और आरोपित को गिरफ़्तार कर लिया।

### हादसे की जिम्मेवारी लेते हुए इस्तिफा दें विमानपत्तन मंत्री : झामुमो



रांची : झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के प्रवक्ता मनोज पांडेय ने अहमदाबाद विमान हादसे की जिम्मेवारी लेते हुए केंद्रीय विमानपत्तन मंत्री से इस्तिफा देने की मांग की है। पांडेय ने शुक्रवार को मीडिया से बातचीत करते हुए कहा कि अहमदाबाद में इतना बड़ा विमान हादसा हुआ। बावजूद इसके केन्द्र सरकार किसी तरह की जिम्मेवारी नहीं ले रही है। वैसे यूपीए सरकार के कार्यकाल में यदि इस तरह की घटना होती थी तो घटना घटने के साथ ही संबंधित मंत्रालय के मंत्री से इस्तीफा ले लिया जाता था।। लेकिन अब यहां ऐसा कुछ नहीं दिखता है। यह स्थिति बेहद असंवेदनशीलता की पराकाष्ठा है। उन्होंने कहा है कि विमान में कुल 242 यात्री सवार थे। सरकार और प्रबंधन की जिम्मेवारी है कि सभी को सुरक्षित जगहों पर सकुशल पहुंचाए। लेकिन ईश्वर की इच?छा थी कि इस हादसे में सिर्फ एक ही व्यक्ति बच सका। आखिर इस तरह के विमान हादसे में दोषी कौन है। यह बड़ा सवाल है। केन्द्र सरकार इसे गंभीरता से ले। ताकि आनेवाले समय में ऐसा कोई और हादसा न हो।

### रांची के 25 थाना क्षेत्र में छापेमारी, फरार चल रहे 121 वारंटी गिरफ्तार

रांची : रांची के 25 थाना क्षेत्र में छापेमारी कर फरार चल रहे 121 वारंटी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। डीआईजी सह एसएसपी चंदन सिन्हा के निर्देश पर पुलिस की टीम ने रांची जिले के ग्रामीण क्षेत्र के 25 थाना क्षेत्र में 12 जून से लेकर 13 जून तक अभियान चलाया। इस अभियान को लेकर कुल 60 बनाया गया, जिसमें 216 पुलिस पदाधिकारी और कर्मी शामिल थे। इन टीमों के द्वारा 181 ठिकानों पर छापेमारी कर 121 वारंटी को पकड़ कर जेल भेजा गया। यह कार्रवाई रांची में कानून व्यवस्था बनाए रखने और अपराध पर नियंत्रण पाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

# स्वस्थ महिलाएं-बच्चें देश के लिए जरूरी बोकारो को कुपोषण मुक्त बनाएं : उपायुक्त

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता




**बोकारो :** जिला समाज कल्याण विभाग द्वारा कैंप टू स्थित जायजा हैपनिंग सभागार में "गंभीर तीव्र कुपोषण (सैम)" और "मध्यम तीव्र कुपोषण (मैम)" बच्चों के कुशल प्रबंधन को लेकर शुक्रवार को प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता उपायुक्त अजय नाथ झा ने किया। मौके पर सिविल सर्जन डा. ए बी प्रसाद, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी डा. सुमन गुप्ता समेत अन्य उपस्थित थे। मौके पर अपने संबोधन में उपायुक्त ने कहा कि स्वस्थ महिलाएं और बच्चें देश के लिए जरूरी है, दोनों को पूरा पोषण मिलना चाहिए, यदि बच्चे स्वस्थ होंगे तो हमारा देश भी स्वस्थ रहेगा। उन्होंने ₹गंभीर तीव्र कुपोषण" और "मध्यम तीव्र कुपोषण" बच्चों को चिन्हित करते हुए कुशल प्रबंधन से उन्हें कुपोषण मुक्त बनाने को कहा। प्रशिक्षण में कुशल प्रबंधन को लेकर जो बातें बताई जा रही है, उसे सभी सीडीपीओ एमओआइसी ध्यान से सुने और धरातल पर इसको अमल कराएं। सेविका सहायिका, साथी सहिया आदि को इसकी जानकारी दें। "गंभीर तीव्र कुपोषण" और "मध्यम तीव्र कुपोषण" को कैसे कुपोषण मुक्त में बदला जाएं, पूरी प्रक्रिया/प्रबंधन को समझें। उपायुक्त ने अपने संबोधन में कहा कि देश के लिए बेटियां बहुत बड़ा ह्यूमन रिसोर्स है। पुरानी धारणा मानस्किता को हमें बदलना होगा। बेटियां आगे आये, यह सुनिश्चित करें कि उन्हें भाई, पिता, पति और बच्चों की बैशाखी की आवश्यकता नहीं पड़ें।उन्होंने कहा कि जिले में बेटियों के जन्म को उत्सव की तरह मनाएं। जिन घरों में बेटियों का जन्म होता है, उनके अभिभावकों को बधाई हो बेटी हुई है। कह कर उन्हें उपहार दें, एक दूसरे को बधाई दें,खुशी मनाएं। उपस्थित सीडीपीओ एमओआइसी को इस संदेश को नीचे तक पहुंचाने की बात कहीं। वहीं, सिविल सर्जन एवं जिला समाज कल्याण पदाधिकारी ने प्रशिक्षण में बताई जाने वाली बातों, इसके पीछे के उद्देश्यों से सभी को विस्तार से अवगत कराया। समर अभियान राज्य सरकार कि एक महत्वकांक्षी कार्यक्रम है, जिसके अन्तर्गत पोषण ट्रैकर में चिन्हित "गंभीर तीव्र कुपोषण" और "मध्यम तीव्र कुपोषण" बच्चों का प्रबंधन विभिन्न चरणों के माध्यम से समुदाय स्तर पर आंगनबाड़ी/स्वास्थ्य केंद्रों के माध्यम से किया जायेगा। मौके पर बतौर प्रशिक्षक पुष्पा सिंह,महिला परवेक्षिका, कुंतल रानी, महिला परवेक्षिका, स्मृति चन्द्र दास, पोषण अभियान, अजय वर्मा झारखंड राज्य पोषण मिशन के प्रतिनिधि आदि उपस्थित थे।

## एक नजर

### उपायुक्त ने सुनी आम जनों की शिकायत



**धनबाद :** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी आदित्य रंजन ने आज जनता दरबार का आयोजन कर जिले के विभिन्न क्षेत्र से आए लोगों की समस्या सुनी।
जनता दरबार में गैरआबाद जमीन का अवैध रूप से कब्जा करने, खतियानी जमीन पर जबरन कब्जा करने, प्रस्तावित गोमो फ्लाईओवर परियोजना के लिए अधिग्रहित की गई जमीन का मुआवजा नहीं मिलने, राशन कार्ड में नाम सुधारने, विद्यालय द्वारा ग्रीष्मावकाश अवधि का हॉस्टल चार्ज वसुलने, ऑनलाइन पंजी 2 में सुधार करने, जमीन की मापी करने में विलंब करने, रैयती जमीन पर अवैध कब्जा करने, अबुआ आवास के लिए दूसरी किश्त देने में मुखिया द्वारा तंग करने सहित अन्य आवेदन प्राप्त हुए। उपायुक्त ने समस्या का समाधान करने के लिए संबंधित पदाधिकारी को निर्देशित किया। जनता दरबार में सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा नियाज अहमद भी उपस्थित थे।

### पत्नी के हत्या के आरोपी राउत सोरेन रिहा

**बोकारो :** बोकारो के माननीय अपर जिला एवं सत्र न्यायधीश प्रथम श्री दीपक बर्नवाल के न्यायालय ने भारतीय दंड संहिता की धारा 302 (हत्या) और धारा 201 (साक्ष्य मिटाने) के तहत आरोपी राउत सोरेन को रिहा करने का महत्वपूर्ण फैसला सुनाया है। राउत सोरेन पर अपनी पत्नी को जंगल में ले जाकर हत्या करने का गंभीर आरोप था। इस मामले में सियालजोरी थाना कांड संख्या 87 /220 दर्ज किया गया था। जिसका ट्रायल सत्र वाद संख्या 155/ 23 में आरोपी की ओर से वरीय युवा अधिवक्ता रणजीत गिरि ने प्रभावी ढंग से पैरवी की, जिसके परिणामस्वरूप न्यायालय ने यह निर्णय लिया।मामले की सुनवाई के दौरान अधिवक्ता रणजीत गिरि ने ठोस तर्क और साक्ष्यों के आधार पर अपने मुवक्किल की बेगुनाही को साबित करने का प्रयास किया। उन्होंने अभियोजन पक्ष के साक्ष्यों की विश्वसनीयता पर सवाल उठाए और यह दलील दी कि राउत सोरेन के खिलाफ पेश किए गए सबूत अपर्याप्त और परिस्थितिजन्य हैं। रणजीत गिरि ने यह भी तर्क दिया कि अभियोजन पक्ष यह साबित करने में विफल रहा कि राउत सोरेन ने जानबूझकर हत्या की या साक्ष्य मिटाने की कोशिश की।न्यायालय ने दोनों पक्षों की दलीलों और साक्ष्यों की गहन समीक्षा के बाद पाया कि अभियोजन पक्ष के पास राउत सोरेन को दोषी ठहराने के लिए पर्याप्त सबूत नहीं हैं। सुप्रीम कोर्ट के एक फैसले का हवाला देते हुए।

### बीएसएल के विस्तारिकरण को लेकर प्रभारी निदेशक से मिले कुमार अमित

**बोकारो :** स्टील प्लांट के विस्तारीकरण में हो रहे विलंब को लेकर भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य कुमार अमित निदेशक प्रभारी वीरेन्द्र कुमार तिवारी से मिले और परियोजना को शीघ्र धरातल पर उतारने की माँग की। कुमार अमित ने इस सम्बंध में प्रभारी निदेशक को ज्ञापन भी सौंपा। कुमार अमित ने श्री तिवारी से कहा कि बोकारो स्टील प्लांट में 2.5 मिलियन टन उत्पादन का विस्तारिकरण बोकारो के विकास और यहाँ के स्थानीय युवाओं के भविष्य से जुड़ा हुआ है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार के द्वारा बनायी गयी राष्ट्रीय इस्पात नीति के तहत देश में स्टील उत्पादन की क्षमता को बढ़ाना है। बीएसएल का विस्तारिकरण मोदी सरकार के द्वारा बोकारो वासियों सहित झारखण्ड को दिया गया सौगात और अधिकार है। इसे हर हाल में सेल प्रबंधन को धरातल पर उतारने का प्रयास करना चाहिए।

## महुदा में पकड़ी गई नरेश कुमार कंपनी की गाड़ी टाटा के अधिकारियों पर मिलीभगत के आरोप

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**धनबाद :** कोयला तस्करी को लेकर एक बार फिर बड़ा मामला सामने आया है। बुधवार को नरेश कुमार प्राइवेट लिमिटेड की एक गाड़ी को संदेहास्पद हालात में महुदा क्षेत्र में पकड़ा गया। बताया जा रहा है कि यह वाहन एना कोलियरी से टाटा भेलाटांड़ कोलियरी की ओर कोयला लेकर रवाना हुआ था, लेकिन नियत मार्ग छोड़कर महुदा की ओर मुड़ गया, जिससे इसकी गतिविधियों पर सवाल खड़े हो गए।स्थानीय लोगों को जब गाड़ी की दिशा और व्यवहार पर शक हुआ, तो उन्होंने तुरंत महुदा थाना को सूचना दी। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए वाहन को मौके पर जब्त किया और थाने ले जाकर पूछताछ शुरू की। जानकारी के अनुसार, जब्त गाड़ी श्रीकांत सिंह के नाम पर पंजीकृत है, जो नरेश कुमार प्राइवेट लिमिटेड के ट्रांसपोर्टर बताए जा रहे हैं। उल्लेखनीय है कि यह कंपनी पहले भी कोयला चोरी के आरोपों में घिर चुकी है। सबसे गंभीर आरोप यह है कि इस गुप्त संचालन में टाटा कंपनी के कुछ अधिकारियों की भी संलिप्तता बताई जा रही है। सूत्रों के मुताबिक, पिछले 10 दिनों से यह अवैध ट्रांसपोर्टिंग का सिलसिला चल रहा था, जिसमें कंपनी और कुछ अफसरों के बीच गठजोड़ होने की आशंका जताई जा रही है।

## दसवीं की परीक्षा में अच्छे अंकों से उत्तीर्ण होने वाले विद्यार्थियों को किया गया सम्मानित

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**धनबाद :** बलियापुर अंचल अधिकारी प्रवीण कुमार सिंह ने आज प्रोजेक्ट उच्च विद्यालय ,शीतलपुर के दसवीं की परीक्षा में अच्छे अंकों से उत्तीर्ण विद्यार्थियों को सम्मानित किया। इस दौरान बच्चों को मोटिवेट करते हुए उनकी काउंसलिंग भी की गई। अंचल अधिकारी ने अपने प्रेरणादायक भाषण में शिक्षा क्या है इसका मानव जीवन में क्या महत्व है। इसकी क्या प्रासंगिकता है। के संबंध में विस्तार से चर्चा की। उन्होंने बताया कि शिक्षा मनुष्य के मस्तिष्क में छुपी हुई शक्तियों को विकसित एवं परिष्कृत करने का माध्यम है। शिक्षा के माध्यम से मनुष्य तर्कशील, विचारशील एवं ज्ञानवान होता है। उन्होंने बच्चों को बताया कि जीवन में आगे बढ़ने के लिए सपने देखने होंगे। जब आप सपने देखेंगे तो आपका स्पष्ट लक्ष्य निर्धारित होगा और जब लक्ष्य निर्धारित होगा तो अपने ऊपर विश्वास होगा और विश्वास जितना मजबूत होगा सफलता उतनी बड़ी होगी। उन्होंने भगवान बुद्ध के वाक्य आत्मा दीपो भव को बच्चों को समझाने का प्रयास किया और बताया कि आप अपना दीपक स्वयं बनो। अपने आप से बातें करो, अपने आप से सवाल पूछो, अपने आप से प्रतिस्पर्धा करो। आप निश्चित रूप से जीवन में आगे बढ़ पाएंगे। उन्होंने बताया कि एक ही क्लास में, एक ही परिवेश के बच्चे, एक ही शिक्षक के द्वारा पढ़ाने के बाद भी बच्चों के प्राप्तांक में काफी अंतर होता है। इसका क्या कारण है। उन्होंने बताया कि इसका स्पष्ट कारण है। स्वयं पर विश्वास एवं एकाग्रता' जो बच्चा जितना एकाग्र एवं आत्मविश्वास से लबरेज है उसकी सफलता निश्चित रूप से उतनी बड़ी होगी।

## नशीली दवाओं के उपयोग से मनोवैज्ञानिक नुकसान होता है : डॉ प्रशान्त कुमार मिश्रा

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता




**बोकारो :** शुक्रवार को उपायुक्त बोकारो के निर्देशन में डा0 अभय भूषण प्रसाद सिविल सर्जन बोकारो की अध्यक्षता में बोकारो जिला के बिभिन्न नर्सिंग कालेज के स्टाफ नर्स को नशा मुक्ति अभियान एवं मानसिक स्वास्थ्य पर एक दिवसीय प्रशिक्षण सदर अस्पताल के सभागार में दिया गया। प्रशिक्षण के दौरान डा0 प्रशान्त कुमार मिश्रा मनारोग चिकित्सक सदर अस्पताल बोकारो नें सभी प्रतिभागियों को ड्रग्स के दुरूपयोग के कारण सामाजिक एवं मानसिक स्वास्थ्य विकार के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। डा0 मिश्रा ने बताया कि नशीली दवाओं के उपयोग से मनोवैज्ञानिक नुकसान जैसे अवसाद, चिंता, बेचैनी, भय, हिंसक व्यवहार, अनिद्रा, मनोविकृति एवं प्रेरणा की कमी होती है। प्रशिक्षण के दौरान जिला परामर्शी मो0 असलम द्वारा सभी प्रतिभागियों को बताया गया कि तम्बाकू नशे के रूप में उपयोग होने वाला गेटवे पदार्थ है। यही से युवा सबसे पहले नशे की शुरूआत करता है और यह शुरूआत सबसे पहले दोस्तो के बीच होती है। ऐसे में हम सभी स्वास्थ्य कर्मी की जिम्मेदारी है जो भी व्यक्ति नशा करता है और वह नशा छोडना चाहता है तो हमें उसकी मदद करनी है। उन्हें नशा छोडने हेतु परामर्शी सेवा के साथ साथ निकोटीन रिप्लेसमेन्ट थेरेपी की भी सुविधा देनी है और ज्यादा से ज्यादा लोगो को तम्बाकू नशा मुक्ति केन्द्र से जोडना है। साथ ही ग्रामीण स्तर पर जागरूकता हेतु तम्बाकू के लत से आजाद करने हेतु टाल फ्री नं0 1800-11-2356 का दिवाल लेखन करें। इस अवसर पर सिविल सर्जन बोकारो डा0 अभय भूषण प्रसाद, जिला परामर्शी मो0 असलम व छोटेलाल के साथ सभी प्रतिभागी उपस्थित थे।

## हवाई अड्डा से व्यवसायिक उड़ान जल्द प्रारंभ कराने के लिए नागरिक अधिकार मंच ने की पहल

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**बोकारो :** हवाई अड्डा से व्यवसायिक उड़ान जल्द प्रारंभ कराने हेतु विशेष पहल करने हेतु नागरिक अधिकार मंच के केंद्रीय अध्यक्ष शशि भूषण ओझा 'मुकुल' द्वारा झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री सह उड़ीसा के पूर्व राज्यपाल रहे माननीय रघुवर दास को एक ज्ञापन आज दिनांक 13 जून 2025 को रांची स्थित उनके आवासीय कार्यालय में मिल कर दिया गया तथा इस विषय पर पूरी चर्चा की गई । ज्ञात हो कि श्री रघुवर दास जी के मुख्यमंत्रित्व काल में ही इनके द्वारा ही बोकारो हवाई अड्डा का विस्तारीकरण करते हुए इसे व्यावसायिक उड़ानों के लिए निर्माण हेतु उड़ान योजना के तहत शिलान्यास किया गया था । वार्ता के दौरान ही माननीय रघुवर दास ने मुख्य सचिव झारखंड को फोन लगाकर कहा कि आखिर क्यों राज्य सरकार बोकारो हवाई अड्डा को चालू करने हेतु जरूरी कार्यों को पूरा नहीं करना चाहती है जबकि 2022 से ही यह हवाई अड्डा लगभग बन कर तैयार है । इसे जल्द से जल्द चालू कराने हेतु उचित करवाई की जाय । मुख्य सचिव ने आश्वासन दिया कि जल्द ही राज्य सरकार द्वारा बाकी बचे कार्यों को पूरा कराया जाएगा और बोकारो से उड़ान प्रारंभ करने हेतु प्रक्रिया को बढ़ाया जाएगा ।

## किशोरावस्था की चुनौतियों से निपटने में शिक्षकों की भूमिका महत्वपूर्ण : डॉ. गंगवार

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**बोकारो :** नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुरूप शिक्षकों को पूर्णतया तैयार करने के उद्देश्य से डीपीएस बोकारो में आयोजित दो-दिवसीय क्षमता निर्माण कार्यशाला शुक्रवार को संपन्न हुई। केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) के पटना उत्कृष्टता केन्द्र (सीओई) के तत्वावधान में किशोरवय शिक्षा के विषय पर आयोजित उक्त कार्यक्रम में विद्यालय के लगभग 60 शिक्षकों ने भाग लिया। कार्यशाला की रिसोर्स पर्सन श्री अय्यप्पा पब्लिक स्कूल, बोकारो की प्राचार्या पी. शैलजा जयकुमार एवं एमजीएम हायर सेकेंडरी स्कूल की वरिष्ठ शिक्षिका चंदा कुमारी ने किशोर-शिक्षा के विभिन्न पहलुओं पर विस्तारपूर्वक जानकारी दी। कार्यशाला का उद्घाटन विद्यालय के प्राचार्य डॉ. ए. एस. गंगवार एवं दोनों रिसोर्स पर्सन ने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया। तत्पश्चात विद्यालय के संगीत शिक्षकों ने गाइए गणपति जग वंदन... भजन की सुमधुर प्रस्तुति से कार्यक्रम की शुरूआत की। अपने संबोधन में दोनों रिसोर्स पर्सन एवं कार्यशाला के सभी प्रतिभागी शिक्षकों का स्वागत करते हुए प्राचार्य डॉ. गंगवार ने किशोरवय शिक्षा को वर्तमान समय का एक ज्वलंत विषय बताया। उन्होंने कहा कि किशोरावस्था वह समय है जब एक बच्चे में शारीरिक, मानसिक, वैचारिक, सामाजिक और भावनात्मक रूप से तेजी के साथ बदलाव आते हैं। उस अवस्था में बहुत सी चुनौतियां भी आती हैं। बच्चे उन चुनौतियों से निपटें, इस दिशा में शिक्षकों का सहयोग और उनकी भूमिका काफी महत्वपूर्ण है। कार्यशाला में किशोरवय शिक्षा से संबंधित सैद्धांतिक एवं व्यावहारिक पहलुओं के साथ-साथ विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से प्रतिभागी शिक्षकों को प्रशिक्षित किया गया। रिसोर्स पर्सन पी. शैलजा जयकुमार ने कहा कि किशोर भविष्य के नेतृत्वकर्ता हैं। उनकी देखभाल बेहद जरूरी है। 10 से 19 वर्ष का आयुवर्ग किशोरावस्था में आता है, जिसमें होने वाले बदलावों के मद्देनजर उनकी देखभाल में अभिभावकों के साथ-साथ शिक्षकों का भी बड़ा योगदान है। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न समूहों में बांटकर शिक्षकों को अलग-अलग गतिविधियों में शामिल किया गया। शिक्षकों ने किशोर की परिभाषा, उनके गुणों, उनकी भावनाओं, आवश्यकताओं, अपेक्षाओं, परेशानियों और उस अवस्था की चुनौतियों पर अपने विचार और अनुभव साझा किए। रिसोर्स पर्सन श्रीमती जयकुमार एवं चंदा कुमारी ने किशोरावस्था के प्रत्येक गुण-अवगुण, सोशल मीडिया के प्रभाव, लिंगभेद, नशापान की लत आदि से संबंधित बिन्दुओं को विस्तार से रेखांकित किया। कार्यशाला के दूसरे दिन भी विभिन्न प्रकार की गतिविधियां हुईं तथा उनके मूल्यांकन के साथ सत्र का समापन हुआ।

## संक्षिप्त खबरें

### बीसीसीएल के सीएमडी बने मनोज अग्रवाल, जेट से नौकरी शुरू कर डीटी से सीएमडी तक का सफर



**धनबाद :** बीसीसीएल के डीटी मनोज कुमार अग्रवाल अब बीसीसीएल के नये सीएमडी होंगे। गुरुवार को पब्लिक इंटरप्राइजेज सेलेक्शन बोर्ड ने इंटरव्यू के बाद उनके नाम की घोषणा की।
बीसीसीएल के डीटी बनने से पूर्व मनोज अग्रवाल कोल इंडिया की सहायक कंपनी एनसीएल के खड़िया एरिया के जीएम पद पर पदस्थापित थे। श्री अग्रवाल का स्थानांतरण 15 मार्च 2024 को सीसीएल से एनसीएल में किया गया था। इससे पहले श्री अग्रवाल सीसीएल के ढोरी एरिया के जीएम थे।इससे पूर्व छह नवंबर 2023 को सीसीएल तथा सात नवंबर 2023 को एसइसीएल के डीटी के लिए हुए साक्षात्कार में भी शामिल हुए थे। बीसीसीएल के नये सीएमडी श्री अग्रवाल ने इंटरमीडिएट की परीक्षा पटना विज्ञान महाविद्यालय, पटना से 1985 बैच में पास की है. खनन में बीटेक, आइआइटी, धनबाद 1986-1990 में किया। वहीं प्रथम श्रेणी प्रबंधक योग्यता प्रमाणपत्र धारक, डीजीएमएस व बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन में मास्टर हैं। श्री अग्रवाल ने कोल इंडिया में सर्वश्रेष्ठ एरिया जनरल मैनेजर के लिए कोयला मंत्री पुरस्कार 2021-2022 प्राप्त किया। जबकि वित्त वर्ष 2016-17 में सीसीएल के सर्वश्रेष्ठ परियोजना अधिकारी से भी सम्मानित हो चुके हैं।

### एके राय स्मारक समिति का प्रतिनिधिमंडल मिला धनबाद उपायुक्त



**धनबाद :** शुक्रवार एके राय स्मारक समिति का एक प्रतिनिधि मंडल धनबाद उपायुक्त से मिला। इससे पूर्व में स्मारक समिति के द्वारा पूर्व सांसद एवं मजदूर नेता कॉमरेड एके राय का मूर्ति धनबाद में किसी भी जगह लगाने का आग्रह निरसा विधायक अरुप चटर्जी एवं सिंदरी विधायक चंद्रदेव महतो से किया था, जिस पर अरूप चटर्जी एवं चंद्रदेव महतो ने झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मिल कर मांग पत्र सौंपा, जिस पर मुख्यमंत्री ने धनबाद में किसी एक जगह मूर्ति लगाने लिखित स्वीकृति दिया, जिसका कॉपी आज स्मारक समिति के प्रतिनिधि मंडल ने धनबाद उपायुक्त से मिलकर दिया। प्रतिनिधिमंडल मे स्मारक समिति के अध्यक्ष हरिप्रसाद पप्पू , सचिव सतनारायण कुमार, सम्राट चौधरी, आर पी महतो, अजय महतो, राणा चट्टराज, भूषण महतो उपस्थित थे।

### फैक्ट्री बिहार से बंगाल तक सप्लाई नीले ड्रम में 'नल' देख झारखंड पुलिस के उड़े होश



**धनबाद :** धनबाद जिले के कालूबथान में पुलिस ने एक अवैध मिनी शराब फैक्ट्री का भंडाफोड़ किया है। यह फैक्ट्री कथारडीह में चल रही थी। पुलिस ने छापेमारी करके भारी मात्रा में बनी हुई अवैध शराब जब्त की है। इस मामले में दो लोगों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस को शक है कि इस फैक्ट्री से बनी शराब झारखंड, बंगाल और बिहार में बेची जाती थी। निरसा डीएसपी रजत मानिक बाखला ने बताया कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी। सूचना में बताया गया था कि केथारडीह गांव के मंगल टुडू के घर में नकली शराब की फैक्ट्री चल रही है। इसके बाद पुलिस ने एक टीम बनाकर छापेमारी की। छापेमारी के दौरान पुलिस ने कई चीजें बरामद की। पुलिस ने तीन जार में लगभग 60 लीटर नकली अंग्रेजी शराब बरामद की। ये जार 20 लीटर के पानी के जार थे। इसके अलावा, दो कार्टन प्लास्टिक की बोतलों में अलग-अलग कंपनियों के स्टीकर लगे हुए अवैध अंग्रेजी शराब भी मिली। यहां से पुलिस को दो हजार खाली बोतलें, 1000 ढक्कन, पानी के बीस लीटर के दो जार, 20 खाली ग्लास और एक स्टील का छोटा ड्रम भी मिला। नीले ड्रम में नल लगा हुआ था। इसमें अलग-अलग कंपनी की बियर की बोतलें भी थीं। पुलिस ने सभी सामान जब्त कर लिए हैं। इस मामले में पुलिस ने अवैध शराब फैक्ट्री चलाने वाले मंगल टुडू समेत दो लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने मंगल टुडू से पूछताछ की। पूछताछ में मंगल टुडू ने बताया कि इस कारोबार में उसके साथ कई और लोग भी शामिल हैं। बिहार और बंगाल भेजा जाता था शराब। मंगल टुडू ने पुलिस को बताया है कि यहां बनी शराब को झारखंड के कई जिलों के अलावा बंगाल और बिहार के कई ठिकानों पर भेजा जाता था। पुलिस को शक है कि इस काम में बंगाल और बिहार के कई शराब माफिया भी शामिल हैं। पुलिस फिलहाल इनके सभी नेटवर्क की तलाश कर रही है।

### ढोरी खास भूमिगत खदान चार-पांच इंच लाइन में चाल धसने से चार लोग हुए घायल



**बोकारो :** सीसीएल ढोरी प्रक्षेत्र अंतर्गत ढोरी खास भूमिगत खदान 4,5 इंक लाइन में चाल धसने से चार लोग घायल हो गए। घायलों को ढोरी केंद्रीय अस्पताल लाया गया जहां उपचार के बाद ओवरमैन मयंक सिंह को बेहतर उपचार के लिए रांची भेज दिया गया वहीं घायल शूफल मांझी का उपचार ढोरी अस्पताल में किया जा रहा है। घायल मांझी ने बताया कि द्वितीय पाली में लगभग 8:00 बजे रात्रि यह घटना घटी है ड्रिल करने के दौरान पॉल संख्या 16, 17 के समीप यह हादसा हुई है। वहीं घटना में महावीर तूरी व मधु बावड़ी को हल्की चोट लगी है। घटना को लेकर परियोजना पदाधिकारी रंजीत कुमार ने कहा कि भागने के क्रम में यह चोट लगी है माइनर चीज है। वही जनता मजदूर संघ के क्षेत्रीय सचिव विकास कुमार सिंह ने कहा कि सुरक्षा को लेकर प्रबंधन गंभीर नहीं है माइंस की विधि व्यवस्था सही नहीं है परियोजना में लूट खसोट चल रही है कामगारों के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है संघ के द्वारा जल्द ही आंदोलन किया जाएगा।

## एक नजर

### पुलिस ने बड़ी मात्रा में डोडा लदे ट्रक को किया जब्त



**रामगढ़ :** रांची से पटना मुख्य मार्ग ढल्ल 33 होते हुए,ट्रक में बोरियों से लदे डोडा लेकर मिनी ट्रक पटना की ओर आ जा रही ,थी,रामगढ़ पुलिस को मिली गुप्त सूचना के बाद रामगढ़ अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी परमेश्वर प्रसाद एवं फौजान अहमद पुलिस उपाध्यक्ष के नेतृत्व में वाहन चेकिंग चलाई गई, सघन जांच के तेज रफ्तार से भागने की प्रयास किए जाने लगा तभी पुलिस टीम के द्वारा काफी मशक्कत से मिनी ट्रक नम्बर PB 13BF08675 को जब रोक गया। और जब तलाशी ली गई तो ट्रक में बोरियों से भरे भारी मात्रा में डोडा पाया गया, जिसमें कुल 128.7 'डोडा बरामद हुआ।

## कुकडू में प्रखंड स्तरीय जनता दरबार का हुआ आयोजन

# भीड़, स्वास्थ्य सुविधाओं की विस्तार की मांग, एम्बुलेंस की उठी मांग

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**कुकडू :** सरायकेला जिला के कुकडू प्रखंड क्षेत्र में शुक्रवार को कुकडू प्रखंड कार्यालय के समीप मैदान में प्रखंड स्तरीय जनता दरबार का आयोजन हुआ, जिसमें भारी भीड़ उमड़ी। इस दौरान परिसंपत्तियों का वितरण किया गया, विभिन्न सरकारी विभागों के स्टॉल लगाए गए, और लोगों ने अपनी समस्याओं से संबंधित सैकड़ों आवेदन जमा किए। कार्यक्रम में सरायकेला-खरसावां जिला के उपायुक्त नीतीश कुमार सिंह, ईचागढ़ विधायक सविता महतो, उप विकास आयुक्त आशीष अग्रवाल, अपर उपायुक्त जयवर्द्धन कुमार, डीआरडीए निदेशक अजय तिर्की, जिला परिवहन पदाधिकारी गिरिजा शंकर महतो, जिला आपूर्ति पदाधिकारी सत्येंद्र महतो, सिविल



सर्जन अजय कुमार सिंहा, चांडिल अनुमंडल पदाधिकारी विकास कुमार राय, चांडिल अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अरविंद कुमार बिंहा, जिला परिषद उपाध्यक्ष मधुश्री महतो, कुकडू अंचलाधिकारी सत्येंद्र नारायण पासवान, कुकडू प्रखंड विकास पदाधिकारी राजश्री ललिता बाखला, और कुकडू प्रखंड प्रमुख प्रतिमा वाला पातर सहित कई जनप्रतिनिधि और अधिकारी उपस्थित थे। कार्यक्रम में पहुँचने के दौरान अधिकारियों और विधायक का पारंपरिक तरीके से स्वागत किया गया।

**लाभुकों के बीच परिसम्पत्ति का हुआ वितरण**

जनता दरबार में लोग अपनी समस्याएं लेकर पहुंचे और विभिन्न सरकारी योजनाओं का लाभ लेने के लिए आवेदन जमा किए। जनता दरबार में दर्जनों विभागों के स्टॉल लगाए गए थे, जनता दरबार में उपायुक्त नीतीश कुमार सिंह ने लोगों से सीधे संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं। स्थानीय निवासियों ने स्वास्थ्य व्यवस्था में सुधार, शिक्षकों की कमी, सड़क निर्माण, पेयजल संकट, सिंचाई सुविधाएं, एंबुलेंस की व्यवस्था, आवास निर्माण एवं अन्य कार्यों के लिए बालू की वैकल्पिक व्यवस्था करने, स्थानीय बाजार की सुविधा और कोल्ड स्टोरेज निर्माण जैसी समस्याएं व सुझाव प्रस्तुत किए। संबंधित विभागों ने कई शिकायतों का त्वरित संज्ञान लेते हुए मौके पर ही समाधान किया। इस दौरान परिसम्पत्तियों का वितरण हुआ।

**लिफ्ट इरीगेशन और महिला कॉलेज निर्माण पर विधायक ने दिया जोर**

जनता दरबार को संबोधित करते हुए ईचागढ़ विधायक विधायक सविता महतो ने कहा कि कुकडू प्रखंड गठन के बाद यह पहला प्रखंड स्तरीय जनता दरबार है, जिसका उद्देश्य है झ क्षेत्र के लोगों की समस्याओं को जानना, त्वरित समाधान सुनिश्चित करना और वंचित लाभुकों को सरकारी योजनाओं से जोड़ना है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के विकास को ध्यान में रखते हुए सड़कों की मरम्मत, लिफ्ट इरीगेशन, महिला कॉलेज निर्माण जैसी योजनाओं पर विभागीय एवं राज्य स्तर पर सकारात्मक पहल हुई है, जिनमें से कई योजनाओं को स्वीकृति प्राप्त हो चुकी है और वे टेंडर प्रक्रिया में है।

**आने वाले दिनों में लगाया जाएगा जनता दरबार : उपायुक्त**

अपने संबोधन में उपायुक्त नितिश कुमार सिंह ने जनता दरबार में महिलाओं की सक्रिय भागीदारी की सराहना करते हुए कहा कि सभी विभागों द्वारा प्राप्त आवेदनों का नियमानुसार और समयबद्ध निष्पादन किया जाएगा।

## संक्षिप्त खबरें

### जमीन विवाद में मारपीट पति-पत्नी घायल



**सरिया (गिरिडीह) :** सरिया थाना क्षेत्र के बाल्हेड़ीह में गुरुवार की रात लगभग 9 बजे जमीन विवाद को लेकर मारपीट की घटना हुई। जिसमें पति-पत्नी घायल हो गए। इसे लेकर घायल समरेश सिंह पिता स्वर्गीय बुंडू सिंह ने सरिया थाना में एक आवेदन देते हुए कार्रवाई की मांग की है। आवेदन के आलोक में लिखा है कि उसके हिस्से के जमीन पर उसका सगा भाई लखन सिंह अपने परिजनों के साथ मकान बना रहा था। मना करने पर वह मारपीट की धमकी देता था। जिसकी शिकायत पूर्व में अंचलाधिकारी तथा सरिया थाना में भी की गई थी। उक्त अधिकारियों द्वारा उस जमीन पर कार्य नहीं करने की मनाही भी की गई। परंतु गुरुवार की रात उसका भाई लखन सिंह,चरण सिंह,प्रमिला देवी,बिजंती देवी आदि लोग चुपके से मकान बनाने का काम कर रहे थे। जानकारी मिलने पर आवेदक समरेश सिंह तथा उनकी पत्नी किरण देवी वहां पहुंची तथा कार्य रोकने का आग्रह किया इसी बीच उक्त लोगों ने इन दोनों के ऊपर लाठी डंडे से वार करना शुरू कर दिया जिससे समरेश सिंह के सिर फट गए। सिर और ललाट पर गहरी चोटें आई हैं। दिए। उपायुक्त ने कहा कि मानव संसाधन का अधिकतम उपयोग कर मरीजों को गुणवत्तापूर्ण और संवेदनशील सेवाएं दी जाएं।

### आजसू पार्टी का 22 जून स्थापना को मनायाएगा इसी को लेकर तैयारी बैठक हुआ

**अनगड़ा:** आजसू पार्टी का शुक्रवार को शाम 4:00 बजे अनगड़ा डाक बंगला के बगल पल्लू ढाबा में प्रखंड अध्यक्ष जगरनाथ महतो के अध्यक्षता बैठक किया गया। बैठक के मुख्य अतिथि केंद्रीय सचिव आदरणीय जितेंद्र सिंह जी, केंद्रीय सदस्य विशिष्ट अतिथि आदरणीय राजू नायक उपस्थित हुए। मुख्य अतिथि ने कहा कि 22 जून स्थापना दिवस को लेकर झारखंड के सभी जिलों में झारखंड के पूर्व उपमुख्यमंत्री सह पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष आदरणीय सुदेश कुमार महतो के दिशा निर्देश पर बलिदान दिवस के रूप में कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। रांची मुख्यालय में टाना भगत स्टेडियम खेलगांव में स्थापना दिवस मनाया जाएगा।

# रेलवे साइडिंग में वर्चस्व जमाने के लिए अपराधियों ने की फायरिंग



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रामगढ़ :** जिला में अपराधियों का मनोबल कुछ इस कदर बढ़ चुका है कि जिला पुलिस को चुनौती देते हुए दिन के उजाले में ही भुरकुंडा रेलवे साइडिंग में अंधाधुंध फायरिंग कर क्षेत्र में दहशत फैलाने का काम किया गया है। ज्ञात हो कि घटनास्थल से भदानीनगर थाना माता 30 से 40 मीटर की दूरी पर स्थित है इसके बावजूद अपराधियों द्वारा गोलीबारी की घटना का अंजाम देकर आसानी से निकल जाना पुलिसिया करवाई पर कई सवालिया निशान लग रहा है। जानकारों का माने तो भुरकुंडा रेलवे साइडिंग मैं कोयल का लोडिंग अनलोडिंग कर विभिन्न स्थानों पर भेजा जाता है। जिसमें लिफ्टरो द्वारा कोयला में चारकोल मिलकर विभिन्न स्थानों में भेज दिया जाता है। कोयला में चारकोल मिला दिए जाने से कोयला का वजन बढ़ जाता है। जिसका फायदा सीधे तौर पर लिफ्टरों को मिलता है। इसी चारकोल के खेल में अपने हिस्सेदारी सुनिश्चित किए जाने को लेकर जिले के विभिन्न अपराधिक गिरोह द्वारा गोलीबारी की घटना का अंजाम देकर अपने हिस्सेदारी सुनिश्चित कराया जाता है। हिस्सेदारी सुनिश्चित नहीं होने की स्थिति में अपराधिक गिरोह द्वारा कई बड़ी घटना का अंजाम दिया जाता है। पतरातू एसडीपीओ गौरव गोस्वामी (भापुसे) ने कहा है कि जल्द ही मामले का उद्वेदन कर अपराधियों को जेल के सलाखों के पीछे भेजा जाएगा।

## प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र तिरुलडीह का उपायुक्त ने किया निरीक्षण



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**सरायकेला :** शुक्रवार को कुकडू में आयोजित जनता दरबार के बाद उपायुक्त नीतिश कुमार सिंह ने ईचागढ़ विधायक सविता महतो के साथ कुकडू प्रखंड के तिरुलडीह प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ने स्वास्थ्य केंद्र की सुविधाओं का जायजा लिया और चिकित्सकों व कर्मियों से ओपीडी, प्रसव कक्ष, जांच उपकरण, दवाओं की उपलब्धता और भवन की स्थिति की जानकारी ली। उन्होंने चिकित्सकों की ड्यूटी रोस्टर, रात्रि कालीन ड्यूटी, एएनएम की उपलब्धता और स्वच्छता पर विशेष ध्यान देने के निर्देश उन्होंने मरीजों की संख्या, प्रसव दर और भर्ती रोगियों के आंकड़े लेते हुए सेवा वितरण में सुधार के लिए ठोस कदम उठाने को कहा। निरीक्षण में उपायुक्त ने चिकित्सकों से स्वास्थ्य सेवाओं की चुनौतियों और संसाधनों की जरूरतों से अवगत हुए। इस दौरान उन्होंने मरीजों के प्रति सहानुभूतिपूर्ण व्यवहार को प्राथमिकता देने पर जोर दिया, ताकि लोगों का स्वास्थ्य केंद्रों पर भरोसा बढ़े। मौके पर उप विकास आयुक्त आशीष अग्रवाल, अपर उपायुक्त जयवर्धन कुमार, चांडिल अनुमंडल पदाधिकारी विकास कुमार राय सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे।


**कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय**
**भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल संख्या–2, राँची**
**अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या–23/2025–26**

1. विज्ञापनदाता का पदनाम एवं पता : कार्यपालक अभियन्ता, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल सं0–2, राँची।
2. परिमाण विपत्र बिक्री की तिथि एवं समय : दिनांक 02.07.2025 को 1.00 बजे अपराह्न तक
3. निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय : दिनांक 03.07.2025 को 3.00 बजे अपराह्न तक।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय : दिनांक 03.07.2025 को 3.30 बजे अपराह्न।
5. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान : 1) अधीक्षण अभियन्ता, भवन निर्माण विभाग, भवन अंचल सं0–2, राँची के प्रतिनियुक्त पदाधिकारी द्वारा 2) कार्यपालक अभियन्ता, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल सं0–2, राँची के प्रतिनियुक्त पदाधिकारी द्वारा नगर नियंत्रण कक्ष राँची।
6. निविदा प्राप्ति का स्थान : नगर नियंत्रण कक्ष राँची, कार्यपालक अभियन्ता, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल सं0–2, राँची के प्रतिनियुक्त पदाधिकारी द्वारा।
7. निविदा खोलने का स्थान : अधोहस्ताक्षरी का कार्यालय
8. कार्य की विवरणी :

| क्र0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रू0) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रू0) | अग्रधन की राशि (रू0) | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Renovation of "B" Type Qtr. No.-2427 (F. Fl.) in Sector-2 at HEC, Dhurwa, Ranchi | 3,96,900.00 | 750.00 | 8,000.00 | 1 Month |
| 2 | Renovation of B Type Qtr. No. -267 (S.F) in Sector-3 at HEC, Dhurwa, Ranchi | 3,91,600.00 | 750.00 | 8,000.00 | 1 Month |
| 3 | Renovation of E Type Qtr. No. -346 (F. Fl.) in Sector-2 at HEC, Dhurwa, Ranchi | 12,21,900.00 | 2500.00 | 24,500.00 | 45 Days |
| 4 | Renovation of B Type Qtr. No. -1870 (F. Fl.) in Sector-2 at HEC, Dhurwa, Ranchi | 3,91,500.00 | 750.00 | 8,000.00 | 1 Month |
| 5 | Renovation of "B" Type Qtr. No. -221 (S. Fl.) in Sector-2 at HEC, Dhurwa, Ranchi | 3,96,500.00 | 750.00 | 8,000.00 | 1 Month |
| 6 | Renovation of 'CD' Type Qtr. No-392 (G. Fl.) in Sector 2 at HEC, Dhurwa, Ranchi | 7,01,300.00 | 1250.00 | 14,500.00 | 1 Month |
| 7 | Renovation of "B" Type Qtr. No. -350 (G. Fl.) in Sector-3 at HEC, Dhurwa, Ranchi | 3,92,300.00 | 750.00 | 8,000.00 | 1 Month |
| 8 | Renovation of "CD" Type Qtr. No. -246 in Sector-2 at HEC, Dhurwa, Ranchi | 5,40,300.00 | 1250.00 | 11,000.00 | 1 Month |

नोट निविदा की शर्तें http://www.jharkhand.gov.in एवं कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखी जा सकती है।

कार्यपालक अभियन्ता भवन निर्माण विभाग
भवन प्रमण्डल संख्या–2, राँची

PR 354998 Building(25-26)D


### नशा मुक्ति अभियान को लेकर विभिन्न प्रखंडों में शपथ ग्रहण कार्यक्रम का हुआ आयोजन



**रामगढ़ :** गृह कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग झारखंड सरकार के निर्देशानुसार 10 जून 2025 से 26 जून 2025 तक की अवधि को पूरे राज्य में नशा मुक्ति अभियान के रूप में मनाया जा रहा है। इसी क्रम में अभियान के तहत शुक्रवार को उपायुक्त रामगढ़ श्री फैज अक अहमद मुमताज के निर्देश पर जिले के विभिन्न प्रखंडों में जिला समाज कल्याण पदाधिकारी एवं प्रखण्ड विकास पदाधिकारियों द्वारा नशा मुक्ति संबंधित जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस दौरान लोगों को विभिन्न माध्यमों से नशे के दुष्प्रभाव के प्रति जागरूक किया गया। साथ ही अभियान के तहत स्थल पर वृहद रूप से शपथ ग्रहण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से आंगनबाड़ी सेविकाओं, सहायिकाओं, स्वास्थ्य सहियाओं सहित बड़ी संख्या में अन्य लोग उपस्थित थे।

### सिगपुर नर्सिंग होम के ब्लड बैंक में रक्तदान शिविर का हुआ आयोजन

**सिल्ली :** मुरी शनिवार को विश्व रक्तदान दिवस के अवसर पर सिंगपुर नर्सिंग होम के ब्लड बैंक में रक्तदान शिविर का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे। सिंगपुर नर्सिंग होम के निदेशक डॉ. रमनेश प्रसाद ने सभी जागरूक नागरिकों से रक्तदान करने की अपील की है। यह पहल समाज में रक्तदान के प्रति जागरूकता बढ़ाने और जरूरतमंद लोगों की मदद करने के उद्देश्य से की जा रही है। रक्तदान को महादान माना जाता है, और यह किसी के जीवन को बचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। यदि आप रक्तदान करने की योजना बना रहे हैं या अधिक जानकारी चाहते हैं, तो आप सिंगपुर नर्सिंग होम के ब्लड बैंक से संपर्क कर सकते हैं। आइए, इस पहल में भाग लेकर समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाएं ।

# उषा मार्टिन फाउंडेशन की पहल

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



- स्वास्थ्य अभियान का गांवों में सकारात्मक परिवर्तन
- हेसल-सिलवई की किशोरियों में एनीमिया में कमी दर्ज
- गांवों में संस्थागत प्रसव सौ फीसदी तक बढ़ीं
- महिलाओं को 20 हजार तक आर्थिक बचत
- एक्सआईएसएस के रिपोर्ट में खुलासा

**रांची :** दूर-दराज के गांवों में, जहाँ आज भी लोगों को इलाज की सुविधा आसानी से नहीं मिल पाती, वहाँ उषा मार्टिन फाउंडेशन ने हजारों ग्रामीणों की जिंदगी में सकारात्मक बदलाव लाया है। जिन गांवों में उषा मार्टिन फॉउंडेशन के तहत स्वास्थ्य कार्यक्रम चलाये जा रहे हैं, वहां संस्थागत प्रसव सौ फीसदी तक बढ़ी है। इसके अलावा हेसल, सिलवई, मासू और उलातू गांवों की किशोरियों में एनीमिया में कमी दर्ज की गयी है। यह अभियान शालिनी अस्पताल के माध्यम से "आरोग्यम प्रोजेक्ट" के तहत चलाया गया है। जेवियर इंस्टीट्यूट ऑफ सोशल सर्विस रांची के ग्रामीण प्रबंधन के छात्र मुकुल मक्कड़ और आर्य सिंह द्वारा 18 गाँवों में वर्ष 2024-2025 की स्वास्थ्य पहलों का प्रभाव आंकने के लिए एक नई रिपोर्ट तैयार की गई, जिसमें यह स्पष्ट रूप से सामने आया कि फाउंडेशन की योजनाएँ जमीनी स्तर पर असरदार साबित हो रही हैं। रिपोर्ट में बताया गया कि एनीमिया रोकथाम कार्यक्रम के तहत 153 किशोरियों को आयरन-फोलिक एसिड की गोलियाँ और पोषण से जुड़ी काउंसलिंग दी गई, जिसके बाद 78 किशोरियों के हीमोग्लोबिन स्तर में सुधार देखा गया और उनकी स्कूल उपस्थिति भी बढ़ी। संस्थागत प्रसव योजना के तहत 139 गर्भवती महिलाओं को प्रसवपूर्व देखभाल की सुविधा दी गई, जिससे सुरक्षित अस्पताल में डिलीवरी को बढ़ावा मिला और परिवारों को औसतन 20,000 तक की आर्थिक बचत हुई, जो पहले निजी इलाज और सफर में खर्च होते थे। मोतियाबिंद ऑपरेशन की सुविधा से 95 से अधिक मरीजों की आँखों की रोशनी वापस लौटी, जिससे उनमें आत्मविश्वास और सामाजिक जीवन में भागीदारी बढ़ी।


**कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग, झारखण्ड, राँची।**
**(भूमि संरक्षण निदेशालय, झारखण्ड)**
**कार्यालय –भूमि संरक्षण पदाधिकारी, खूँटी।**
**email :scokhunti@gmail.com**

**अनुदानित दर पर ट्रैक्टर एवं कृषि यंत्र वितरण योजना के लिए आवेदन करने हेतु सूचना**

विभागीय स्वीकृत्यादेश सं0– 08 दिनांक 22.05.2025 द्वारा वित्तीय वर्ष 2025–26 में केन्द्र प्रायोजित RKVY योजना अन्तर्गत Sub Mission on Agricultural Mechanization (SMAM) उपयोजना के तहत् ट्रैक्टर एवं अन्य कृषि यंत्रों के वितरण की योजना।

1. कृषि उपकरण बैंक की स्थापना की योजना :–

(क) उक्त योजना का कार्यान्वयन झारखण्ड स्टेट लाईवलीहुड प्रमोशन सोसाईटी (JSLPS) द्वारा गठित सक्षम महिला स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से किया जायेगा। JSLPS द्वारा महिला स्वयं सहायता समूहों की सूची उपलब्ध नही करायी गयी है, तो उस स्थिति में Village Organization (V.O) अथवा कलस्टर फेडरेशन/सहकारी समिति/कृषक उत्पादक संस्थान (FPOs), जलछाजन समिति, लैम्पस–पैक्स के माध्यम से योजना का कार्यान्वयन किया जायेगा।

(ख) जिन कृषक समूहों एवं कृषकों द्वारा पूर्व में विभाग द्वारा कृषि उपकरण बैंक की स्थापना या अन्य किसी केन्द्रीय प्रायोजित/राज्य योजना के माध्यम से कृषि यंत्र प्राप्त किया गया होगा, उन यंत्रों को छोड़कर ही अन्य कृषि यंत्रो के लिए पात्रता होगी।

(ग) प्राप्त आवेदनों की जाँचोपरान्त उन पर संबंधित ग्राम सभा से अनुशंसा प्राप्त करके संबंधित जिलों के उपायुक्तों की अध्यक्षता में गठित चयन समिति का अनुमोदन प्राप्त किया जायेगा।

| कृषि उपकरण बैंक की स्थापना का खूँटी जिलें में कुल लक्ष्य | लागत राशि प्रति कृषि उपकरण बैंक | अनुदान प्रति कृषि उपकरण बैंक |
|---|---|---|
| 04 | 10.00 (राशि लाख में) | लागत का 80 प्रतिशत अधिकतम 8.00 लाख (राशि लाख में) |

1. व्यक्तिगत अनुदान पर कृषि यंत्रों का वितरण की योजना :–

(क) अनु0 जाति, अनु0 जन0 जाति, लघु सीमान्त कृषकों एवं महिला कृषकों को व्यक्तिगत अनुदान पर कृषि यंत्रों का वितरण :–

| Sl No. | Name of Agricultural Machinery/Equipments | अधिकतम अनुदान की सीमा | लक्ष्य |
|---|---|---|---|
| 1 | Tractor 4 WD (Upto 20 PTO HP) | 2.45 | 3 |
| 2 | Tractor 2 WD (Above 20 PTO HP & Upto 40 PTO HP) | 3.00 | 10 |
| 3 | Power Tiller (8 BHP & Upto 11 BHP) | 2.00 | 1 |
| 4 | Power Tiller (Above 11 BHP) | 2.40 | 1 |
| 5 | Self-Propelled Power Weeder (Below 2 BHP) | 0.30 | 1 |
| 6 | Self-Propelled Power Weeder (2 BHP & Below 5 BHP) | 0.40 | 1 |
| 7 | Self-Propelled Power Weeder (5 BHP & Below 7.5 BHP & Above) | 0.75 | 1 |
| 8 | Self-Propelled Rice Transplanter (4 Rows) | 1.70 | 1 |
| 9 | Self-Propelled Crop Reaper (4 Rows) | 0.75 | 2 |
| | **Tractor (Below 20 BHP) driven equipments.** | | |
| 10 | MB Plough (Signal Bottom) | 0.22 | 1 |
| 11 | Cage wheel | 0.15 | 2 |
| 12 | Cultivator | 0.20 | 2 |
| 13 | Multi crop Thresher | 0.40 | 1 |
| 14 | Paddy Thresher | 0.38 | 1 |
| | **Tractor (Above 20–35 BHP) driven equipments.** | | |
| 15 | MB Plough (Signal Bottom) | 0.35 | 1 |
| 16 | Cage wheel | 0.18 | 10 |
| 17 | Cultivator | 0.18 | 12 |
| 18 | Multi crop Thresher | 1.25 | 1 |
| 19 | Paddy Thresher | 1.00 | 1 |
| 20 | Rotavator upto 5 Feet | 0.46 | 3 |
| 21 | Zero–till Seed drill multi crop (7 tines) | 0.23 | 3 |
| | **Tractor (Above 35 BHP) driven equipments.** | | |
| 22 | Rotavator (6 Feet) | 0.60 | 1 |
| 23 | Rotavator (7 Feet) | 0.70 | 5 |
| 24 | Manual sprayer : Knapsack/foot/battery operated sprayer | 0.01 | 5 |
| 25 | Solar Operated Knapsack sprayer | 0.02 | 5 |
| 26 | Powered Knapsack sprayer/Power Operated sprayer Capacity 8 – 12 Ltr) : <0.75 Hp engine) | 0.03 | 5 |
| | **Irrigation equipments.** | | |
| 27 | Petrol/Diesel/Electric/Tractor PTO Operated/Portable Irrigation pumps up to 15 HP | 0.18 | 15 |
| 28 | Manual sprayer : Knapsack/foot/battery operated sprayer | 0.018 | 20 |
| 29 | Soalr Operated Knapsack Sprayer | 0.036 | 5 |

❖ व्यक्तिगत कृषक सूचना प्रकाशन की तिथि से निम्न कार्यालय से आवेदन पत्र निःशुल्क प्राप्त कर अपना आवेदन कार्यालय में जमा कर सकेगें।

❖ जिन कृषक द्वारा कृषि यंत्र अनुदान पर लिया जायेगा उस कृषि यंत्र को पुनः पाँच साल के उपरांत ही देय होगी, अथवा विगत पाँच वर्षो में अनुदान पर कृषि यंत्र प्राप्त किया हो पात्रता रद्द हो जाएगी।

**उक्त योजना से संबंधित अन्य जानकारियों के लिए निम्न पते पर संपर्क किया जा सकता है।**

कार्यालय का पता– भूमि संरक्षण पदाधिकारी, खूँटी
संयुक्त कृषि भवन, खूँटी–835210

भूमि संरक्षण पदाधिकारी,
खूँटी।

PR 354932 (Agriculture) 25-26 (D)


# कोयल नदी ब्रिज के पास राहगीर को लूटने वाले तीन अपराधी गिरफ्तार, दो फरार

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**पलामू :** पलामू-गढवा के सीमावर्ती रेहला और बेलचम्पा के बीच कोयल नदी ब्रिज के पास दो राहगिरों को हथियार का भय दिखाकर लूटपाट करने वाले तीन लुटेरों को शुक्रवार को गिरफ्तार किया गया। उनके पास से लोहे का एक देसी कट्टा, लूटा हुआ मोबाइल फोन सहित चार मोबाइल फोन, दो बाइक, लूटा हुआ दो बैग आदि बरामद किया गया है। अपराधियों की पहचान गढवा के नारायणपुर के अनुप कुमार ( 19 ) , रूपेश कुमार



( 19 ) और महुलिया के सोजल राम ( 19 ) के रूप में हुई है। दो अन्य फरार आरोपितों में रोहित कुमार और शालू उर्फ अमरदीप लाल हैं। दोनों गढवा के पचपड़वा के रहने वाले हैं। पुलिस के अनुसार 12 जून की रात्रि करीब तीन बजे गढवा के बेलचम्पा कोयल नदी ब्रिज के पास दो राहगीर से लूटपाट की गयी थी। दोनों पैदल आ रहे थे। अपराधी दो मोटरसाइकिल पर सवार थे। उनकी संख्या पांच थी। हथियार दिखाकर 6500 नगद, दो मोबाइल, दो बैग एवं बैग में रखे अन्य महत्वपूर्ण कागजात लूट लिए थे। मामला दर्ज होने पर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी गढवा नीरज कुमार के नेतृत्व में टीम गठित कर अनुसंधान किया गया और गुप्त सूचना के आधार पर अनुप कुमार और सोजल के पास से लूटे गए मोबाइल एवं घटना में इस्तेमाल एक मोटरसाइकिल बरामद की गयी। पूछताछ में दोनों ने रोहित कुमार, रूपेश कुमार एवं शालू उर्फ अमरदीप के भी शामिल होने की जानकारी दी। दोनों की निशानदेही पर रूपेश को गढवा के नारायणपुर ओवर ब्रिज के पास से गिरफ्तार किया गया। उसकी तलाशी लेने पर घटना में इस्तेमाल देशी कट्टा बरामद किया गया। बिना नंबर की मोटरसाइकिल भी बरामद हुई। गिरफ्तारी टीम में एसडीपीओ के अलावा गढवा के थाना प्रभारी इंस्पेक्टर ब्रिज कुमार, पुअनि बिकू कुमार रजक, रंजन कुमार साह, जनार्दन राउत, सअनि संजय कुमार सिंह और पुलिस जवान शामिल थे।

# अहमदाबाद में 'सपनों की उड़ान' से सुलगते सवाल

अहमदाबाद में 12 जून की सुबह आम दिनों की तरह सामान्य थी। किसी ने सपने में भी नहीं सोचा होगा कि आज की दोपहर रुलाने वाली होगी। एअर इंडिया की फ्लाइट ए1-171 लंदन के गैटविक एयरपोर्ट के लिए उड़ान भरने कुछ ही सेकंड बाद क्रैश हो गई। यह हादसा सिर्फ अहमदाबाद को ही नहीं, पूरे राष्ट्र की आत्मा को झकझोर गया। इस विमान में 230 यात्री और 12 क्रू मेंबर थे। सभी की अपनी-अपनी कहानियां थीं। कोई पहली बार विदेश जा रहा था। किसी को बेटी की शादी में शामिल होना था। कोई नौकरी के लिए लंदन जा रहा था तो कोई अपने बेटे से मिलने। किसी ने शायद दरवाजा बंद करते समय पीछे मुड़कर देखा हो। मगर अधिकांश ने आखिरी बार कहा होगा-पहुंचकर फोन करना। लेकिन इसका मौका 'सपनों की उड़ान' भरने वालों को नहीं मिला। इस विमान का बड़ा हिस्सा मेघानी नगर के मेडिकल छात्रावास पर भी गिरा। इससे वहा रह रहे छह छात्र भी मौत के मुंह में समा गए। यह युवा भविष्य में किसी की जान बचा सकते थे। दुर्भाग्य देखिए, उनकी अपनी जानें ही नहीं बच सकीं। किसी मोबाइल फोन की स्क्रीन पर शायद अभी भी ममता का "मिस्ड कॉल" दिख रहा होगा। किसी के व्हाट्स ऐप पर अब भी "लैंड करते ही मैसेज करना" लिखा होगा। हादसे में मर जाना अलग बात है, लेकिन बिना अलविदा कहे दुनिया छोड़ जाना एक अकल्पनीय दुःख होता है। एअर इंडिया का यह ड्रीमलाइनर विमान आधुनिकतम सुरक्षा तकनीक से लैस था। ड्रीमलाइनर 787 को उड्डयन जगत में विश्वसनीय माना जाता है। फिर सवाल उठता है- कैसे हुआ ये हादसा? क्या विमान में पहले से कोई तकनीकी गड़बड़ी थी? क्या मेंटेनेंस में लापरवाही बरती गई? या फिर यह एक दुर्भाग्यपूर्ण संयोग है? कैप्टन सुमीत सबरवाल इस विमान को उड़ा रहे थे। वे 8200 घंटे के उड़ान अनुभव वाले वरिष्ठ पायलट थे। उनके साथ सह-पायलट क्लाइव कुन्दर भी थे। उनके पास भी पर्याप्त उड़ान अनुभव था। कहते हैं कि दोनों ने आखिरी क्षण तक विमान को कंट्रोल करने की कोशिश की। ब्लैक बॉक्स से मिली रिकॉर्डिंग में कैप्टन की अंतिम आवाज 'मेडे कॉल' के रूप मे दर्ज है। प्रशासन ने रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू करने में देर नहीं की। खबर फैलते ही अस्पतालों के बाहर परिजनों की चीखें सुनाई देने लगीं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीर स्टारमर ने हादसे पर गहरा शोक व्यक्त किया है। हादसों के बाद हम अकसर संवेदनाएं प्रकट करते हैं। मोमबत्तियाँ जलाते हैं। सोशल मीडिया पर पोस्ट डालते हैं और फिर भूल जाते हैं। लेकिन इस बार कुछ बदलना होगा। कई परिवार ऐसे हैं जिनका एकमात्र कमाने वाला सदस्य इस हादसे में चला गया। कुछ ऐसे हैं जिनके तीन-तीन सदस्य एकसाथ उड़ान पर थे और अब उनकी कोई स्मृति शेष नहीं। एक छह साल की बच्ची की तस्वीर वायरल हो रही है जो अपने दादा-दादी के साथ पहली बार विदेश जा रही थी। अब उसकी गुलाबी गुड़िया राख में मिली है। एक नवविवाहिता जो ससुराल के लिए रवाना हुई थी, अब ताबूत में लौटेगी। यह कहानियां तकलीफदेह हैं। इस हादसे के बाद हमें दो काम जरूर करने चाहिए। पहला- पीड़ित परिवारों को हर संभव सरकारी, कानूनी और मानसिक सहायता दी जाए। दूसरा-यह सुनिश्चित किया जाए कि भारत की कोई भी उड़ान हो, उसे उड़ने से पहले सौ बार जांचा जाए। एक शोक रचना याद आ रही है- "जो उड़ने चले थे सितारे बन के, वो राख में अब निशान बन के रह गए।" यह दुर्घटना उन सभी यात्रियों को श्रद्धांजलि है जो सिर्फ मंज्ल की आशा लेकर चले थे और अब हमारी यादों का हिस्सा बन गए हैं। वे लौटकर नहीं आएंगे, लेकिन अगर हमने उनकी याद में सिस्टम को बेहतर बना दिया, तो शायद उनके जाने का कोई अर्थ रह जाएगा।

# स्वैच्छिक रक्तदान की संस्कृति को बढ़ावा देकर उजाला बने

**ललित गर्ग**

किसी के जीवन में रंग भरने का, जीवन और मौत के बीच जूझ रहे लोगों को जीवन देने का और अधिक स्वास्थ्य संकट से घीरे व्यक्ति के जीवन में आशा की किरण बनने का सशक्त माध्यम है रक्तदान। दुनिया भर में अनगिनत लोगों को रक्त की अपेक्षा होती है, इसलिये रक्तदान-महादान है। रक्तदान के महत्व को उजागर करने के लिये विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा हर साल 14 जून को 'विश्व रक्तदान दिवस' मनाया जाता है। किसी व्यक्ति के जीवन में रक्तदान के महत्व को समझाने के साथ ही रक्तदान करने के लिये आम इंसान को प्रेरित एवं प्रोत्साहित करने के लिये यह दिवस मनाया जाता है। इंसान की सम्पत्ति का कोई मतलब नहीं अगर उसे बांटा और उपयोग में नहीं लाया जाए, चाहे वे शरीर का रक्त ही क्यों न हो। किसी व्यक्ति की रक्तअल्पता के कारण मृत्यु न हो, इस दृष्टि से रक्तदान एक महा-दान है, जो किसी को जीवन-दान देने के साथ हमें स्वर्ग-पथ की ओर अग्रसर करता है। ऐसा दानदाता समाज, सृष्टि एवं परमेश्वर के प्रति अपना कर्त्तव्य पालन करता है। रक्तदाता कोई भी हो सकता है, जिसका रक्त किसी अत्यधिक जरुरतमंद मरीज को दिया जा सकता है। किसी के द्वारा दिये गये रक्त से किसी को नया जीवन मिल सकता है, उसकी जिन्दगी में बहार आ जाती है। इस वर्ष इस दिवस की थीम है 'रक्त दें, आशा दें- साथ मिलकर हम जीवन बचाते हैं।' यह थीम रक्तदाताओं के जीवन-परिवर्तनकारी प्रभाव पर प्रकाश डालती है, समुदाय और एकता का सम्मान करती है, तथा नए और नियमित रक्तदाताओं दोनों को जीवन बचाने में मदद करने के लिए प्रेरित करती है।

दरअसल विश्व रक्तदान दिवस, शरीर विज्ञान में नोबल पुरस्कार प्राप्त कर चुके वैज्ञानिक कार्ल लैंडस्टाईन की याद में पूरे विश्व में मनाया जाता है, उनका जन्म 14 जून 1868 को हुआ था। उन्होंने मानव रक्त में उपस्थित एग्ल्युटिनिन की मौजूदगी के आधार पर रक्तकणों का ए, बी और ओ समूह की पहचान की थी। रक्त के इस वर्गीकरण ने चिकित्सा विज्ञान में महत्वपूर्ण योगदान दिया। इसी खोज के लिए महान वैज्ञानिक कार्ल लैंडस्टाईन को साल 1930 में नोबल पुरस्कार दिया गया था। उनकी इसी खोज से आज करोड़ों से ज्यादा लोग रक्तदान रोजाना करते हैं और इसी के कारण लाखों की जिंदगियां बचाई जाती हैं, जिससे रक्त प्राप्त करने वाले व्यक्ति को एक नयी जिंदगी और उनके परिवारों के चेहरे पर एक प्राकृतिक मुस्कुराहट देता है। रक्तदान का महत्व न केवल उन हजारों लोगों के जीवन को बचाना है जो रक्त की कमी या अभाव के कारण जीवन एवं मृत्यु के बीच संघर्षरत हैं, बल्कि विभिन्न बीमारियों से प्रभावित कई अन्य लोगों के जीवन को बचाना और उन्हें अनेक बीमारियों से लड़ने में मदद करना भी है। कल्पना कीजिए कि यह जानकर कैसा महसूस होगा कि आपने किसी की जान बचाई है। आपकी वजह से, कोई व्यक्ति अब अपने परिवार के साथ रह रहा है, पढ़ाई कर रहा है और दुनिया में मौजूद है। यह दिन चुनौतियों को स्वीकार करता है और सुरक्षित रक्त दान को सार्वभौमिक रूप से सुलभ बनाने की दिशा में प्रगति को गति देता है।

इस दिवस को मनाने का एक और महत्वपूर्ण कारण स्वैच्छिक रक्तदान की संस्कृति को बढ़ावा देना है। जो यह सुनिश्चित करता है कि दुनिया को सबसे ज्यादा जरूरत पड़ने पर सुरक्षित रक्त मिल सके। यह भी देखा गया है कि जब लोगों ने अपना रक्तदान किया है, तो उन्हें कई स्वास्थ्य लाभ प्राप्त हुए हैं। रक्तदान करने वाले ज्यादातर लोग अपनी बीमारियों से जल्दी ठीक हो जाते हैं और लंबी उम्र जीते हैं, यह वजन घटाने, स्वस्थ लीवर और आयरन के स्तर को बनाए रखने, दिल के दौरे और कैंसर के जोखिम को कम करने में भी मदद करता है। इस अभियान का उद्देश्य सुरक्षित रक्त और प्लाज्मा दान की निरंतर आवश्यकता के बारे में सार्वजनिक जागरूकता बढ़ाना, दानकताओं के सकारात्मक प्रभाव पर जोर देना, तथा राष्ट्रीय रक्त कार्यक्रमों में निवेश करने और उन्हें बनाए रखने के लिए सरकारों और विकास भागीदारों से समर्थन जुटाना है।

भारत विश्व की सबसे बड़ी आबादी वाला देश होने के बावजूद रक्तदान में काफी पीछे है। रक्त की कमी को खत्म करने के लिए विश्व भर में रक्तदान दिवस मनाया जा रहा है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के मानक के तहत भारत में सालाना एक करोड़ यूनिट रक्त की जरूरत है लेकिन उपलब्ध 75 लाख यूनिट ही हो पाता है। यानी करीब 25 लाख यूनिट रक्त के अभाव में हर साल हजारों मरीज दम तोड़ देते हैं। यह अकारण नहीं कि भारत की आबादी भले ही डेढ़ अरब पहुंच गयी हो, रक्तदाताओं का आंकड़ा कुल आबादी का एक प्रतिशत भी नहीं पहुंच पाया है। वहीं दुनिया के कई सारे देश हैं जो इस मामले में भारत को काफी पीछे छोड़ देते हैं। मालूम हो कि नेपाल में कुल रक्त की जरूरत का 90 फीसदी स्वैच्छिक रक्तदान से पूरा होता है तो श्रीलंका में 60 फीसदी, थाईलेण्ड में 95 फीसदी, इण्डोनेशिया में 77 फीसदी और अपनी निरंकुश हुकूमत के लिए चर्चित बर्मा में 60 फीसदी हिस्सा रक्तदान से पूरा होता है।

रक्तदान को लेकर विभिन्न भ्रांतियां समाज में परिव्यपाप्त है। रक्त की महिमा सभी जानते हैं। रक्त से आपकी जिंदगी तो चलती ही है साथ ही कितने अन्य के जीवन को भी बचाया जा सकता है। भारत में अभी भी बहुत से लोग यह समझते हैं कि रक्तदान से शरीर कमजोर हो जाता है और उस रक्त की भरपाई होने में महीनों लग जाते हैं। इतना ही नहीं यह गलतफहमी भी व्याप्त है कि नियमित रक्त देने से लोगों की रोगप्रतिरोधक क्षमता कम होती है और उसे बीमारियां जल्दी जकड़ लेती हैं। यहाँ भ्रम इस कदर फैला हुआ है कि लोग रक्तदान का नाम सुनकर ही सिहर उठते हैं। भारतीय रेडक्रास के अनुसार देश में रक्तदान को लेकर भ्रांतियाँ कम हुई हैं पर अब भी काफी कुछ किया जाना बाकी है। किसी व्यक्ति को रक्त की आवश्यकता क्यों होती है इसके विभिन्न कारण हैं। एक बीमारी, दुर्घटना असाध्य ओपरेशन कुछ भी हो सकती है, लेकिन यह महत्वपूर्ण है।

रक्तदान करते हुए डोनर के शरीर से केवल 1 यूनिट रक्त ही लिया जाता है। एक बार रक्तदान से आप 3 लोगों की जिंदगी बचा सकते हैं। ब्लड डोनेशन की प्रक्रिया काफी सरल होती है और रक्त दाता को आमतौर पर इसमें कोई तकलीफ नहीं होती हैं। रक्त दाता का वजन, पल्स रेट, ब्लड प्रेशर, बॉडी टेम्परेचर आदि चीजों के सामान्य पाए जाने पर ही डॉक्टर्स या ब्लड डोनेशन टीम के सदस्य आपका ब्लड लेते हैं। पुरुष 3 महीने और महिलाएं 4 महीने के अंतराल में नियमित रक्तदान कर सकती हैं। यदि आप स्वस्थ हैं, आपको किसी प्रकार का बुखार या बीमारी नहीं हैं, तो ही आप रक्तदान कर सकते हैं। रक्तदान खुशी देने एवं खुशी बटोरने का एक जरिया है। एक चीनी कहावत- पुष्प इकट्ठा करने वाले हाथ में कुछ सुगंध हमेशा रह जाती है। जो लोग दूसरों की जिंदगी रोशन करते हैं, उनकी जिंदगी खुद रोशन हो जाती है। रक्तदान ऐसा पुण्य है जो किसी को नयी जिन्दगी देता है तो खुद को भी खुशी का अहसास कराता है।

रक्तदान पूरे विश्व में मनाये जाने वाले महत्त्वपूर्ण दिवसों में से एक है। कोई भी व्यक्ति चाहे, वह किसी भी उम्र, जाति, धर्म और समुदाय का हों, वह रक्तदान कर सकता है। भारत महर्षि दधीचि जैसे ऋषियों का देश है, जिन्होंने एक कबूतर के प्राणों व असुरों से जन सामान्य की रक्षा के लिये अपना देहदान कर दिया था। परंतु समय के साथ भारत में रक्तदान की प्रवृत्ति में गिरावट देखी गई। निश्चित तौर पर रक्तदान करके किसी अन्य व्यक्ति की जिंदगी में नई उम्मीदों का सवेरा लाया जा सकता है। इस तरह रक्तदान करने से एक प्रेरणादायी शक्ति पैदा होती है, जो अद्भुत होती है, यह ईश्वर के प्रति सच्ची प्रार्थना है। इस तरह की उदारता व्यक्ति की महानता का द्योतक है, जो न केवल आपको बल्कि दूसरे को भी प्रसन्नता, जीवनऊर्जा एवं जीवन प्रदान करती है।

# अहमदाबाद विमान हादसा... यह सरकार और सिस्टम को दोष देने का नहीं, प्रार्थना का समय है

**डॉ. मयंक चतुर्वेदी**

अहमदाबाद विमान हादसे के बाद से इस पर संवेदनाएं व्यक्त करनेवालों के साथ ही एक ऐसा वर्ग भी सोशल मीडिया पर दिखाई दे रहा है, जो लगातार इस घटना के बहाने अपनी सरकार और पूरे सिस्टम को दोषी करार दे रहा है। जिन्हें देश के बड़े उद्योगपतियों से आपत्ति है, उनका विरोध यहां तक पहुंच गया है कि वह उन्हें भी इस हादसे का दोषी करार दे रहे हैं। एयर इंडिया का निजीकरण करने की आलोचना कर रहे हैं और सरकार को इस दुर्घटना का कारण मानकर उसे कटघरे में खड़ा कर रहे हैं। किंतु क्या यह व्यवहार ठीक है? जब देश के प्रत्येक नागरिक को इस दुखद प्रसंग में एक साथ खड़े होना चाहिए, जब उन्हें मृतकों के लिए शांति की प्रार्थना करनी चाहिए तब क्या इस प्रकार के लोगों का नकारात्मक व्यवहार उचित कहा जा सकता है? कई पोस्ट पढ़ते वक्त लगा कि ये क्या लिखा जा रहा है? कहा जा रहा है कि अहमदाबाद सरदार वल्लभभाई पटेल एयरपोर्ट के ऑपरेशन और मेंटेनेंस का काम Adani Enterprises की कंपनी Ahmedabad International Airport Ltd (AIAL) देखती है, जिसे 2020 में एयरपोर्ट का ठेका 50 साल के लिए मिला था। एयर इंडिया का मालिकाना हक टाटा ग्रुप के पास है। अक्टूबर 2021 में सरकार ने एयर इंडिया का निजीकरण करते हुए इसे टाटा ग्रुप को सौंप दिया था। निजीकरण के नाम पर जनता की जेब पर डाका डाला जा रहा है लेकिन सुविधाएं घटिया होती जा रही हैं। पब्लिक ट्रांसपोर्ट का जब से प्राइवेटाइजेशन हुआ है तब से स्थिति खस्ताहाल होती जा रही है रोडवेज बसे, ट्रेन और अब फ्लाइट...। इसी तरह से किसी भी स्तर पर जाकर जिन्हें केंद्र की मोदी सरकार को कोसने का अवसर चाहिए, उन्होंने भी इस हादसे में अपने लिए अवसर ढूंढ़ लिया। अब जो यह लिख रहे हैं, उन्हें पूरी हकीकत भी पहले जान लेना चाहिए। क्योंकि समझनेवाली बात यह है कि अदानी कंपनी का काम एयरपोर्ट की देखभाल है, हवाई जहाज उड़ाने और लैंड कराने का काम एयरपोर्ट ऑथोरिटी का है। फिर भी उद्योगपति गौतम अडानी की जो प्रतिक्रिया सामने आई है, वह एक बार सभी को अवश्य देखना चाहिए। अडानी ने कहा, हम एयर इंडिया की फ्लाइट 171 की त्रासदी से स्तब्ध और बहुत दुखी हैं। हमारी संवेदनाएं उन परिवारों के साथ हैं, जिन्होंने अकल्पनीय क्षति झेली है। हम सभी अधिकारियों के साथ मिलकर काम कर रहे हैं और जमीन पर मौजूद परिवारों को पूरा समर्थन दे रहे हैं। इस वक्त अडानी समूह एयर इंडिया के विमान अक्171 के दुर्घटनाग्रस्त होने के बाद से चल रहे बचाव और राहत कार्यों में सभी संबंधित अधिकारियों के साथ समन्वय में काम कर रहा है। एयरपोर्ट के ऑपरेटर के तौर पर, अडानी ग्रुप की ग्राउंड टीमें घटनास्थल पर सबसे पहले प्रतिक्रिया देने वालों में से थीं, जो एयरपोर्ट संचालन, आपातकालीन प्रतिक्रियाकताओं और राष्ट्रीय आपदा टीमों के बीच समन्वय स्थापित करने के लिए काम कर रही थीं। यहां इससे अधिक हम क्या अपेक्षा कर सकते हैं अडानी ग्रुप से? जबकि वह तो अपना काम अच्छे से कर ही रहा है। हालांकि यह गहन जांच का विषय है कि उक्त हादसा हुआ क्यों? पर हमें इस तथ्य को भी नजरअंदाज नहीं करना चाहिए कि यह पहला मौका नहीं है जब बोइंग का कोई विमान क्रैश हुआ है। हादसों के मामले में बोइंग विमानों का इतिहास दागदार है। इससे पहले 2024 में दक्षिण कोरिया में बोइंग का विमान क्रैश हुआ था, जिसमें लगभग 180 लोगों की जान चली गई थी। इसमें बोइंग का 737-800 एयरक्राफ्ट शामिल था, जो 737 मैक्स का नया वर्जन था। 2018 और 2019 में भी बोइंग 737 मैक्स का विमान क्रैश हुआ था, जिनमें लायन एयर फ्लाइट 610 और इथियोपियन एयरलाइंस फ्लाइट 302 शामिल थीं। इन दुर्घटनाओं में 346 यात्री और क्रू मेंबर्स की जान चली गई। इस संबंध में अभी तक सामने आए आंकड़ों के अनुसार, बोइंग विमान दुनिया भर में लगभग 6,000 दुर्घटनाओं में शामिल रहे हैं। इसमें 415 घातक थीं और 9,000 से अधिक लोगों की मृत्यु हुई है। दुनिया भर में हजारों यात्री विमानों में कम से 4,000 से ज्यादा विमान बोइंग 737-800 हैं। न्यूयार्क टाइम्स की एक रिपोर्ट में कहा गया है कि एशिया, यूरोप और उत्तरी अमेरिका महाद्वीप में बोइंग विमानों का इस्तेमाल प्रमुखता से किया जाता है। वहीं, पिछले कुछ वर्षों में पायलटों ने इंजन में बर्फ जमने, ईंधन रिसाव, जनरेटर की विफलता और विद्युत प्रणाली में खराबी जैसी समस्याओं की भी शिकायत की है। इन्हीं कमियों के चलते 2024 में कंपनी के एक इंजीनियर, व्हिसलब्लोअर सैम सालेहपुर ने ड्रीमलाइनर के मुख्य भाग में संरचनात्मक समस्याओं के बारे में अमेरिकी सीनेट को बताया था। इसके बाद बोइंग फिर से जांच के दायरे में आ गया। उन्होंने दावा किया था कि छोटी-छोटी खामियां और सही असेंबलिंग न होना विमान के जल्द खराब होने और संरचनात्मक विफलता का कारण बन सकते हैं। एफएए ने एक जांच शुरू की, जो अभी भी जारी है। स्वभाविक है जब तक जांच का कोई परिणाम नहीं आ जाता, ये विमान आसमान में पूरी दुनिया में उड़ते रहेंगे। वस्तुतः यहां हमें यह कभी नहीं भूलना चाहिए कि इस विमान को आधुनिक ओर सक्षम विमान माना जाता है लेकिन इन विमानों का इतिहास सुरक्षा चिंताओं से जुड़ा रहा है। यह विमान ही क्यों पूरा हवाई सेक्टर ही हमेशा से चिंताओं से भरा रहा है। लाख सावधानी और सुरक्षा के बाद भी घटना कहीं भी कभी भी घट सकती है। यह कोई दावा किसी भी स्तर पर नहीं कर सकता कि दुर्घटना का पता पहले से लगाया जा सकता है। इस केस में पहले प्लेन के पायलट सुमीत सभरवाल और को-पायलट क्लाइव कुंदर ने mayday कॉल किया था। एयर ट्रैफिक कंट्रोल को हादसे के पहले यह बताने की कोशिश की थी कि विमान में कुछ गड़बड़ी है mayday कॉल का मतलब पायलट के पास मदद मांगने का समय था, लेकिन प्लेन कंट्रोल करने का नहीं। इसका मतलब यह भी है कि इस विमान में अचानक से आई कोई बड़ी खराबी रही, जो इसके हादसे का कारण बना है। वास्तव में यह वक्त अपनी सरकार पर दोषारोपण करने का नहीं, बल्कि जो मृत हुए हैं, उनके प्रति अपनी सांत्वना व्यक्त करने का है। राजस्थान के बांसवाड़ा जिले के एक ही परिवार के पांच लोगों की मौत हुई है। पति-पत्नी के साथ उनके दो जुड़वां बच्चे और एक बेटे की जो अंतिम फोटो सामने आई है, वह सभी को भावुक करती है। प्रतीक जोशी जो लंदन में पेशे से डॉक्टर थे, उनकी पत्नी कोमी व्यास, जुड़वां बेटियां मिराया जोशी और प्रद्युत जोशी, बेटा नकुल जोशी के साथ यात्रा कर रहे थे। प्लेन के टेकऑफ होने से पहले उन्होंने सेल्फी भी ली थी जो अब सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है। मरनेवालों में कई लोग तो अपनी बहुत जिंदगी जी चुके थे, लेकिन ये तीनों बच्चे तो अभी बहुत छोटे ही थे, जिन्हें जीवन में बहुत कुछ देखना था, पर अनहोनी के बारे में क्या भविष्यवाणी की जा सकती है! इस प्लेन क्रैश में नई नवेली दुल्हन खुशबू की पहली उड़ान ही उसके लिए आखिरी साबित हुई जोकि अपने पति के पास लंदन जा रही थी। एक भारत की बेटी राजस्थान के उदयपुर की रहने वाली पायल खटीक जो अपने सपनों को उड़ान देने के लिए लंदन जा रही थी, उसके परिवार के लिए उसकी ये यात्रा अंतिम साबित हुई है। वस्तुतः इस तरह की अनेक कहानियां हैं, जिन्होंने अपना सब कुछ खो दिया, हर कहानी बहुत भावुक करती है और जिंदगी का सबक भी देती हैं कि जीवन में अंतिम क्षण कब, कहां आ जाए कोई भरोसा नहीं। यहां देखो; ये सभी यात्री थे, लेकिन जो कहीं यात्रा नहीं कर रहे थे, ऐसे विमान हादसे में कम से कम पांच एमबीबीएस के छात्र, एक पीजी रेजिडेंट डॉक्टर और बीजे मेडिकल कॉलेज अहमदाबाद के सुपरस्पेशलिस्ट डॉक्टर की पत्नी की भी मौत हुई है। इस हादसे में 60 से अधिक मेडिकल छात्र घायल हुए हैं।

## सूडोकु नवताल- 7460

★☆☆☆☆ सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 9 | | | 3 | | | 8 | 7 |
| 8 | 7 | | 1 | | 5 | | | |
| | | 2 | | | 9 | | | 4 |
| | 6 | | | | 2 | | 3 | 5 |
| 3 | 8 | | 4 | 1 | 7 | | 2 | 9 |
| 2 | 4 | | 6 | | | | 1 | |
| 7 | | | 3 | | | 8 | | |
| | | | 5 | | 8 | | 7 | 3 |
| 9 | 3 | | | 2 | | | 6 | 1 |


Jagrutidaur.com, Bangalore

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल -7459 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 4 | 8 | 3 | 9 | 2 | 1 | 5 | 6 |
| 2 | 6 | 9 | 5 | 7 | 1 | 8 | 4 | 3 |
| 3 | 1 | 5 | 4 | 8 | 6 | 7 | 2 | 9 |
| 5 | 7 | 4 | 8 | 6 | 9 | 3 | 1 | 2 |
| 8 | 9 | 1 | 2 | 3 | 4 | 6 | 7 | 5 |
| 6 | 3 | 2 | 1 | 5 | 7 | 4 | 9 | 8 |
| 4 | 8 | 7 | 6 | 2 | 5 | 9 | 3 | 1 |
| 9 | 2 | 6 | 7 | 1 | 3 | 5 | 8 | 4 |
| 1 | 5 | 3 | 9 | 4 | 8 | 2 | 6 | 7 |

# संघ में सामान्य स्वयंसेवक के पद को सर्वोच्च मानते हैं मोहन भागवत



**कृष्णमोहन झा**

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक मोहन भागवत ने विगत दिनों नागपुर में एक पुस्तक के विमोचन समारोह में मुख्य अतिथि की आसंदी से कहा है कि भारत की आजादी की उपलब्धि का श्रेय कोई एक व्यक्ति या कोई एक सिंगल इकाई नहीं ले सकती। यह असंख्य व्यक्तियों और समूहों के कार्यों का प्रतिफल है। आजादी का आंदोलन सामूहिक प्रकृति का आंदोलन था।1857 के विद्रोह से स्वतंत्रता आंदोलन का जन्म हुआ। उस समय जो लौ उठी वह बुझने नहीं पाई। संघ प्रमुख ने इसी सामूहिक सोच को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की नीतियों और कार्यक्रमों का आधार बताते हुए कहा कि संघ में कोई एक व्यक्ति निर्णय नहीं लेता। सभी निर्णय सामूहिक विचार विमर्श से तय होते हैं।

मोहन भागवत ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की कार्यप्रणाली पर प्रकाश डालते हुए कहा कि संघ की दिशा सामूहिक निर्णय प्रक्रिया से तय होती है। संघ का काम एक या दो व्यक्तियों द्वारा संचालित नहीं होता है। संघ जो कुछ भी करता या कहता है वह आम सहमति का परिणाम होता है। उन्होंने संघ में सामान्य स्वयंसेवक को महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि संघ में सामान्य स्वयंसेवक का पद ही सर्वोच्च होता है। संघ में एक व्यक्ति नहीं पूरा संघ निस्वार्थ भाव से लोगों की सेवा करता है। संघ कार्यकर्ता सामान्य जीवन जीते हैं और सामाजिक



उत्थान के लिए प्रयास करते हुए अपने कार्यों से असाधारण ऊंचाई प्राप्त करते हैं। वे जानते हैं कि समाज को उस मुकाम तक पहुंचना चाहिए। संघ के स्वयंसेवक बिना किसी पहचान अथवा प्रशंसा के बिना सहजता के साथ अपने कर्तव्यों का निर्वहन करते हैं। मोहन भागवत ने संघ के कार्यकताओं की सेवा भावना को उनकी स्वभावगत विशेषता बताते हुए कहा कि उन्हें अच्छा काम करने के लिए कोई अतिरिक्त विशेष प्रयास नहीं करना पड़ता। वे सारे अच्छे काम सहजता से करते हैं। संघ प्रमुख ने कहा कि जो लोग संघ को समझने के लिए समय निकालते हैं वे अक्सर यह कहते हैं कि वे संघ से बहुत प्रभावित हैं और उन्होंने बहुत कुछ सीखा है। संघ प्रमुख ने कहा कि पहलगाम में आतंकियों द्वारा की गई कायरतापूर्ण वारदात के बाद भारतीय सेना ने आतंकियों के खिलाफ जो कार्रवाई की वह सराहनीय है। संघ प्रमुख ने अपनी इस बात पर विशेष जोर दिया कि उस समय देश के राजनीतिक दलों ने जो आपसी सहयोग और एकता बनाए रखी वह हमेशा कायम रहनी चाहिए।

संघ प्रमुख मोहन भागवत ने रामचंद्र देवतारे द्वारा लिखित पुस्तक 'संघ जीवन' के विमोचन समारोह में मुख्य अतिथि की आसंदी से संघ की कार्यप्रणाली पर विस्तार से चर्चा करते हुए आगे कहा कि यह पुस्तक रामचंद्र देवतारे के प्रत्यक्ष अनुभवों पर आधारित है। पुस्तक बहुत ही सहज सरल भाषा में लिखी गई है जिसमें कृतज्ञता के भाव की अनुभूति होती है। गौरतलब है कि इस पुस्तक को दो भागों में प्रकाशित किया गया है। संघ प्रमुख ने पुस्तक की विषय वस्तु की सराहना करते हुए हुए उसे सबके लिए पठनीय बताया। दो भागों में प्रकाशित रामचंद्र देवतारे की इस पुस्तक को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के गौरवशाली इतिहास, उसकी अनूठी कार्यप्रणाली, संघ के कार्यों को निकट से देखने समझने के लिए एक प्रामाणिक ग्रंथ माना जा सकता है।

**(लेखक राजनैतिक विश्लेषक है)**

## दैनिक पंचांग

**14 जून 2025 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति**




**ग्रह स्थिति**

| | |
|---|---|
| सूर्य | वृष में |
| चंद्र | मकर में |
| मंगल | सिंह में |
| बुध | मिथुन में |
| गुरु | मिथुन में |
| शुक्र | मेष में |
| शनि | मीन में |
| राहु | कुंभ में |
| केतु | सिंह में |

**राहुकाल** 9.00 से 10.30 बजे तक

**लग्नारंभ समय**

| | |
|---|---|
| मिथुन | 05.22 बजे से |
| कर्क | 07.36 बजे से |
| सिंह | 09.52 बजे से |
| कन्या | 12.04 बजे से |
| तुला | 14.14 बजे से |
| वृश्चिक | 16.29 ब.से |
| धनु | 18.45 बजे से |
| मकर | 20.50 बजे से |
| कुंभ | 22.37 बजे से |
| मीन | 00.09 बजे से |
| मेष | 01.40 बजे से |
| वृष | 03.20 बजे से |

**शनिवार** 2025 वर्ष का 165 वा दिन **दिशाशूल** पूर्व **ऋतु** वर्षा। **विक्रम संवत्** 2082 **शक संवत्** 1947 **मास** आषाढ़ (दक्षिण भारत में ज्येष्ठ) **पक्ष** कृष्ण **तिथि** तृतीया 15.47 बजे को समाप्त। **नक्षत्र** उत्तराषाढ़ा 00.22 बजे रात्र को समाप्त। **योग** ब्रह्म 13.13 बजे को समाप्त। **करण** विष्टि 15.47 बजे तदनन्तर बव 03.53 बजे रात्र को समाप्त।

**चन्द्रायु** 17.9 घण्टे
**रवि क्रान्ति** उत्तर 23° 16'
**सूर्य** उत्तरायन
**कलि अहर्गण** 1872375
**जूलियन दिन** 2460840.5
**कलियुग संवत्** 5125
**कल्पारंभ संवत्** 1972949123
**सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885123
**वीरनिर्वाण संवत्** 2551
**हिजरी सन्** 1446
**महीना** जिल्हेज **तारीख** 17
**विशेष** संकष्टी चतुर्थी।

**दिन का चौघड़िया**

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| काल | 05.55 | से | 07.23 | बजे तक |
| शुभ | 07.23 | से | 08.51 | बजे तक |
| रोग | 08.51 | से | 10.19 | बजे तक |
| उद्वेग | 10.19 | से | 11.46 | बजे तक |
| चर | 11.46 | से | 01.14 | बजे तक |
| लाभ | 01.14 | से | 02.42 | बजे तक |
| अमृत | 02.42 | से | 04.10 | बजे तक |
| काल | 04.10 | से | 05.37 | बजे तक |

**रात का चौघड़िया**

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| लाभ | 05.37 | से | 07.10 | बजे तक |
| उद्वेग | 07.10 | से | 08.42 | बजे तक |
| शुभ | 08.42 | से | 10.14 | बजे तक |
| अमृत | 10.14 | से | 11.47 | बजे तक |
| चर | 11.47 | से | 01.19 | बजे तक |
| रोग | 01.19 | से | 02.51 | बजे तक |
| काल | 02.51 | से | 04.23 | बजे तक |
| लाभ | 04.23 | से | 05.56 | बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अतः आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। Jagrutidaur.com, Bangalore

# बैंकों के शाखा प्रबंधक के साथ उपायुक्त ने बैठक कर दिए आवश्यक दिशा-निर्देश

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**पाकुड़ :** ज़िले के उपायुक्त मनीष कुमार की अध्यक्षता में बैंकों के जिला समन्वय पदाधिकारियों के साथ समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई। बैठक में उपायुक्त ने पाकुड़ में वित्तीय धोखाधड़ी पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन करने का निर्देश स्टेट बैंक ऑफ इंडिया पाकुड़, एचडीएफसी बैंक और झारखंड राज्य ग्रामीण बैंक को दिया गया। कार्यशाला में वित्तीय साक्षरता और जागरूकता, साइबर धोखाधड़ी से बचाव की जानकारी देना एवं लोगों को शिक्षित करना, पीएमईजीपी, सीएमईजीपी, पीएमएफएमई, पीएम स्वनिधि और अन्य योजनाओं के बारे में जागरूकता (ऋण पात्रता, दस्तावेजीकरण, लंबित प्रस्ताव आदि) एवं स्कूल बोर्ड परीक्षा में टॉपर्स का सम्मान, स्वयं सहायता समूह (रलक्ष्) दीदियों का सम्मान, शिक्षा ऋण स्वीकृति पत्रों का वितरण एवं एमएसएमई क्षेत्र में प्रत्येक बैंक से दो सफलता की कहानियों का संग्रह किया जाएगा। इसे संकलित कर जून के अंत तक एक पुस्तक के रूप में प्रकाशित किया जाएगा, जिसमें सफलता और धोखाधड़ी रोकथाम की कहानियाँ होंगी। वहीं उपायुक्त ने पाकुड़ रेलवे स्टेशन पर एटीएम का स्थापना करने का निर्देश दिया। साथ ही साथ उपायुक्त ने महत्वपूर्ण बैंकिंग निर्देशों का प्रचार-प्रसार, जिसमें धोखाधड़ी/बैंकिंग जागरूकता शामिल हो, संथाली और बांग्ला भाषाओं में कराने हेतु निर्देशित किया। साथ ही बैंकों का कैशबुक मिलान और सत्यापन करने एवं धरती आबा' पहल बैंक खाता खोलने का अभियान चलाने का निर्देश दिया। सीएसआर गतिविधि के तहत 18/19 जून को बच्चों के लिए मानसिक स्वास्थ्य जाँच शिविर का आयोजन करने एवं ग्रीन इनिशिएटिव के तहत प्रत्येक बैंक द्वारा 5 पेड़ लगाने हेतु निर्देशित किया। इसके अलावा परियोजना परिवर्तन के तहत जेल कैदियों के साथ जुड़ाव लिंक कार्यक्रमों की पहल करें। उपायुक्त ने कहा कि छात्रों के लिए बैंकिंग अनुभव प्राप्त करने हेतु इंटर्नशिप कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा।



## एक नजर

### मारपीट कर रुपये छीलने का आरोप, थाना में पीड़ित ने दिया लिखित आवेदन

**साहिबगंज/राजमहल :** थाना क्षेत्र के फुलवरिया कालीबाड़ी के अख्तर ने थाना में आवेदन देकर 5 लोगों पर मारपीट कर लाखों रुपए छीनने का आरोप लगाया है। आवेदन में पुलिस को बताया है कि 12 जून गुरुवार की रात लगभग 8:15 बजे कोयला बाजार से छड़, सीमेंट की दुकान का बकाया पैसा 1 लाख 7 हजार रुपए तगादा कर अपने भाई वसीम अकरम के साथ घर लौट रहा था। तभी फुलवरिया चौक के पास रूही मार्बल दुकान के सामने पूर्व से घात लगाए मुर्गी टोला निवासी बदरुद्दीन शेख, जिलानी शेख, और फुलवरिया निवासी अब्दुल शेख, मुस्ताक शेख, मोजबूर शेख आदि ने मिलकर एक मत होकर हम दोनों भाई को घेर लिया और पास के बगीचे में ले जाकर मारपीट करते हुए मुझे पकड़ लिया और भाई के पॉकेट में से 1 लाख 70 हजार रुपए निकाल लिया। जब बीच बचाव करने के लिए गया तो सभी ने मिलकर लोहे की रड से मारकर मेरे भाई वसीम अकरम को बुरी तरह घायल कर दिया। हो हल्ला सुनकर आसपास के लोग पहुंचने से ही वह लोग सब मौके से भाग गया। मामले को लेकर प्रभारी थाना प्रभारी ओम प्रकाश चौहान ने बताया कि आवेदन मिला है छानबीन की जा रही है।

### सब्जी मंडी से उचक्कों ने एक व्यक्ति का उड़ाया मोबाइल

**साहिबगंज/राजमहल :** प्रखंड के गांधी चौक के पास सब्जी मंडी में एक व्यक्ति का उचक्कों ने मोबाइल उड़ा लिया। मिली जानकारी के अनुसार पुन्नी टोला निवासी मो इमरान सुबह लगभग 8:30 बजे अपनी मोटरसाइकिल खड़ी कर सब्जी मंडी में सब्जी खरीद रहा था। इसी दौरान कब उचक्कों द्वारा हाथ साफ कर लिया कुछ पता नहीं चला। सब्जी खरीदने के बाद जब फोन करने के लिए मोबाइल पॉकेट से निकालने गया तो देखा कि मोबाइल पॉकेट में नहीं है, काफी खोज बिन किया लेकिन कुछ पता नहीं चला। आसपास के दुकानदार ने बताया कि 2 महीने पहले भी इस तरह की घटना घटी है। मामले को लेकर थाना में आवेदन देने की प्रक्रिया की जा रही थी।

### 11 हजार हाई टेंशन तार की चपेट में आने से 6 वर्षीय किशोर मूर्छित



**साहिबगंज :** मुफ्फसिल थाना क्षेत्र अंतर्गत एक किशोर 11 हजार हाई टेंशन तार की चपेट में आने से हुआ मूर्छित हो गया। मिली जानकारी के अनुसार लाल बथानी निवासी जियाउल रहमान का 6 वर्षीय पुत्र मो. आलम ने संध्या के समय नवनिर्मित बन रहे घर के कुर्सी लेवल के ऊपर जब चढ्ढा तो उक्त किशोर 11 हजार हाई टेंशन तार के चपेट में आकर मूर्छित हो गया। बताया जाता है कि उक्त किशोर के घर के ऊपर से 11 हजार हाई टेंशन तार गुजारा है। वहीं परिजनों की मदद से आनन-फानन में इलाज के लिए सदर अस्पताल लाया। जहां ड्यूटी पर तैनात चिकित्सकों के द्वारा उक्त किशोर का इलाज किया गया।

### जिला कांग्रेस कार्यालय में हुई संगठनात्मक चर्चा

**पाकुड़ :** जिले में शुक्रवार को जिला कांग्रेस कार्यालय में सदर प्रखंड पर्यवेक्षक अशोक दास, पाकुड़ जिला अध्यक्ष श्रीकुमार सरकार व प्रखंड सह बीस सूत्री अध्यक्ष मानसारुल हक ने पाकुड़ नगर अध्यक्ष बंसराज गोप के साथ संगठनात्मक चर्चा किया।
मौके पर जिला सोशल मीडिया चेयरमैन पियारूल इस्लाम, जिला सचिव मिथुन मरांडी, मोतिउर रहमान आदि अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## +2 हाई स्कूल में नशामुक्ति अभियान के तहत शपथ कार्यक्रम का हुआ आयोजन




प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**पाकुड़/अमड़ापाड़ा :** झारखण्ड राज्य को नशा मुक्त बनाने के उद्देश्य से राज्य सरकार के द्वारा 10 जून से विशेष अभियान की शुरूआत की गई है। आज जिला उपायुक्त मनीष कुमार के निदेशानुसार जिला के विभिन्न विद्यालयों के शिक्षकों, छात्र-छात्राओं एवं कर्मियों ने पाकुड़ को नशामुक्त बनाने की शपथ ली है। मौके पर +2 हाई स्कूल, अमड़ापाड़ा के प्रभारी प्राचार्य ने कहा कि नशा केवल व्यक्ति के स्वास्थ्य को नहीं, बल्कि उसके भविष्य, परिवार और समाज को भी गंभीर रूप से प्रभावित करता है। उन्होंने सभी बच्चों से अनुरोध किया कि वे इस अभियान में सक्रिय भागीदारी निभाएं और नशामुक्त समाज निर्माण में सहयोग करें।

## मॉडल कॉलेज में जेयूटी की छठे सेमेस्टर की परीक्षा शांतिपूर्ण एवं कदाचार मुक्त वातावरण में संपन्न

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**साहिबगंज :** राजमहल प्रखंड अंतर्गत शुक्रवार को मॉडल कॉलेज राजमहल में झारखंड प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के छठे सेमेस्टर की परीक्षा सफलतापूर्वक एवं शांतिपूर्ण वातावरण में सम्पन्न हुई। परीक्षा में इलेक्ट्रिकल, सिविल, मैकेनिकल तथा ई.ई.ई. शाखाओं के कुल 270 परीक्षार्थियों ने भाग लिया। परीक्षा का आयोजन पूर्णतः कदाचारमुक्त एवं अनुशासित वातावरण में किया गया। केंद्राधीक्षक सह प्राचार्य डॉ. रणजीत कुमार सिंह ने जानकारी दी कि परीक्षा संचालन हेतु संस्थान द्वारा सभी आवश्यक व्यवस्थाएँ पूर्व से ही सुनिश्चित कर ली गई थीं। परीक्षा कक्षों में शुद्ध पेयजल, पर्याप्त बैठने की व्यवस्था, निगरानी हेतु सतर्क पर्यवेक्षक, एवं समुचित अनुशासन बनाए रखने हेतु विशेष सतर्कता बरती गई। डॉ. सिंह ने बताया कि परीक्षा का सुचारू संचालन कॉलेज के समर्पित स्टाफ एवं तैनात पुलिस बल के सहयोग से ही संभव हो सका। उन्होंने समस्त सहयोगी कर्मचारियों एवं सुरक्षाकर्मियों का आभार प्रकट करते हुए कहा कि परीक्षा केंद्र पर अनुशासन एवं पारदर्शिता बनाए रखना संस्थान की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में से एक है। प्राचार्य डॉ. सिंह ने परीक्षार्थियों को सख्त निर्देश देते हुए स्पष्ट किया कि परीक्षा के दौरान कॉलेज का ड्रेस, किसी भी प्रकार की नकल सामग्री, चिट-पुर्जे, मोबाइल फोन, गैजेट्स, ब्लूटूथ डिवाइस अथवा अन्य किसी भी इलेक्ट्रॉनिक उपकरण का प्रयोग पूर्णतः प्रतिबंधित है। ऐसे अनुशासनहीन कृत्यों में लिप्त पाए जाने पर विश्वविद्यालय के परीक्षा नियम परिनियम नियमानुसार कठोर कार्रवाई की जाएगी।



## चावल चोरी मामले में 48 घंटे बीत जाने के बाद भी प्राथमिकी दर्ज नही होने पर ग्रामीणों में आक्रोश

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**साहिबगंज/बरहेट :** थाना क्षेत्र अंतर्गत प्राथमिक विद्यालय चुटिया के प्रधान शिक्षक खजुमुद्दीन अंसारी को बीते बुधवार को मध्याह्न भोजन का चावल चोरी कर ले जाते हुए रंगे हाथ पकड़ा था। जिसको लेकर विभाग द्वारा उक्त पारा शिक्षक के विरुद्ध तत्काल सेवा मुक्त करते हुए अनुशासनिक तथा विभागीय कार्रवाई हेतु चिट्ठी निर्गत कर दिया है। वहीं इस मामले में विभाग जांच प्रारंभ कर दिया है। वहीं दूसरी और ग्रामीणों ने रोष जताते हुए कहा कि चोरी करने वाले शिक्षक के विरुद्ध ग्रामीणों ने चावल सहित शिक्षक को प्रशासन को सौंपते हुए लिखित आवेदन देकर प्राथमिकी दर्ज करने का मांग किया था। वहीं 48 घंटा बीत जाने के पश्चात आरोपी पर कार्रवाई नहीं होने के कारण ग्रामीण आक्रोश में है एवं पुनः बीडीओ, बीईईओ, एवं थाना को आवेदन देकर कार्रवाई का मांग किया है। इस मामले में ग्राम प्रधान लुखी टुडू, ग्रामीण राम मुर्मू, सिद्धू टुडू ने कहा कि कार्रवाई को लेकर पुनः आवेदन थाना को दिया गया है, उक्त शिक्षक के विरुद्ध चावल चोरी करने का मामला दर्ज होना चाहिए। वहीं बीडीओ अंशु कुमार पांडे ने बताया कि आवेदन प्राप्त हुआ है, जांचोपरांत उचित कार्रवाई की जाएगी, फिलहाल विभागीय कार्रवाई हेतु चिट्ठी निर्गत हो चुकी है जो प्रक्रिया में है।



## डीसी ने किया पुराना सदर अस्पताल सीएचसी का निरीक्षण

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**साहिबगंज :** डीसी हेमंत सती ने आज साहेबगंज स्थित पुराने सदर अस्पताल (सीएचसी) का निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में डीसी ने महिला ओपीडी, तथा कुपोषण उपचार केंद्र (एमटीसी) का गहन निरीक्षण किया। एमटीसी में उपस्थित बच्चों की स्वास्थ्य स्थिति की जानकारी लेते हुए डीसी ने उनकी स्वास्थ्य रिपोर्ट की भी जांच की। उन्होंने बच्चों के इलाज की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने हेतु चिकित्सकों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। डीसी ने कहा कि बच्चों के पोषण और बेहतर स्वास्थ्य को प्राथमिकता दी जाए तथा नियमित मॉनिटरिंग की व्यवस्था हो। निरीक्षण के दौरान डीसी ने अस्पताल परिसर की साफ-सफाई व्यवस्था का भी जायजा लिया। उन्होंने अस्पताल परिसर में नालियों की जर्जर स्थिति पर नाराजगी जताते हुए संबंधित पदाधिकारी को तत्काल नालियों की मरम्मत एवं साफ-सफाई कार्य प्रारंभ करने का निर्देश दिया। निरीक्षण के दौरान सिविल सर्जन डॉ. प्रवीण कुमार संथालिया, चिकित्सा पदाधिकारी समेत अन्य स्वास्थ्य कर्मी उपस्थित रहे। डीसी ने कहा कि सरकारी अस्पतालों में मरीजों को बेहतर सुविधा उपलब्ध कराना जिला प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है।



## डीसी ने किया संताल परगना बैडमिंटन चैंपियनशिप का शुभारंभ

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**साहिबगंज :** जिला प्रशासन, साहेबगंज द्वारा फूलो-झानो इनडोर स्टेडियम में आज दो दिवसीय संताल परगना बैडमिंटन चैंपियनशिप 2025 कुल चार वर्गों में आयोजित किया जा रहा है। जिसमें का शुभारंभ डीसी साहिबगंज हेमन्त सती द्वारा वीरांगना फूलो-झानो की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। तत्पश्चात पारंपरिक रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर प्रतियोगिता का उद्घाटन एवं खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया। जिला खेल पदाधिकारी पंकज कुमार झा ने आयोजन को लेकर स्वागत भाषण दिया। वहीं जिला शिक्षा अधीक्षक कुमार हर्ष एवं कार्यपालक पदाधिकारी, नगर पर्षद अभिषेक कुमार सिंह ने मुख्य अतिथि डीसी हेमंत सती एवं विशिष्ट अतिथि अपर समाहर्ता गौतम भगत को बुके देकर स्वागत किया। इस अवसर पर सभी तीन कोर्ट पर विभिन्न कैटेगरी के मुकाबले प्रारंभ हुए, जिनमें प्रतिभागी खिलाड़ियों का उत्साह देखने योग्य रहा। आयोजन के अवसर पर जे.एस.सी.ए.सदस्य चंद्रेश्वर सिन्हा,जिला ओलंपिक संघ के अध्यक्ष राजेश कुमार यादव, प्रो रंजीत सिंह, आदित्य कुमार, जे.के.शर्मा समेत अन्य उपस्थित थे। वहीं जिला खेल कार्यालय के गौतम झा, जिला खेल समन्वयक कौशल किशोर मरांडी, टूरिज्म स्पेशलिस्ट गौरव प्रियदर्शी, कोच योगेश यादव, प्रकाश सिंह बादल, खेल शिक्षक बिरेंद्र कुमार, सोनू, मनोज कुमार, आदित्य कुमार समेत जिले के शारीरिक शिक्षकों का सराहनीय सहयोग रहा। सभी वर्गों के विजेता को 25 हजार व उपविजेता खिलाड़ियों को 10 हजार एवं अन्य को सांत्वना पुरस्कार दिया जाएगा।



## संक्षिप्त खबरें

### महिला ने कीटनाशक दवा खाने से हुई मौत



**साहिबगंज :** बोरियो थाना क्षेत्र अंतर्गत एक विवाहित महिला ने कीटनाशक दवा खाने से सदर अस्पताल में इलाज के क्रम में मौत हो गई। मिली जानकारी के अनुसार गुरुवार की रात्रि करीब 1:00 बजे बोरियो सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में बोरियो बाजार शर्मा टोला का निवासी मनोज शर्मा की 30 वर्षीया पत्नी मनीषा देवी कीटनाशक दवा खा लेने के उपरांत परिजन इलाज के लिए लाया गया। मौके पर उपस्थित डॉक्टर सुदामा साह ने महिला का प्राथमिक उपचार करने के बाद गंभीर स्थिति को देखते हुए सदर अस्पताल साहिबगंज रेफर कर दिया। उक्त महिला को लेकर परिजन एंबुलेंस के मदद से सदर अस्पताल साहिबगंज इलाज के लिए पहुंचा। जहां ड्यूटी पर तैनात चिकित्सकों ने उक्त महिला का इलाज प्रारंभ कर दिया, इलाज के दौरान उक्त महिला की मौत हो गई। जहां बोरियो थाना पुलिस ने मृतक महिला को पोस्टमार्टम के लिए शव को भेज दिया। सदर अस्पताल में पोस्टमार्टम डॉक्टर मुकेश कुमार ने किया, पोस्टमार्टम करने के उपरांत महिला के शव को परिजनों को सौंप दिया गया। मृतक महिला ने अपने पीछे 8 साल लड़का व 6 साल की लड़की छोड़ गई है। मृतक महिला का पति सोना, चांदी का काम करता है। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

### युवक ने फांसी के फंदे से लटक कर जान देने की कोशिश, रेफर



**साहिबगंज :** तालझारी थाना क्षेत्र अंतर्गत एक युवक ने फांसी के फंदे से लटक कर जीवन लीला समाप्त करने की कोशिश। मिली जानकारी के अनुसार महाराजपुर नया टोला निवासी नथनी महतो का 28 वर्षीय पुत्र रामानंद सागर, का घर में पति-पत्नी के बीच आठ, नौ महीने से आपसी विवाद चल रहा था। जहां आज सुबह पति-पत्नी में कहा सुनी होते होते बात इतना आगे बढ़ गया कि पति रामानंद सागर ने गुस्से में आकर फांसी के फंदे से लटक कर जान देने की कोशिश किया। जहां परिजनों ने समय रहते फांसी के फंदे से उक्त युवक को उतरा। वही मूर्छित अवस्था में उक्त युवक को इलाज के लिए आनन-फानन में सदर अस्पताल साहिबगंज लाया गया। जहां ड्यूटी पर तैनात डॉक्टर प्रभात मलिक ने युक्त युवक का प्राथमिक उपचार करने के उपरांत गंभीर स्थिति को देखते हुए हायर सेंटर भागलपुर रेफर कर दिया। जहां परिजनों ने एंबुलेंस की मदद से इलाज के लिए भागलपुर ले गए हैं। घटना की सूचना संबंधित थाना पुलिस को दे दी गई है।

### ग्रामीण कौशल योजना के तहत निःशुल्क प्रशिक्षण हेतु रोजगार जागरूकता अभियान चलाया गया



**बरहरवा :** प्रखंड के कोटालपोखर संकुल संघ के कार्यालय में शुक्रवार को दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल योजना अंतर्गत युवा मोबिलाइजेशन सह पंजीकरण कार्यक्रम का शुभारंभ बीपीएम फैज आलम के द्वारा किया गया। मौके पर उपस्थित बीपीएम फैज आलम के द्वारा बताया गया कि दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल योजना के तहत 18 से 35 वर्ष के ग्रामीण युवाओं को निशुल्क प्रशिक्षण एवं वेतन आधारित रोजगार के अवसर उपलब्ध करने हेतु यह जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। जॉब रिसोर्स पर्सन इंदु कुमारी के द्वारा दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल योजना में होने वाले प्रशिक्षण में विस्तारपूर्वक अहम जानकारी सभी को दी गई। इस जागरूकता कार्यक्रम में सामुदायिक समन्वयक दुलार मरांडी, पीआरपी सुशीला मुर्मू, सभी कैडर तथा संकुल संघ के पदाधिकारी इत्यादि उपस्थित थी।

### मालवाहक टेंपो पलटने से दो लोग घायल

**साहिबगंज :** तीनपाहड़ थाना क्षेत्र के तीनपहाड़ बभनगामा मुख्य सड़क के तीनपहाड़ एटीएम के पास मालवाहक टेंपो पलटने से दो लोग घायल हो गए। मिली जानकारी के अनुसार बभनगामा मोड़ के तरफ से पंडाल का सामान लोड कर मालवाहक टेंपो तीनपहाड़ की ओर जा रहा था। इस दौरान तीनपहाड़ एटीएम के पास जर्जर सड़क के गड्ढे के कारण टेंपो पलट गया। जिससे उसके चालक और पंडाल कर्मी आंशिक रूप से घायल हो गए। वही स्थानीय लोगों की मदद से वाहन और सामान को उठाया गया और घायलों को स्थानीय डॉक्टरों से प्राथमिक इलाज कराया गया। घटना से स्थानीय लोगों में जर्जर सड़क को लेकर काफी आक्रोश है। लोगों का कहना है कि तीनपहाड़ सड़क काफी जर्जर और गड्ढों में तब्दील हो गया है। इस कारण एटीएम के पास आए दिन वाहन दुर्घटना हो रहे हैं। उसे जल्द दुरुस्त नहीं कराया गया तो कोई बड़ी दुर्घटना घट सकती है।

### पोकलेन व हाइवा जलाने के मामले में एक और आरोपी को गिरफ्तार कर भेजा गया जेल

**साहिबगंज :** मिजाचौकी थाना क्षेत्र अंतर्गत दामीनभीठा पत्थर खदान में दो जून के रात अपराधियों द्वारा दो पोकलेन एवं दो हाईवा जलाकर हड़कंप मचाया गया था। उक्त मामले में मिजाचौकी पुलिस को सफलता मिली थी। जिसमें कुल चार आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया था। वही 34/25 कांड मामले में मिर्जाचौकी थाना के एसआई पवन कुमार ने गुरुवार को एक आरोपी को गिरफ्तार किया। वही थाना में पूछताछ के बाद आरोपी को जेल भेज दिया गया। वही एसआई पवन यादव ने पुलिस बल के साथ गुप्त सुचना के आधार पर मिजाचौकी थाना के गडरा पंचायत के कानाडीह गोसायचक गांव के निवासी बिट्टू चौड़े को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। इस संबंध में एसआई पवन यादव ने बताया कि इस कांड में संलिप्त आरोपियों को धर पकड़ जारी रहेगा। वही मिजाचौकी थाना प्रभारी रूपेश कुमार यादव के नेतृत्व में मिजाचौकी पुलिस को लगातार सफलता मिल रही है। जिसके बाद अपराधियों में डर का माहौल बना हुआ है।

# साइकिल पर नर्मदा परिक्रमा: एक महिला की आत्म-खोज की कहानी

णे, एजेंसी। पुणे की रहने वाली ज्योति भक्त, ाप और हम जैसी ही एक साधारण महिला न्होने 23 साल नोकरी भी की और अपने घर ो भी अच्छे से सांभाला. जैसे-जैसे समय आगे ढ़ता गया, वह अपने कर्तव्यों को पूरा करके पने जीवन में उम्र के उस पड़ाव पर पहुंची जहा न्हे थोड़ा खालीपन महसूस होने लगा. पचास ी उम्र के आसपास, जब उनके बेटे ने अपनी ास्टर डिग्री पूरी कर ली, तो ज्योति को नौकरी चक्र से बाहर निकलने और यह पता लगाने ी जरूरत महसूस हुई कि वह जीवन में क्या रना चाहती है। दिन-ब-दिन, आत्म-खोज ी यह इच्छा प्रबल होती गई और बहुत सोचने के द, ज्योति ने 2017 में अपनी कॉर्पोरेट नौकरी ोड़ने का साहसिक निर्णय लिया. स्वैच्छिक ावानिवृत्ति के बाद, ज्योति ने देश-विदेश में खूब ात्राएँ कीं। फिर भी, उन्हें ऐसा कुछ नहीं मिला ो उनके आनंद दे सके। उस समय, दुनिया मे ोविड का संकट मंडरा रहा था। लेकिन इस ारान ज्योति को उसका सच्चा साथी मिल गया एक साइकिल! कोविड काल में, उन्होंने घर पर ी व्यायाम शुरू किया। प्रतिबंधों में थोड़ी ढील लने के बाद, उन्होंने अपनी सहेली के साथ 16 लोमीटर साइकिल चलाई। सायकलिंग करने बाद, ज्योति के मन में विचार आया कि ाइकिल से ही नर्मदा परिक्रमा करनी चाहिए।

## लेओ ड्रायफ्रूट्स अँड स्पायसेसका एच2 एफवाय25 में 346 प्रतिशत का शुद्ध लाभ वृद्धि

मुंबई, एजेंसी। लेओ कैटरिंग सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड जो उच्च गुणवत्ता वाले मसालों, सूखे मेवों और किराना उत्पादों की सोर्सिंग, प्रोसेसिंग, ट्रेडिंग और मार्केटिंग में एक भरोसेमंद नाम है, ने एच2 एफवाय25 और एफवाय25 के लिए अपने ऑडिटेड वित्तीय परिणामों की घोषणा की। कंपनी के चेयरमैन और मैनेजिंग डायरेक्टर श्री कौशिक शाह ने कहा- एफवाय25 की दूसरी छमाही और पूरे वर्ष में हमारी जबरदस्त परफॉर्मेंस ऑपरेशनल एफिशिएंसी, नए ऑर्डर और हमारे मसालों व ड्रायफ्रूट्स की गुणवत्ता के कारण संभव हुई है। बीएसइ एसएमइ प्लेटफॉर्म पर हमारी सफल लिस्टिंग पारदर्शिता, सुशासन और दीर्घकालिक निवेशक मूल्य को दर्शाती है।

# हॉस्पिटल चलाने वाली फर्म से थी रोपवे चलाने की तैयारी?

### मामला हाईकोर्ट पहुंचा तो टेंडर ही रद्द हो गया

नई दिल्ली, एजेंसी। रोपवे चलाना टेक्निकल काम माना जाता है। इसमें जरा सी चूक जा जाए तो लोगों की जान का खतरा हो जाता है। लेकिन हरिद्वार के मनसा देवी रोपवे को चलाने के लिए ऐसे फर्मों या कंपनियों से निविदा मंगा ली गई, जो हॉस्पिटल चला रहे थे, सड़क और पुल बना रहे थे या कंस्ट्रक्शन सेक्टर में काम कर रहे थे। तभी तो सुरक्षा और पारदर्शिता संबंधी चिंताओं को लेकर उत्तराखंड हाई कोर्ट की तीखी आलोचना मिली। इसके बाद निविदा मंगाने वाले हरिद्वार नगर निगम ने मनसा देवी मंदिर के लिए अपने नवीनतम रोपवे टेंडर को ही रद्द कर दिया।

**फैसला आने से पहले ही टेंडर वापस-** इस मामले का फैसला कुछ ही दिन में आने वाला था। मंगलवार को इस पर नियमित सुनवाई हुई थी। इस सुनवाई में निगम के वकील संदीप कोठारी ने मुख्य न्यायाधीश जी नरेंद्र और न्यायमूर्ति आलोक माहरा की खंडपीठ को बताया कि टेंडर वापस ले लिया गया है।



**क्यों मामला पहुंचा कोर्ट**

विवाद बीते अप्रैल में तब शुरू हुआ जब नगर निगम ने 44 साल पुराने मनसा देवी रोपवे के संचालन और रखरखाव के लिए प्रस्ताव के लिए अनुरोध जारी किया। पहले की निविदाओं के विपरीत, इस बार रोपवे के क्षेत्र में अनुभव न रखने वाली सड़क और निर्माण फर्मों को भी बोली लगाने की अनुमति दी गई। इसने गंभीर चिंताएं पैदा कर दीं, विशेष रूप से उषा ब्रेको लिमिटेड की ओर से, जो वास्तविक रोपवे विशेषज्ञता वाली एकमात्र कंपनी है। मूल रूप से, निविदा प्रक्रिया रोपवे चलाने में अनुभव रखने वाली कंपनियों तक ही सीमित थी। लेकिन मार्च में, पात्रता मानदंड को चुपचाप बढ़ा दिया गया और इसमें राजमार्ग, पुल, सुरंग, दूरसंचार और यहां तक कि अस्पताल जैसे क्षेत्रों की फर्मों को भी शामिल कर लिया गया। चार शॉर्टलिस्ट किए गए बोलीदाताओं में से केवल एक उषा ब्रेको के पास वास्तव में रोपवे का अनुभव था। वह इस केबल कार की शुरूआत (1981) से ही इस परियोजना का प्रबंधन कर रही है।

### रोपवे क्या होता है

रोप वे में दो चीजें शामिल है, रोप और वे। रोप का मतलब होता है रस्सी,और वे का मतलब होता रास्ता। लोहे के मोटे-मोटे तारों या रस्सों पर फिट एक ट्रॉली में बैठकर लोग नीची जगह से ऊपर की तरफ जाते हैं। इसका संचालन बिजली से होता है। इसे ही आम आदमी की भाषा में रोपवे कहा जाता है। रोपवे की एक ट्रॉली में पर्याप्त जगह होती है। इसमें एक साथ 8-10 लोग आराम से बैठ सकते हैं। यह सुविधा अधिकतर उन मंदिरों में होती है जो बहुत ऊंचाई पर हैं। वहां पहुंचने के लिए वृद्ध और दिव्यांग श्रद्धालु इसकी मदद लेते हैं। क्योंकि वे सीढ़ियों से ऊपर नहीं जा सकते हैं। यह बिजली से चलती है और कई किलोमीटर के रास्ते को मात्र 2 से 5 मिनट में पूरा कर लेती है।

## टीवीएस अपाचे के दो दशकों का जश्न

**भविष्य के लिए डिज़ाइन की गई मोटरसाइकल ओबीडी2बी कम्प्लायन्ट है तथा आधुनिक टेक्नोलॉजी, शानदार परफोर्मेन्स एवं नए बोल्ड ग्राफिक्स का संयोजन है**

बैंगलुरू , एजेंसी। दोपहिया और तिपहिया सेगमेन्ट में ग्लोबल लीडर टीवीएस मोटर कंपनी ने 20 सालों की रेसिंग की धरोहर, इंजीनियरिंग की उत्कृष्टता एवं दुनिया भर में 6 मिलियन से अधिक राइडरों के भरोसे का जश्न मनाते हुए नई 2025 टीवीएस अपाचे आरटीआर 200 4वी का अनावरण किया। रेस के मैदान से उत्पन्न और सड़क के लिए निर्मित टीवीएस अपाचे मोटरसाइकलें रेसिंग में शानदार परफोर्मेन्स देती हैं। इन्हें खासतौर पर उन राइडरों के लिए डिज़ाइन किया गया है जो अपनी मोटरसाइकल से पावर, कंट्रोल और रिफाइनमेन्ट की उम्मीद रखते हैं। अपाचे सीरीज़ बेजोड़ विश्वसनीयता और रोमांच के साथ सेगमेन्ट में अग्रणी परफोर्मेन्स देना जारी रखे हुए है।

## कोर डिजिटल ने एफवाय25 में 212 प्रतिशत की आय वृद्धि दर्ज की

मुंबई , एजेंसी। कोर डिजिटल लिमिटेड जो दूरसंचार अवसंरचना विकास और संबंधित सहायक सेवाओं की प्रमुख प्रदाता कंपनियों में से एक है, ने क्यू4 एफवाय25 और एफवाय25 के लिए अपने ऑडिट किए गए वित्तीय परिणाम घोषित किए हैं। कोर डिजिटल लिमिटेड के प्रबंध निदेशक श्री रविंद्र दोशी ने वित्तीय प्रदर्शन पर टिप्पणी करते हुए कहा, हमें एफवाय25 में शानदार प्रदर्शन की रिपोर्ट करते हुए गर्व हो रहा है, जिसमें कुल आय में 200 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि हुई है। यह हमारी निष्पादन क्षमता और रणनीतिक निर्णयों का सशक्त प्रमाण है। यह वृद्धि मुख्य रूप से समृद्धि महामार्ग परियोजना के सफलतापूर्वक प्रारंभ होने के कारण हुई है, जो सुचारू रूप से प्रगति कर रही है।.
जैसे-जैसे हम अपने कार्यों का विस्तार कर रहे हैं, प्रतिष्ठित बुनियादी ढांचा परियोजनाओं में मुख्य ठेकेदार के रूप में हमारी भूमिका और भी महत्वपूर्ण होती जा रही है। हमारे समेकित प्रदर्शन को हमारी सहायक कंपनियों के बढ़ते योगदान से भी मजबूती मिली है, जो अब अधिक मात्रा में व्यवसाय संभाल रही हैं। इस रणनीतिक बदलाव ने हमें विभिन्न इकाइयों के बीच कार्य निष्पादन को विविध रूप से वितरित करने की अनुमति दी है, जिससे संचालन में दक्षता और बाजार में व्यापक पहुंच प्राप्त हुई है।

## शेरा एनर्जी ने जाम्बिया की कॉपर सुविधा के साथ वैश्विक एकीकरण को और गहराया

मुंबई, एजेंसी। शेरा एनर्जी लिमिटेड जो गैर-लौह धातुओं से बने वाइंडिंग वायर और स्ट्रिप्स की एक प्रमुख निर्माता कंपनी है, ने अपनी अंतरराष्ट्रीय विकास रणनीति में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि की घोषणा की है। कंपनी ने जाम्बिया में एक चालू कॉपर कैथोड निर्माण संयंत्र का अधिग्रहण किया है। यह अधिग्रहण इसकी विदेशी सामग्री सहायक कंपनी शेरा जाम्बिया लिमिटेड के माध्यम से किया गया है और यह शेरा की दीर्घकालिक रणनीति में एक बड़ा कदम है, जिसका उद्देश्य कच्चे माल की सुनिश्चित आपूर्ति और वैश्विक उपस्थिति का विस्तार करना है। यह संयंत्र जाम्बिया के संसाधनों से समृद्ध कॉपरबेल्ट क्षेत्र में, डेमोक्रेटिक रिपब्लिक ऑफ कांगो की सीमा के पास स्थित है। संयंत्र स्थानीय रूप से प्राप्त तांबे की ऑक्साइड अयस्क से 99.99 प्रतिशत शुद्ध कॉपर कैथोड का उत्पादन करेगा, जिससे कंपनी को खरीद लागत को काफी हद तक कम करने और परिचालन दक्षता को बढ़ाने में मदद मिलेगी। वित्त वर्ष 2025-26 में संयंत्र की प्रारंभिक उत्पादन क्षमता 1,200 मीट्रिक टन प्रति वर्ष होगी, जिसे अगले वर्षों में बढ़ाकर 5,000 मीट्रिक टन करने की योजना है। यह पहल शेरा की बैकवर्ड इंटीग्रेशन (पिछड़ा एकीकरण) की व्यापक रणनीति और कमोडिटी कीमतों में उतार-चढ़ाव से व्यवसाय को सुरक्षित रखने की योजना के अनुरूप है। इस विकास पर टिप्पणी करते हुए, नसीम शेख, चेयरमैन एवं मैनेजिंग डायरेक्टर, शेरा एनर्जी लिमिटेड ने कहा यह रणनीतिक अधिग्रहण हमारे अंतरराष्ट्रीय सफर में एक बड़ा मील का पत्थर है। उच्च-शुद्धता कॉपर कैथोड का प्रत्यक्ष स्रोत स्थापित करके, हम न केवल अपनी आपूर्ति श्रृंखला को सुदृढ़ करते है।

## पुलिस ने बड़े नकली कीटनाशक रैकेट का भंडाफोड़ किया

छिंदवाड़ा। तेलंगाना पुलिस ने एक महत्वपूर्ण सफलता हासिल करते हुए राजेंद्र चेचानी को गिरफ्तार किया है - जिसे राजू चेचानी के नाम से भी जाना जाता है, जो बड़े पैमाने पर नकली कीटनाशकों के रैकेट के मुख्य आरोपियों में से एक है। पुलिस ने स्थानीय पुलिस अधिकारियों के साथ समन्वित अभियान के दौरान 2 मई 2025 को राजस्थान के चित्तौड़गढ़ जिले के बस्सी गांव स्थित उसके फार्महाउस से उसे गिरफ्तार किया। यह गिरफ्तारी भारत के कृषि क्षेत्र में नकली कीटनाशकों के बढ़ते खतरे को उजागर करती है, जहाँ भोले-भाले किसानों को अक्सर ऐसे उल्लंघनकर्ताओं द्वारा नकली उत्पादों के साथ धोखा दिया जाता है।

## प्रिमियम प्लास्ट का शुद्ध मुनाफा 35 प्रतिशत बढ़ा

मुंबई, एजेंसी। प्रिमियम प्लास्ट लिमिटेड जो उच्च गुणवत्ता वाले, सटीक प्लास्टिक घटकों के लिए जाना जाता है और विभिन्न क्षेत्रों में सेवाएं देता है, ने एफवाय25 के लिए अपना लेखा-परीक्षित वित्तीय प्रदर्शन जारी किया है। कंपनी के मैनेजिंग डायरेक्टर श्री चेतन दवे ने कहा- हम एफवाय25 में 50 करोड़ का महत्वपूर्ण मील का पत्थर पार करने की घोषणा करते हुए गर्व महसूस कर रहे हैं। यह हमारी कोर बिजनेस की ताकत और ग्राहकों के बढ़ते भरोसे को दर्शाता है।

### IFL एंटरप्राइजेज लिमिटेड को राइट्स इश्यू से 49.14 करोड़ रुपये जुटाने की मंजूरी मिली

# राइट इश्यू 19 जून से सब्सक्रिप्शन के लिए खुलेगा

मुंबई। कृषि वस्तुओं के आयात, निर्यात और व्यापार सहित एग्री कोमोडिटी बिझनेस में लगी IFL एंटरप्राइजेज लिमिटेड (बीएसई - 540377) का 49.14 करोड़ रुपये का राइट्स इश्यू 19 जून, 2025 को सब्सक्रिप्शन के लिए खुलेगा और 30 जून, 2025 तक खुला रहेगा। राइट्स इश्यू की कीमत आकर्षक रूप से 1 रुपये प्रति शेयर रखी गई है, जो मौजूदा शेयरधारकों को कंपनी में अपनी इक्विटी बढ़ाने का अवसर प्रदान करती है। 9 जून 2025 को आयोजित बैठक में बोर्ड ओफ डिरेक्टर्स ने राइट्स इश्यू पर विचार किया और उसे मंजूरी दी।

इससे पहले, कंपनी के बोर्ड ओफ डिरेक्टर्स ने 30 दिसंबर, 2024 को और 07 मार्च, 2025 के ड्राफ्ट लेटर ऑफ ऑफर को 50 करोड़ रुपये (पचास करोड़ रुपये) तक के प्रस्तावित राइट इश्यू के लिए सैद्धांतिक अनुमोदन प्राप्त करने के लिए प्रस्तुत किया और बीएसई लिमिटेड से 19 मई, 2025 के लेटर नंबर [illegible]213/2025-26 के माध्यम से सैद्धांतिक अनुमोदन प्राप्त हुआ। रिकॉर्ड तिथि - 13 जून, 2025 को इक्विटी शेयर रखने वाले शेयरधारक प्रत्येक 91 फुल्ली पेईड इक्विटी शेयरों के लिए 60 राइट इक्विटी शेयरों के अनुपात में राइट शेयरों के लिए आवेदन करने के पात्र होंगे। [illegible] के ऑन-मार्केट रेनुन्सिएशन की अंतिम तिथि 24 जून, 2025 है। राइट्स इश्यू में 1 रुपए अंकित मूल्य वाले 49,14,76,620 फुल्ली पेईड अप इक्विटी शेयर शामिल हैं, जिनकी कुल कीमत 49.14 करोड़ रुपए है।

इश्यू से प्राप्त राशि का उपयोग कंपनी की वित्तीय स्थिति को मजबूत करने और सामान्य कॉर्पोरेट उद्देश्यों को पूरा करने के लिए किया जाएगा। यह केपिटल राईझ नवनियुक्त मेनेजिंग डिरेक्टर श्री अभिषेक प्रतापकुमार ठक्कर के नेतृत्व में कंपनी की रणनीतिक दिशा का अनुसरण करता है, जिसका उद्देश्य परिचालन दक्षता को बढ़ाना और सेवा क्षमताओं का विस्तार करना है।

## सिद्धू की शायरी, कपिल के पंच, और नेटफ्लिक्स का स्टेज — कॉमेडी के राजा फिर लौट आए हैं!

मुंबई। तैयार हो जाइए - क्योंकि ठोको ताली की गूंज फिर से लौट आई है, और साथ ही लौट आए हैं नवजोत सिंह सिद्धू! द ग्रेट इंडियन कपिल शो का तीसरा सीज़न 21 जून से नेटफ़्लिक्स पर शुरू हो रहा है, और इस बार एक ऐसा ट्विस्ट है जिसकी किसी ने उम्मीद नहीं की थी - हंसी के असली बादशाह फिर से अपने तख्त पर लौट आए हैं, हंसी की रानी अर्चना पूरन सिंह के साथ! हां, आपने बिल्कुल सही पढ़ा। अब ये बना है डबल-जज कॉमेडी कोर्ट, और फैसला एकदम साफ है- डबल हंसी, डबल धमाल और यकीनन डबल ताली।नेटफ़्लिक्स और कपिल ने इस महीने की शुरुआत में वादा किया था कि हर फनीवार बढ़ेगा हमारा परिवार, और इस वादे को निभाते हुए, कॉमेडी परिवार को और बड़ा बना दिया गया है - क्योंकि अब सिद्धू पाजी भी इस परिवार का हिस्सा हैं। और सिर्फ इतना ही नहीं - इस बार फैंस सिर्फ ऑडियंस में नहीं रहेंगे, बल्कि स्टेज पर भी नजर आएंगे!

# रेनालिक्स ने दुनिया की पहली स्वदेशी एआई आधारित स्मार्ट हीमोडायलिसिस मशीन लॉन्च की

● किडनी केयर को बनाया सस्ता और सुलभ ● मजबूत विनिर्माण क्षमता हासिल करने के लिए अगले चार साल में 800 करोड़ रुपये का निवेश करेगी कंपनी



### ● एंड-स्टेज रेनल डिजीज (ईएसआरडी) मरीजों के लिए पूरे भारत में डायलिसिस को सुलभ बनाने का लक्ष्य

मुंबई, एजेंसी। किडनी (रेनल) केयर सेक्टर की देश की अग्रणी प्रौद्योगिकीय नवाचार (टेक्नोलॉजी इनोवेशन) कंपनी रेनालिक्स हेल्थ सिस्टम्स प्राइवेट लिमिटेड ने दुनिया की पहली पूरी तरह से स्वदेशी, एआई आधारित और क्लाउड सक्षम हीमोडायलिसिस मशीन रेनालिक्स - आरएक्सटी 21 (ऋऋ 21) लॉन्च की है. इस मशीन के जरिए कहीं से रियल टाइम मॉनिटरिंग हो सकती है. इसके साथ ही यह क्लीनिकल कनेक्टिविटी जैसी सुविधाओं से भी लैस है. 6.70 लाख रुपये की शुरुआती कीमत के साथ आयातित मशीनों की तुलना में काफी कम मूल्य पर उपलब्ध रेनालिक्स - आरएक्सटी 21 डायलिसिस सुविधा को बड़ी आबादी के लिए किफायती और सुलभ बनाने के साथ-साथ शहरी, अर्ध-शहरी (सेमी-अर्बन) और ग्रामीण इलाकों में मांग और आपूर्ति के बीच के अंतर को पाट देगी.

पूरी तरह से भारत में डिजाइन की गई और विनिर्मित रेनालिक्स - आरएक्सटी 21 किडनी के मरीजों, एंड-स्टेज रेनल डिजीज (ईएसआरडी) मरीजों और खासकर दिल (हार्ट), फेफड़ों और किडनी में गंभीर चोट से जुड़ी जटिलताओं वाले मरीजों को सुरक्षा और गुणवत्तापूर्ण देखभाल (क्वालिटी केयर) उपलब्ध कराने के लिए क्लाउड-आधारित टेलीनेफ्रोलॉजी प्लेटफॉर्म सहित अन्य नवीनतम प्रौद्योगिकी (लेटेस्ट टेक्नोलॉजीज) का इस्तेमाल करती है. रेनालिक्स - आरएक्सटी 21 ने रेनालिक्स को यूरोपीय यूनियन (ईयू) सीई सर्टिफिकेशन वाली एडवांस्ड डायलिसिस मशीन बनाने वाली दुनिया की छठी और भारत की पहली कंपनी बना दिया है.

रेनालिक्स ने 2025-26 तक 5,000 मशीन की विनिर्माण क्षमता हासिल करने के लिए अगले चार साल में 800 करोड़ रुपये निवेश करने की योजना बनाई है. इसके साथ ही कंपनी वित्त वर्ष 2027-28 तक 1500 मशीनों की अतिरिक्त क्षमता विकसित करेगी. इसके अतिरिक्त कंपनी की भारत में ही कंज्यूमेबल्स के विनिर्माण की भी योजना है. कंपनी की विस्तार योजनाओं को सपोर्ट करने और बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए कंपनी की कर्नाटक के बेंगलुरु और मैसूर तथा महाराष्ट्र के मुंबई में विनिर्माण इकाइयां (मैन्यूफैक्चरिंग फैसिलिटीज) हैं.

## शुरू हो रहा है अल्ट्रा का नया अध्याय

गुरुग्राम, एजेंसी। सैमसंग वर्षों से अपने यूजर्स की बात सुनता आया है और हमेशा उनकी उम्मीदों से आगे बढ़ने का वादा करता रहा है। आज की डिजिटल दुनिया में लोग चाहते हैं - बड़ी स्क्रीन, शानदार कैमरा और ऐसे स्मार्ट फीचर्स जो उनकी रचनात्मकता को नई उड़ान दें। इसी वादे को पूरा करते हुए सैमसंग लेकर आया है नया अल्ट्रा अनुभव - जो पोर्टेबिलिटी के साथ दमदार परफॉर्मेंस, शानदार कैमरा और स्मार्ट कनेक्टिविटी का बेहतरीन मेल है। गैलेक्सी का यह नया अध्याय तकनीक और कला को इस तरह जोड़ता है, जो रोज़मर्रा की ज़िंदगी को पहले से कहीं बेहतर बना देता है। भीड़भाड़ वाले मेट्रो स्टेशन से लेकर पूरे दिन की व्यस्त दिनचर्या तक - नया गैलेक्सी डिवाइस हर पल को स्मार्ट और आसान बनाता है। इसे हाथ में लेकर वॉयस कमांड से एआई की मदद लें, परफेक्ट रेस्टोरेंट ढूंढें और अपने डाइनिंग पार्टनर को तुरंत मैसेज भेजें। रास्ते में अधूरा ईमेल पूरा करें और फिर हाई-क्वालिटी कैमरे से उन पलों को तस्वीरों में कैद करें जो यादगार बन जाएं। एआई-पावर्ड टूल्स की मदद से आप दिनभर मैसेजिंग, ब्राउज़िंग और गेमिंग का मज़ा ले सकते हैं, वो भी बिना किसी बोझ या रुकावट के।

# द वेल्थ कंपनी ने भारत की रियल एस्टेट क्षमता को भुनाने के लिए लॉन्च किया 2000 करोड़ का भारत भूमि फंड

मुंबई , एजेंसी। पैंटोमैथ ग्रुप की अंग, द वेल्थ कंपनी एसेट मैनेजमेंट प्राइवेट लिमिटेड ने अपनी पांचवीं भारत वैल्यू फंड सीरीज़ के तहत भारत भूमि फंड लॉन्च किया है, जो - 1000 करोड़ का कैटेगरी-2 एआईएफ है और इसमें 1000 करोड़ का ग्रीन शू ऑप्शन है। यह फंड भारत के वृद्धि दर्ज करते रियल एस्टेट सेक्टर में प्राइवेट इक्विटी-शैली की कठोरता लाता है, जिसमें उच्च अवसर वाले कॉरिडोर और मुख्य शहरों में निष्पादन के लिए तैयार परियोजनाओं पर केंद्रित दृष्टिकोण है।



भारत भूमि फंड, द वेल्थ कंपनी के निवेश क्षितिज का विस्तार है और यह उसी मूल्य-संचालित दर्शन पर आधारित है जो इसके बाकी दृष्टिकोण को परिभाषित करता है। भारत वैल्यू फंड सीरीज़ की मज़बूत नींव और विश्वसनीयता को आगे बढ़ाते हुए - सॉवरेन फंड ऑफ फंड्स और प्रमुख फैमिली ऑफिस जैसे गुणवत्ता वाले निवेशकों द्वारा विश्वसनीय और समर्थित यह फंड रियल एसेट में निवेश को व्यापक बनाने का स्वाभाविक तरीका प्रदान करता है। दृश्यता (विज़िबिलिटी) और संपार्श्विक (कोलैटरल) समर्थन प्रदान करते हुए, रियल एस्टेट इक्विटी और निजी बाज़ार निवेश के साथ-साथ लचीला आधार बनाता है - बाज़ार चक्रों में स्थायी मूल्य प्रदर्शित करता है। द वेल्थ कंपनी के लिए, रियल एस्टेट कोई नई दिशा नहीं है, यह पोर्टफोलियो में विविधता लाने की आवश्यकता के साथ जुड़ी एक स्वाभाविक प्रगति है।

## मध्यप्रदेश में भरोसेमंद बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए तात्कालिक ढांचागत सुधार जरूरी

भोपाल। मध्यप्रदेश नवीकरणीय ऊर्जा के क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति कर रहा है। एनटीपीसी लिमिटेड ने राज्य में सौर, पवन और हाइब्रिड परियोजनाओं सहित 20 गीगावॉट ग्रीन एनर्जी क्षमता विकसित करने के लिए 2 लाख करोड़ से अधिक का निवेश करने का संकल्प लिया है। इसके अतिरिक्त, राज्य की नवीकरणीय ऊर्जा नीति 2025 का लक्ष्य है कि वर्ष 2030 तक राज्य की 50न्न बिजली आवश्यकताएं नवीकरणीय स्रोतों से पूरी की जाएं, जिसके लिए 2027 तक 50,000 करोड़ का निवेश आकर्षित करने की योजना है। हालांकि, उत्पादन के मोर्चे पर हुई ये प्रगति आम उपभोक्ताओं के लिए भरोसेमंद बिजली आपूर्ति में तब्दील नहीं हो पाई है। साल भर, विशेषकर गर्मियों के मौसम में, निर्धारित रखरखाव कार्य या उपकरणों की खराबी के कारण बार-बार बिजली कटौती आम बात है। पिछले महीने भोपाल के लगभग 25 इलाकों में 1 से 6 घंटे तक बिजली आपूर्ति ठप रही, जिसका कारण क्षेत्र में चल रहे रखरखाव कार्य बताया गया। बिजली आपूर्ति की गुणवत्ता और भरोसेमंद वितरण को कमजोर करने वाला एक प्रमुख कारण डिस्ट्रिब्यूशन ट्रांसफॉर्मर्स (डीटी) की बार-बार खराबी है।

# निष्क को मिला डायमंड्स डु गुड अवार्ड

### द्देश्य-आधारित अनुकरणीय नेतृत्व का सम्मान

मुंबई, एजेंसी। टाटा परिवार के अग्रणी ज्वेलरी ब्रांड,




तनिष्क और मिआ बाए तनिष्क को डायमंड्स डु गुड पर्पज़-ड्रिवन बिजनेस लीडरशिप अवार्ड से पुरस्कृत किया गया है। लास वेगस में संपन्न हुए प्रतिष्ठित डायमंड्स डु गुड अवार्ड्स 2025 समारोह में यह पुरस्कार दिया गया। टाइटन कंपनी लिमिटेड के ज्वेलरी डिवीज़न के सीईओ, श्री अजॉय चावला ने तनिष्क और मिआ बाए तनिष्क की ओर से पुरस्कार स्वीकार किया। प्राकृतिक हीरों के उद्यम के मूल में नैतिकता, सस्टेनेबिलिटी और समाज की उन्नति को दृढ़ता से जोड़ने में इन ब्रांडों के नेतृत्व का सम्मान इस पुरस्कार में किया गया है।

डायमंड्स डू गुड फाउंडेशन द्वारा दिया जाने वाला, यह नामचीन पुरस्कार नैतिक सोर्सिंग, समाज की उन्नति और शिक्षा के माध्यम से प्राकृतिक हीरा उद्योग में सार्थक बदलाव लाने वाले वैश्विक नेताओं का सम्मान करता है। यह पुरस्कार तनिष्क और मिआ को न केवल आभूषण ब्रांड के रूप में, बल्कि भारत और विश्व स्तर पर जिम्मेदारी का ध्यान रखते हुए लक्ज़री के चैंपियन के रूप में भी सुर्खियों में लाता है।

## सिग्निफाई ने अपने हर गांव रोशन सीएसआर पहल के तहत आंध्र प्रदेश में लगभग 78,000 से ज़्यादा लोगों की ज़िंदगी को रोशन किया

मुंबई, एजेंसी। दुनिया की मशहूर लाइटिंग कंपनी सिग्निफाई ने ब्रिदर लाइफ बेटर वर्ल्ड विज़न के अनुरूप, आंध्र प्रदेश के पर्वतिपुरम मन्यम ज़िले के लगभग 230 गांवों को अपने प्रमुख हर गांव रोशन सीएसआर प्रोजेक्ट के तहत रोशन किया है। इस पहल से कुल 17,766 परिवारों को सस्टेनेबल लाइटिंग मिली है, जिससे पूरे इलाके में 78,200 से ज़्यादा लोगों की ज़िंदगी खुशहाल हुई है।




इस प्रोजेक्ट के आधिकारिक उद्घाटन समारोह में श्याम प्रसाद, आईएएस (जिला कलेक्टर, पर्वतिपुरम मन्यम), शामिल हुए साथ ही सिग्निफाई के सीनियर अधिकारी और उनके साझेदार संगठन जन कल्याण समिति के लोग भी मौजूद थे। इस प्रोजेक्ट को ज़मीनी स्तर की संस्था जन कल्याण समिति के साथ मिलकर लागू किया गया। इसमें गांव के लोगों की भागीदारी से यह तय किया गया कि लाइटें सही जगह लगें और उनकी ठीक से देखभाल हो। गांव के कुछ लोगों को लाइट सिस्टम की बेसिक मरम्मत की ट्रेनिंग भी दी गई, ताकि यह काम लंबे समय तक टिकाऊ और असरदार बना रहे।

निखिल गुप्ता, हेड ऑफ मार्केटिंग, स्ट्रैटेजी, गवर्नमेंट अफेयर्स और सीएसआर - सिग्निफाई, ग्रेटर इंडिया ने बताया कि, भरोसेमंद रोशनी तक पहुंच विकास की बुनियाद है।

# बिहार को मिले 26 नए पुलिस उपाधीक्षक


## राजगीर अकादमी में दीक्षांत समारोह संपन्न



**पटना।** बिहार पुलिस अकादमी राजगीर में शुक्रवार एक महत्वपूर्ण दिन था, जब 67वीं बैच के प्रशिक्षु पुलिस उपाधीक्षकों का दीक्षांत समारोह संपन्न हुआ। मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित महानिदेशक ए.के. अंबेडकर ने मुख्य परेड की सलामी लेते हुए राज्य को 26 नए योग्य पुलिस उपाधीक्षक सौंपे। इस बैच में शामिल नए डीएसपी में मिथिलेश कुमार तिवारी, मोहम्मद शाहनवाज अख्तर, पौरुष अग्रवाल, ज्योति कुमारी, अभिषेक कुमार, खालिद हयात, समीर कुमार, राजन कुमार, हर्षिता रश्मि, स्नेही सोनल, मोहम्मद अब्दुल रहमान, अमरजीत तिवारी, रोशन कुमार, ईशानी सिंह, सन्नी दयाल, अंकित कुमार, अभिनव कुमार, विनय रंजन, अभिषेक चौबे, तरुण पांडे, चित्रा कुमारी, देवाशीष हंस, पिंकी कुमारी, फैसल चांद, शिवानी श्रेष्ठा और ऋषभ आनंद शामिल हैं।समारोह को संबोधित करते हुए डीजी अंबेडकर ने अपने 33 वर्षीय सेवा अनुभव को साझा करते हुए नवनियुक्त अधिकारियों को व्यावहारिक सुझाव दिए। उन्होंने बताया कि दो साल पहले जब वे 113 पुलिस अधीक्षकों के दीक्षांत समारोह में आए थे, तब से अकादमी के परिसर में व्यापक सुधार देखने को मिला है। आज के दीक्षांत समारोह में 67वीं बैच के डायरेक्टली रिक्रूटेड पुलिस अधीक्षकों को सबसे पहले मैं प्रशिक्षण के बाद एक सुखद समापन और एक बेहतरीन परेड के लिए धन्यवाद देना चाहूंगा। डीजी अंबेडकर ने अपने प्रारंभिक करियर का जिक्र कर बताया कि 1992-93 में जब उन्हें पश्चिम चंपारण में तैनात किया गया था, जो उस समय किडनैपिंग और फिरौती के लिए कुख्यात था। तब उन्होंने थाना स्तर पर अधिकारी प्रभारी के साथ तीन महीने तक आवास साझा करके व्यावहारिक प्रशिक्षण लिया था। उन्होंने कहा कि आप जब पेशेवर के रूप में जा रहे हैं, न कि केवल एक अधिकारी के रूप में, तो इस बात को याद रखिए। यह एक साल की सिखलाई जो आपको जिलों में मिलेगी, वह आपके भविष्य का आधार बनेगी। डीजी अंबेडकर ने बताया कि उनके साढ़े तीन साल के कार्यकाल में लगभग 50,000 पुलिस कांस्टेबलों का प्रशिक्षण विभिन्न कैंपसों में कराया गया है। उन्होंने बताया कि जुलाई से 21,000 नए भर्तियों का प्रशिक्षण शुरू होने वाला है, जिसमें 15 वाहिनियों में लगभग 10,000 डायरेक्ट रिक्रूट कांस्टेबल शामिल हैं। अकादमी के निदेशक ने बताया कि नव प्रशिक्षित डीएसपी को अत्याधुनिक तरीकों से गहन प्रशिक्षण दिया गया है। इस प्रशिक्षण में कानून व्यवस्था बनाए रखना, अपराध की जांच, साइबर अपराध, मानवाधिकार, आपदा प्रबंधन, भीड़ नियंत्रण और आधुनिक पुलिसिंग की विधियों को व्यापक रूप से शामिल किया गया है। प्रशिक्षण कार्यक्रम में केवल तकनीकी ज्ञान ही नहीं, बल्कि फिजिकल फिटनेस, मानसिक दृढ़ता और नैतिक मूल्यों पर भी विशेष ध्यान दिया गया है। इस समग्र दृष्टिकोण से इन्हें एक सशक्त और जिम्मेदार अधिकारी के रूप में तैयार किया गया है। इन 26 नवनियुक्त पुलिस उपाधीक्षकों की तैनाती राज्य के विभिन्न जिलों में होगी। जहां वे अपने एक साल के व्यावहारिक प्रशिक्षण के दौरान प्राप्त किए गए ज्ञान का उपयोग करते हुए कानून व्यवस्था बनाए रखने और जनसेवा में योगदान देंगे। डीजी अंबेडकर ने अकादमी के निदेशक आर. मल्लार की सराहना करते हुए कहा कि उनकी मेहनत से अकादमी का माहौल और बुनियादी ढांचा काफी बेहतर हुआ है। उन्होंने बताया कि निदेशक का राष्ट्रीय पुलिस अकादमी में प्रशिक्षक के रूप में पूर्व अनुभव अकादमी के लिए लाभकारी साबित हो रहा है।

## संक्षिप्त डायरी

### अहमदाबाद विमान हादसे में पटना की मनीषा ने गंवाई जान



**पटना।** अहमदाबाद में हुए प्लेन क्रैश में अब तक 265 लोगों के शव बरामद कर लिए गए हैं। इनमें से 241 मृतक विमान में सवार पैसेंजर्स और क्रू मेंबर्स थे। 5 मृतक उस मेडिकल हॉस्टल के हैं, जहां प्लेन क्रैश हुआ था। विमान हादसे में जान गंवाने वालों में पटना की मनीषा थापा भी शामिल हैं। मनीषा का पूरा परिवार पटना में इरअढ ग्राउंड से कुछ दूरी पर जगदेव पथ इलाके में श्यामा अपार्टमेंट के पास रहता है। हादसे की जानकारी मिलने के बाद मनीषा का परिवार पटना से अहमदाबाद के लिए रवाना हो गया है। मनीषा के पड़ोसियों ने बताया कि वे होनहार लड़की थी। मनीषा मूल रूप से नेपाल के विराटनगर की रहने वाली थी, लेकिन उनके पिता राजू थापा बिहार पुलिस में बेगूसराय में पोस्टेड हैं। मनीषा का जन्म पटना में ही हुआ था। पटना के सेंट जेवियर से मनीषा ने ग्रेजुएशन किया था। मनीषा थापा की मां लक्ष्मी थापा हाउस वाइफ हैं। एक भाई अमित थापा अभी पढ़ाई कर रहे हैं। परिवार के लोग बताते हैं कि मनीषा थापा ने पहले पटना में ही इंडिगो को जॉइन किया था। इसके बाद उन्होंने एयर इंडिया में बतौर एयर होस्टेस जॉइन किया। मनीषा थापा के 2 चाचा बबलू थापा और गुड्डू थापा बिहार स्पेशल आर्म्ड पुलिस में हवलदार हैं। इन दोनों की पोस्टिंग बटालियन नंबर -1 में है। एअर इंडिया की बोइंग 787 ड्रीमलाइनर फ्लाइट अक 171 ने गुरुवार दोपहर 1:38 बजे अहमदाबाद से लंदन के लिए उड़ान भरी थी। इसमें 169 भारतीय, 53 ब्रिटिश, 7 पुर्तगाली और एक कनाडाई नागरिक समेत कुल 230 यात्री सवार थे। दो मिनट बाद ही फ्लाइट क्रैश हो गई। इनमें 103 पुरुष, 114 महिलाएं, 11 बच्चे और 2 नवजात थे। बाकी 12 क्रू मेंबर्स थे। मृतकों में गुजरात के पूर्व सीएम विजय रूपाणी भी शामिल हैं, जबकि सिर्फ एक यात्री की जान बची है।

### गर्भवती महिला के साथ मारपीट, पति घायल



**किशनगंज।** पोठिया थाना क्षेत्र के कोल्था पंचायत में कटहल बाड़ी अड्डा चौक पर दो गुटों के बीच हिंसक झड़प हुई। दोनों पक्षों ने एक-दूसरे पर लाठी-डंडों और पत्थरों से हमला किया। मामला तब और बिगड़ गया जब एक पक्ष की महिला ने दूसरे पक्ष के युवक मोहम्मद इकबाल (35) पर चाकू से हमला कर दिया। घायल इकबाल को पहले नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। बाद में उसे सदर अस्पताल रेफर किया गया, जहां उसका इलाज जारी है। इकबाल ने बताया कि वह अपनी दुकान पर सामान बेच रहा था। इसी दौरान दूसरे पक्ष की एक महिला ने उसे और उसकी 3 महीने की गर्भवती पत्नी को गाली-गलौज करना शुरू कर दिया। जब इकबाल ने इसका विरोध किया, तो महिला ने उस पर चाकू से हमला कर दिया। घटना गुरुवार देर रात की है। घायल की पत्नी नाजिया प्रवीण (21) ने बताया कि उसके साथ भी मारपीट की गई। गर्भवती होने की बात बताने के बावजूद उन पर हमला किया गया। स्थानीय लोगों ने उसे बचाया, लेकिन उनके पति को चाकू से घायल कर दिया गया। स्थानीय लोगों के अनुसार, दोनों गुटों के बीच पुरानी रंजिश थी। दोनों के दुकान आमने - सामने हैं, जिसे लेकर काफी समय से दोनों गुटों के बीच दुकान के सामान रखने को लेकर कहासुनी होते रहती थी। नाजिया प्रवीण ने पोठिया थाना में लिखित शिकायत दर्ज कराई है। थाना प्रभारी अंजय अमन ने कहा कि मामला गंभीर है और नामजद लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी।

### बाइक मैकेनिक की पीट-पीटकर हत्या

**औरंगाबाद।** हसपुरा इलाके में बेखौफ अपराधियों ने पीट-पीटकर बाइक मैकेनिक की हत्या कर दी। वारदात के बाद शव को बधार में फेंक दिया। गुरुवार देर रात डेड बॉडी चांदी गांव स्थित खेल मैदान के पास मिला है। एक साल पहले शादी हुई थी। घर में कमाने वाला इकलौता था। मृतक की पहचान हसपुरा डीह निवासी मंसूर खान उर्फ अप्पू खान(25) के तौर पर हुई है। परिजन अपनी संतुष्टि के लिए अस्पताल लेकर गए थे, लेकिन डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। घटना के विरोध में स्थानीय लोगों ने सड़क जाम कर दिया। प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। मामले की सूचना मिलते ही एसडीपीओ कुमार ऋषि राज मौके पर पहुंचे। समझा-बुझाकर लोगों को शांत कराया। पिता हयात खान ने चांदी गांव के पुष्कर राज पर हत्या का आरोप लगाया है। थाने में आवेदन देकर कार्रवाई की मांग की है। उनहोंने बताया कि बेटे के पास 20 हजार रुपए था। रुपए छीनकर अपराधियों ने उसे मार दिया। एक साल पहले धूमधाम से बेटे की शादी की थी। घर में कमाने वाला एकलौता सदस्य था। किसी तरह बाइक मैकेनिक का काम करके परिवार का भरण-पोषण करता था। जानकारी के अनुसार जिस युवक पर हत्या का आरोप लगा है। उसका क्रिमिनल रिकॉर्ड है। ड्रग्स के कारोबार से जुड़ा हुआ है। कुछ दिन पहले ही जमानत पर जेल से बाहर आया था। लोगों की मानें तो दाउदनगर और हसपुरा इलाके में अवैध ड्रग्स का कारोबार फल-फूल रहा है। इस मामले को भी ड्रग्स के कारोबार से जोड़ा जा रहा है।

# लूटपाट के दौरान ग्रामीण डॉक्टर पर चाकू से हमला



**वैशाली।** अपराधियों ने एक व्यक्ति को हमला कर लूटपाट की वारदात को अंजाम दिया। बिदुपुर थाना क्षेत्र के पकौली गांव निवासी बसंत कुमार (27) गुरुवार देर रात मोहनपुर खजबत्ता गांव से लौट रहा था। बसंत कुमार ने बताया की धबौली गांव के पास 4 अपराधियों ने उसकी मोटरसाइकिल रोक ली। अपराधियों ने बसंत कुमार के साथ मारपीट की। उसके गले से सोने की चेन, बजरंगबली और 8000 रुपए नगद छीन लिए। इतना ही नहीं, अपराधियों ने चाकू से हमला कर दिया। इस हमले में बसंत के सर, सीना और गले पर चोटें आई। घायल अवस्था में बसंत किसी तरह बिदुपुर के मायाराम हॉट तक पहुंचे। वहां से उन्होंने अपने परिजनों को फोन किया। परिजन उसे बिदुपुर पीएचसी ले गए, जहां उनका इलाज किया गया। बसंत कुमार ग्रामीण क्षेत्र में चिकित्सक का काम करता है ओर अपना घर चलाता है। बीती रात मोहनपुर खजबत्ता गांव में दुबे जी के बच्ची का इलाज करने गया था, इसी दौरान अपराधियों ने हमला कर लूट की वारदात को अंजाम दिया। शुक्रवार सुबह 10 बजे बसंत कुमार ने बिदुपुर थाने में लिखित शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए 1 आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। अन्य आरोपियों की तलाश जारी है।

# ग्रामीण चिकित्सक की गोली मारकर हत्या

## इलाके में दहशत का माहौल; पुलिस हर पहलुओं पर कर रही जांच



**भागलपुर।** जिले के नवगछिया पुलिस जिला अंतर्गत गोपालपुर थाना क्षेत्र के करचीरा गांव में गुरुवार को दिनदहाड़े एक सनसनीखेज वारदात में बेखौफ अपराधियों ने एक ग्रामीण चिकित्सक की गोली मारकर हत्या कर दी। मृतक की पहचान मो. रिजवान पिता- मो. आलमगीर के रूप में हुई है। बताया गया कि मो. रिजवान अपने एक सहयोगी के साथ किसी काम से दूध लेने करचीरा गांव पहुंचे थे, तभी पहले से घात लगाए अपराधियों ने उन पर ताबड़तोड़ फायरिंग शुरू कर दी। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, चार से पांच की संख्या में रहे अपराधी पहले से मौके पर घात लगाए बैठे थे। जैसे ही मो. रिजवान गांव में दाखिल हुए, उन पर फायरिंग शुरू कर दी गई। जान बचाने के लिए वे गांव की गलियों में भागने लगे, लेकिन अपराधियों ने उनका पीछा करते हुए तीन गोलियां दागीं। एक गोली उनके सीने में लगी, जिससे वे गंभीर रूप से घायल हो गए। गंभीर हालत में परिजनों ने उन्हें तत्काल गोपालपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें मायागंज अस्पताल रेफर किया गया। इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। घटना के बाद गांव में तरह-तरह की चर्चाएं हैं। कुछ लोगों का कहना है कि मृतक आर्थिक रूप से संपन्न थे और उनसे लगातार रंगदारी की मांग की जा रही थी। वहीं, कुछ लोग इस हत्या के पीछे अवैध संबंधों की आशंका भी जता रहे हैं। हालांकि, पुलिस ने फिलहाल किसी भी कारण की आधिकारिक पुष्टि नहीं की है। इस हत्या की वारदात के बाद करचीरा और आसपास के इलाकों में दहशत का माहौल है। स्थानीय लोग काफी भयभीत हैं। गोपालपुर थाना की पुलिस मौके पर पहुंचकर छानबीन कर रही है। पुलिस अधिकारियों के अनुसार, सभी संभावित पहलुओं पर गंभीरता से जांच की जा रही है। फिलहाल, किसी की गिरफ्तारी नहीं हो सकी है। इस घटना ने एक बार फिर नवगछिया पुलिस की कार्यशैली और जिले की कानून व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं। दिनदहाड़े एक चिकित्सक की सरेआम हत्या ने आम जनता की सुरक्षा पर गंभीर चिंता उत्पन्न कर दी है।

# 2 लोगों ने महिला को जिंदा जलाया





**समस्तीपुर।** कपूरीं ग्राम थाना क्षेत्र के रूप नारायणपुर बेला गांव में पाटीदारों के बीच जमीन का विवाद चल रहा है। इसमें हिंसक झड़प हो गई। इस घटना में एक महिला समेत तीन लोग जख्मी हो गए। एक पक्ष से दो जबकि दूसरे पक्ष से महिला जख्मी हुई है। महिला ने दूसरे पक्ष पर जिंदा जलाने की कोशिश का आरोप लगाया है। जख्मी महिला रूबी देवी के अलावा दूसरे पक्ष के चंद्र मोहन झा और इंद्र मोहन झा का उपचार सदर अस्पताल में चल रहा है। इस घटना में आग से झुलस रही महिला भागती हुई नजर आ रही है। घटना के संबंध में रूबी देवी का कहना है कि वह अपने हिस्से की जमीन को जोतवाने के लिए परिवार के साथ गए हुए थे। उधर से इंद्रमोहन झा आए और पेट्रोल छींट दिए। मेरे ऊपर आग लगा दिए। जलता हुआ मेरा एक वीडियो भी है। महिला ने कहा कि पाटीदार चंद्र मोहन झा, इंद्र मोहन झा आदि आ पहुंचे और उनके साथ मारपीट करने लगे। इस दौरान शरीर पर पेट्रोल छिड़क कर जिंदा जलाने का भी प्रयास किया है। हल्ला होने पर जुटे आसपास के लोगों ने बीच बचाव किया बाद में लोगों ने उन्हें अस्पताल पहुंचाया है। दूसरे पक्ष के जयवर्धन झा ने कहा कि ये हमारे चचेरे भाई है। दोनों आदमी खेत में काम करने के लिए गए थे। जमीन का विवाद चल रहा है। खेत घूमने गए थे। पाटीदार ललन झा ने फायरिंग की है। करीब एक बीघा जमीन पर इन लोगों का कब्जा चल रहा है। कोर्ट से भी इन्हें डिग्री मिली हुई है। पिछले 55 सालों से उस जमीन को यह जोते आ रहे हैं। आज रितेश झा ललन झा ,रूबी देवी आदि जबरन जमीन को जोतने के लिए पहुंची थी। जब उनके भाई चंद्र मोहन झा, इंद्र मोहन झा आदि रोकने के लिए पहुंचे, तो उनके साथ मारपीट की गई। रॉड से वार किया गया। गोली भी चलाई गई। बाद में जब ग्रामीणों की भीड़ जुटी तो बीच बचाव कर इन्हें अस्पताल पहुंचाया है। दो गुटों के बीच झड़प की सूचना पर करपुरीग्राम थाने की पुलिस भी मौके पर पहुंची। सभी घायलों को सदर अस्पताल लाया गया है। करपुरीग्राम थाना अध्यक्ष ओमप्रकाश ने बतलाया कि चंद्र मोहन झा रितेश झा के बीच लंबे समय से आपसी पाटीदारी का बंटवारा विवाद चल रहा है। इसी बात को लेकर आज पुनः दोनों गुटों के बीच मारपीट की घटना हुई है। घटना को लेकर दोनों ओर से एक दूसरे के खिलाफ आवेदन दिया जा रहा है। दोनों ओर से प्राथमिकी दर्ज कर उचित कार्रवाई की जाएगी।

# निकाह का न्योता देने जा रहे भाइयों की बाइक फिसली



**जमुई।** शुक्रवार को एक सड़क हादसे ने शादी की खुशियों को मातम में बदल दिया। झाझा-सिमुलतला मुख्य मार्ग पर चरैयाटांड़ पहाड़ी के पास एक बाइक सड़क पर फिसल गई। हादसे में बाइक सवार दोनों भाइयों में से छोटे भाई की मौके पर मौत हो गई। वहीं, बड़ा भाई गंभीर रूप से घायल हो गया है। मृतक की पहचान सिमुलतला थाना क्षेत्र के बथनावरण गांव निवासी सुभान अंसारी के 17 वर्षीय पुत्र मो. शफरुल अंसारी के रूप में हुई है। हादसे में घायल युवक का नाम मो. अजहरुद्दीन है, जो मृतक का बड़ा भाई है। परिवार वालों ने बताया कि मो. अजहरुद्दीन का निकाह 19 जून को तय था। इसी सिलसिले में वह अपने छोटे भाई शफरुल के साथ झाझा प्रखंड के बलियाडीह गांव के निकले। दोनों शादी का न्योता देने के लिए बाइक से जा रहे थे। दोपहर में जब दोनों चरैयाटांड़ पहाड़ी के पास पहुंचे, तभी बाइक सड़क पर स्लीप हो कर दुर्घटनाग्रस्त हो गई। घटना की सूचना मिलते ही राहगीरों की मदद से दोनों घायलों को जमुई सदर अस्पताल लाया गया। चिकित्सक डॉ. घनश्याम सुमन ने छोटे भाई शफरुल को मृत घोषित कर दिया। वहीं, अजहरुद्दीन की हालत चिंताजनक बनी हुई है, जिसे देखते हुए उन्हें पीएमसीएच पटना रेफर कर दिया गया है। झाझा थानाध्यक्ष संजय कुमार सिंह ने हादसे की पुष्टि करते हुए बताया कि दुर्घटना की सूचना मिलते ही घायलों को अस्पताल भेजा गया था। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है और मामले की जांच जारी है।

# गर्मी के बीच राहत की खबर



**पटना।** बिहारवासियों को उमस भरी गर्मी से राहत नहीं मिलने के आसार अगले 24 घंटे तक नहीं है। शुक्रवार को भी मौसम विज्ञान केंद्र ने लगभग आधे बिहार में हीट वेव का अलर्ट जारी किया है। पटना, गया, रोहतास समेत कई जिलों में झुलसाने वाली गर्मी ने लोगों का हाल बेहाल कर दिया है। वहीं तिरहुल और मिथिलावासियों के लिए राहत भरी खबर है। मौसम विभाग ने इन इलाकों में बारिश का अलर्ट जारी किया है। पटना मौसम विज्ञान केंद्र के अनुसार, पश्चिम चंपारण, पूर्वी चंपारण, गोपालगंज, सीतामढ़ी, शिवहर और दरभंगा जिले में एक या दो स्थानों पर दो से तीन घंटे के अंदर तेज हवा के साथ मध्यम दर्जे की बारिश और वज्रपात का येलो अलर्ट जारी किया है। मौसम विभाग के अनुसार, अगले 24 घंटे में दक्षिण पश्चिम बिहार, दक्षिण मध्य बिहार और दक्षिण पूर्व बिहार में अधिकतम और न्यूनतम तापमान में कोई खास परिवर्तन नहीं होने के आसार हैं। एक या दो स्थानों को छोड़कर बाकी सभी जगह मौसम शुष्क बने रहेंगे। पटना, गया, नालंदा, शेखपुरा, औरंगाबाद, जहानाबाद, अरवल, भागलपुर, बांका, जमुई, मुंगेर समेत आसपास के इलाकों में अधिक गर्मी पड़ेगी। एक दिन पहले यानी गुरुवार को किशनगंज और रक्सौल के कुछ इलाकों में बारिश हुई है। इससे गर्मी से लोगों को राहत मिली। आज सुबह से इन इलाकों में धूप छांव का खेल जारी है। इधर, गर्मी को देखते हुए पटना में स्कूलों का समय भी बदल दिया गया है। पटना जिलाधिकारी ने आठवीं तक की कक्षाओं को सुबह 11 बजे तक चलाने का ही निर्देश दिया है। पटना के जिलाधिकारी ने आदेश दिया कि अधिक तापमान, विशेष रूप से दोपहर के समय पड़ रही भीषण गर्मी के कारण बच्चों के स्वास्थ्य और जीवन पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ने की संभावना को देखते हुए सभी निजी या सरकारी विद्यालयों स्कूलों में कक्षा आठ तक एवं सभी कोचिंग संस्थानों में शैक्षणिक गतिविधियों पर सुबह 11 बजे के बाद, प्री-स्कूल व आंगनबाड़ी केन्द्रों में 10 बजे के बाद गतिविधियों पर प्रतिबंध लगाया गया है। कोचिंग संस्थानों में शाम साढ़े चार बजे के बाद शैक्षणिक गतिविधियों का संचालन किया जा सकता है। यह आदेश 16 जून तक प्रभावी रहेगा। पिछले 24 घंटे में रोहतास सर्वाधिक अधिकतम तापमान 42 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। गोपालगंज में 41.1, बक्सर में 40 डिग्री सेल्सियस वहीं औरंगाबाद में 40.2 डिग्री सेल्सियस, भोजपुर में 40.4 डिग्री सेल्सियस, सारण में 40.7 और गया 40.5 डिग्री सेल्सियस रहा। पटना में भी अधिकतम तापमान 40.1 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

# देह व्यापार को लेकर दो होटल और एक मकान सील

## पांच आरोपी गिरफ्तार, कई ठिकानें पुलिस की रडार पर





मुजफ्फरपुर जिले में देह व्यापार के खिलाफ पुलिस ने कड़ा कदम उठाते हुए बड़ी कार्रवाई की है। काजी मोहम्मदपुर थाना क्षेत्र में अवैध गतिविधियों के संचालन के आरोप में दो होटलों और एक मकान को सील कर दिया गया है। इस कार्रवाई में पांच लोगों को गिरफ्तार किया गया है, जबकि अन्य आरोपियों की तलाश में ताबड़तोड़ छापामारी जारी है। इस घटना ने शहर में हड़कंप मचा दिया है। पुलिस ने स्पष्ट किया है कि इस तरह की गतिविधियों को अब बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।जानकारी के मुताबिक, यह कार्रवाई 10 जून की शाम को एक गुप्त सूचना के आधार पर शुरू हुई, जब पुलिस को एक अज्ञात नंबर से फोन आया। कॉल करने वाली एक लड़की ने बताया कि उसे छोटी कल्याणी के पास एक मकान में बंधक बनाकर रखा गया है और वह वहां से निकलना चाहती है। लड़की को अपनी सटीक लोकेशन का पता नहीं था, लेकिन पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए खोजबीन शुरू की। काफी प्रयासों के बाद पुलिस ने उक्त मकान का पता लगाया और छापामारी की। इस दौरान पुलिस ने उस लड़की के साथ-साथ तीन अन्य लड़कियों को भी बंधनमुक्त कराया, जो इस मकान में बंधक थीं। मौके से एक महिला किरण कुमारी को गिरफ्तार किया गया, जिसके बाद उसके पति दिलीप कुमार कुशवाहा और सिकंदरपुर थाना क्षेत्र के मुक्तिधाम निवासी ऑटो चालक लक्ष्मण पासवान को भी हिरासत में लिया गया।पुलिस ने किरण कुमारी की निशानदेही पर काजी मोहम्मदपुर थाना क्षेत्र के होटल सेंट्रल पार्क में छापामारी की, जहां से होटल मैनेजर अंकित कुमार को गिरफ्तार किया गया। इसके बाद नगर थाना क्षेत्र के छाता बाजार स्थित होटल सुभद्रा में भी छापामारी की गई, जहां से होटल मैनेजर पवन कुमार को हिरासत में लिया गया। इस कार्रवाई के दौरान पुलिस ने एक एसयूवी कार, एक ऑटो और पांच मोबाइल फोन भी जब्त किए। डीएसपी टाउन वन सीमा देवी ने बताया कि इस मामले में अब तक पांच लोगों को गिरफ्तार किया जा चुका है और कुछ अन्य संदिग्धों की गिरफ्तारी के लिए छापामारी जारी है। पुलिस ने होटल सेंट्रल पार्क, होटल सुभद्रा और उक्त मकान को सील कर दिया है, ताकि इन स्थानों पर कोई अवैध गतिविधि न हो सके। इस मामले में होटल सेंट्रल पार्क के मालिक बसंत कुमार, होटल सुभद्रा के मालिक अभिषेक कुमार और बंधक लड़कियों वाले मकान के मालिक राहुल पटेल को आरोपी बनाया गया है। पुलिस ने इन तीनों स्थानों को सील कर दिया है और इनके मालिकों की गिरफ्तारी के लिए तलाश तेज कर दी है। डीएसपी सीमा देवी ने बताया कि दिलीप कुशवाहा और लक्ष्मण पासवान लंबे समय से इस धंधे में शामिल हैं और 2014 में इन्हें 10 साल की सजा भी हो चुकी है। इसके बावजूद ये लोग अवैध गतिविधियों को अंजाम दे रहे थे। पुलिस को संदेह है कि शहर के कई अन्य होटल मैनेजर भी इस नेटवर्क से जुड़े हो सकते हैं और उनकी भूमिका की जांच की जा रही है।



# निकिता लूथर ने द ट्रेटर्स के साथ अपनी यात्रा को अवास्तविक बताया

पेशेवर पोकर खिलाड़ी निकिता लूथर को करण जौहर के रियलिटी शो द ट्रेटर्स में एक प्रतियोगी के रूप में शामिल किया गया है। निकिता ने खास बातचीत में शो में अपने अनुभव को अवास्तविक बताया। शो के लिए अपनी रणनीति शेयर करते हुए निकिता ने कहा, ईमानदारी से कहूं तो, मैं कभी सोच भी नहीं सकती थी कि मुझे ऐसा मंच दिया जाएगा। शोबिज की दुनिया में, जहां हर कोई ड्रामा लेकर आता है, मैंने यह दिखाने के लिए रणनीति का इस्तेमाल किया कि मैं एक अलग तरह की प्रतियोगी हूं। यह एक अवास्तविक यात्रा रही है, और मैं इस अवसर के लिए वास्तव में आभारी हूं।

जब उनसे पूछा गया कि उन्हें कार्ड या प्रतियोगियों में से किसमें अधिक मजा आया, तो निकिता ने प्रतियोगियों को चुनते हुए कहा, कार्ड में, यह सरल है – आप धोखा देते हैं, और आप या तो जीतते हैं या हारते हैं। लेकिन यहां धोखा चिप्स से नहीं, बल्कि शब्दों से होता है। आपको लोगों की आंखों में देखना होता है, धोखा देना होता है, और फिर अगली सुबह उनके साथ नाश्ता करना होता है। इससे यह और भी ज्यादा गहरा हो जाता है। यह पूछे जाने पर कि क्या शो के दौरान उनका कोई दीर्घकालिक जुड़ाव बना, निकिता ने कहा, मैं कोई भी स्पॉइलर नहीं देना चाहती, लेकिन हां, शुरुआत में, बहुत से लोग मुझसे दूर रहते थे। कुछ लोग मुझे खतरनाक मानते थे क्योंकि मैं एक रणनीतिक, व्यावसायिक मानसिकता से आई थी। दूसरों को लगता था कि मैं इस श्रेणी में नहीं आती। मुझे लोगों के बीच फिट होने और लोगों को समझने के लिए बहुत मेहनत करनी पड़ी। द ट्रेटर्स के स्क्रिप्टेड होने के बारे में बात करते हुए, उन्होंने कहा, ट्रेटर्स बिल्कुल भी स्क्रिप्टेड नहीं था। यह एक बहुत ही अनोखा अनुभव था। सबसे पहले, यह एक कैप्टिव रियलिटी शो था। हमारे पास दो सप्ताह तक कोई फोन नहीं था। हमें रात में बाहर जाने या अपने फोन चेक करने की अनुमति नहीं थी – हर चीज पर नजर रखी जाती थी। दूसरा, गाली-गलौज और लड़ाई-झगड़ों से भरे जहरीले रियलिटी शो के विपरीत, ट्रेटर्स ने बुद्धिमत्ता, रणनीति और सामाजिक संपर्क पर ध्यान केंद्रित किया। यह वास्तव में एक सोशल एक्सपेरिमेंट था। बता दें कि शो में निकिता का मुकाबला अंशुला कपूर, अपूर्व, राज कुंद्रा, आशीष विद्यार्थी, एलनाज नौरोजी, हर्ष गुजराल, जन्नत जुबैर, जानवी गौर, जैस्मीन भसीन, करण कुंद्रा, लक्ष्मी मांचू, महीप कपूर, मुकेश छाबड़ा, पूरव झा, रफ्तार, साहिल सलाथिया, सुधांशु पांडे, सूफी मोतीवाला और उर्फी जावेद से होगा।



# फिल्म स्पिरिट से बाहर होने के बाद दीपिका ने उठाया बड़ा कदम

फिल्म स्पिरिट से बाहर होने के बाद से दीपिका पादुकोण चर्चा में हैं। ऐसे में दीपिका पादुकोण ने अपने पिता का जन्मदिन बहुत खास तरह से मनाया है। दीपिका पादुकोण ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट शेयर की है। इसमें उन्होंने बताया है कि वह पूरे देश में लोगों के लिए हर साल 75 बैडमिंटन स्कूल खोलेंगी। दीपिका पादुकोण के मुताबिक वह अपने पिता के 70वें जन्मदिन पर पूरे देश में पादुकोण स्कूल ऑफ बैडमिंटन खोलेंगी। ये सेंटर बंगलूरू, दिल्ली, मुंबई, चेन्नई, जयपुर, पुणे, नासिक, मैसूर, पानीपत, देहरादून, उदयपुर, कोयम्बटूर और सूरत में खोले जाएंगे। दीपिका ने सोशल मीडिया पर अपने पिता प्रकाश पादुकोण के साथ एक तस्वीर साझा की है। पोस्ट के कैप्शन में दीपिका ने लिखा है बैडमिंटन खेलते हुए बड़े होने के नाते, मैंने खुद अनुभव किया है कि यह खेल किसी की जिंदगी को किस तरह बदलता है। यह लोगों को शारीरिक, मानसिक और भावनात्मक रूप से बदलता है। पादुकोण स्कूल ऑफ बैडमिंटन के जरिए हम सभी क्षेत्रों के लोगों तक बैडमिंटन का आनंद और अनुशासन पहुंचाने की उम्मीद करते हैं। हम एक ऐसी पीढ़ी का निर्माण करना चाहते हैं जो स्वस्थ और खेल से प्रेरित हो।

## 2027 तक 250 होगी सेंटर की तादाद

दीपिका पादुकोण ने पोस्ट के साथ जो प्रेस रिलीज शेयर की है उसके मुताबिक पादुकोण स्कूल ऑफ बैडमिंटन हर साल 75 बैडमिंटन सेंटर खोलेगा। 2027 तक इनकी तादाद 250 तक होगी। इससे बैडमिंटन सभी के लिए आसान बन सकेगा। सेंटर ने पहले साल में ही 18 शहरों में 75 से ज्यादा कोचिंग सेंटर स्थापित किए हैं।

## दीपिका के पिता भी देंगे साथ

आपको बता दें दीपिका पादुकोण के पिता बेहतरीन बैडमिंटन खिलाड़ी रहे हैं। वह पादुकोण स्कूल ऑफ बैडमिंटन में एक सलाहकार के तौर पर शामिल हुए हैं। इस मौके पर उन्होंने कहा खेल बड़े होने का एक अभिन्न हिस्सा है। यह अनुशासन और जीतने की मानसिकता पैदा करता है। पादुकोण स्कूल ऑफ बैडमिंटन के साथ, हमारा लक्ष्य गुणवत्तापूर्ण कोचिंग को आसान और किफायती बनाना है। जमीनी स्तर से टैलेंट को उठाना और भारतीय बैडमिंटन के भविष्य के लिए एक मजबूत नींव रखना है।



# मैं अब वही करती हूं जो मेरे लिए सार्थक हो न कि परफेक्ट

अभिनेत्री पूजा बेदी ने समाज में परफेक्शन की चाहत रखने वालों पर सवाल उठाते हुए सोशल मीडिया पर पोस्ट किया। उन्होंने बताया कि वह अब दिखावे की बजाय मन की शांति और सच्चाई को प्राथमिकता दे रही हैं। अभिनेत्री का मानना है कि प्रभावशाली दिखना जरूरी नही है। अभिनेत्री पूजा बेदी ने इंस्टाग्राम पर पोस्ट किया, जिसमें उन्होंने परफेक्शन पर अपने विचार रखे। पूजा ने अपने पोस्ट में बताया कि वास्तव में परफेक्शन को लेकर क्या नजरिया है। उन्होंने बताया, समाज हमसे हर समय, हर जगह परफेक्ट होने की उम्मीद करता है। हम देखने में परफेक्ट हों, काम में परफेक्ट हों और कोई कमी न रहे। लेकिन, मैं अब यह समझ गई हूं कि इस दबाव से बाहर निकलना होगा। इसलिए जो महत्वपूर्ण है, उसी का चयन करें, न कि प्रभावशाली दिखने की दौड़ में शामिल हों। उन्होंने बताया, मुझे सुनहरे पेन से डायरी लिखने, सुबह तक चमकते चेहरे के लिए टॉनिक या किसी तरह के जूस देने की जरूरत नहीं है। मैं ऊर्जा को सुंदरता से, उद्देश्य को प्रदर्शन से ज्यादा महत्व देती हूं। यह नियंत्रण बनाम अराजकता नहीं, बल्कि सोच-समझकर चुने गए रास्ते की बात है। परफेक्शन एक बदलता लक्ष्य है, लेकिन प्राथमिकताएं एक दिशा-सूचक की तरह हैं। उन्होंने आगे लिखा, मैं अब वही करती हूं, जो मेरे लिए सार्थक हो, न कि परफेक्ट। प्राथमिकताएं शांति देती हैं। जबकि, परफेक्शन चमक के साथ तनाव देता है। कुछ दिन मैं चमकती हूं, कुछ दिन ठोकर खाती हूं, लेकिन हमेशा उस दिशा में चलती हूं, जो सही लगता है। यही मेरे लिए काफी है। पूजा बेदी अभिनेता कबीर बेदी की बेटी हैं। उन्होंने अपने फिल्मी करियर की शुरुआत 1991 में 'विषकन्या' से की थी। इसके बाद वह आमिर खान के साथ 'जो जीता वही सिकंदर' में नजर आईं, जो उनकी सबसे यादगार फिल्मों में से एक है। इसके अलावा 'लुटेरे' और 'आतंक ही आतंक' जैसी फिल्मों में भी उन्होंने काम किया है।

# डिटेक्टिव शेरदिल में जासूस बन मर्डर की गुत्थी सुलझाने निकले दिलजीत

एक्टर और सिंगर दिलजीत दोसांझ की फिल्म डिटेक्टिव शेरदिल की रिलीज डेट का मेकर्स ने हाल ही में एलान किया। अब आज मंगलवार 10 जून को इसका ट्रेलर रिलीज किया गया है। फिल्म में दिलजीत एक जासूस की भूमिका में हैं, जो एक मर्डर केस की गुत्थी सुलझाते हैं। फिल्म में सस्पेंस का डोज है तो कॉमेडी के भी छींटे हैं।

## अनोखे जासूस बने दिखे दिलजीत

रवि छाबड़िया के निर्देशन में बनी इस फिल्म को अली अब्बास जफर ने प्रोड्यूस किया है। यह फिल्म ओटीटी पर रिलीज होगी। आज जारी इसका ट्रेलर काफी दिलचस्प है। दिलजीत एक अनोखे डिटेक्टिव के रूप में नजर आए हैं। वे फिल्म में बोमन ईरानी के किरदार के मर्डर की गुत्थी सुलझाते हैं। गंभीर किरदार को भी उन्होंने इस तरह अदा किया है कि दर्शकों को हंसने के भरपूर मौके मिलेंगे।

दर्शकों को पसंद आया ट्रेलर

ट्रेलर पर दर्शकों की दिलचस्प प्रतिक्रिया आई है। एक यूजर ने लिखा, कुछ अलग देखने को मिला। एक यूजर ने लिखा, दिलजीत दोसांझ रॉक। डिटेक्टिव शेरदिल, दिलजीत दोसांझ और अली अब्बास जफर की दूसरी फिल्म है। इससे पहले दोनों जोगी फिल्म में साथ काम कर चुके हैं।

## इस ओटीटी पर दस्तक देगी फिल्म

दिलजीत दोसांझ और बोमन ईरानी के अलावा फिल्म में डायना पेंटी, सुमित व्यास, बनिता संधू, चंकी पांडे और रत्ना पाठक शाह भी अहम रोल में हैं। दिलजीत से लेकर रत्नी और बोमन जैसे धुरंधर जिस फिल्म का हिस्सा हों, वहां दर्शकों को हंसने के मौके न मिलें, ऐसा भला कैसे हो सकता है। यह फिल्म 20 जून, 2025 को ओटीटी प्लेटफॉर्म जी5 पर दस्तक देगी।






# हाउसफुल 5 की ओटीटी रिलीज पर आया अपडेट

सिनेमा के शौकीन यूं तो फिल्मों को बड़े पर्दे पर देखना ही पसंद करते हैं और थिएटर्स का रुख करते हैं। मगर, एक वर्ग ऐसा है जो फिल्मों की ओटीटी रिलीज के इंतजार में रहता है। ऐसे लोगों के लिए हाउसफुल 5 की ओटीटी रिलीज पर अपडेट आया है। लोकप्रिय फ्रेंचाइजी की यह पांचवी कड़ी फिलहाल सिनेमाघरों में लगी है।

## इस ओटीटी के पास हैं अधिकार


तरुण मनसुखानी के निर्देशन में बनी साजिद नाडियाडवाला की हाउसफुल 5 6 जून को रिलीज हुई। बॉक्स ऑफिस पर यह ठीकठाक प्रदर्शन कर रही है। अब इसकी ओटीटी रिलीज को लेकर भी चर्चाएं तेज हैं। तेलुगु 123 की एक रिपोर्ट के मुताबिक यह फिल्म ओटीटी पर जल्दी आ सकती है। रिपोर्ट में बताया गया है कि फिल्म के डिजिटल स्ट्रीमिंग के अधिकार अमेजन प्राइम वीडियो ने हासिल किए हैं।

## जुलाई में हो सकती है रिलीज

इस फिल्म का ओटीटी प्रीमियर पहले इस साल अगस्त में होना था। लेकिन, अब कहा जा रहा है कि फिल्म की ओटीटी स्ट्रीमिंग जुलाई के पहले सप्ताह में ही शुरू हो सकती है। हाउसफुल 5 की डिजिटल रिलीज में यह अचानक बदलाव कथित तौर पर बॉक्स ऑफिस पर इसे मिल रही प्रतिक्रिया के बाद आया है।

## क्यों लिया जल्दी ओटीटी रिलीज का फैसला?

दरअसल, फिल्म से उम्मीदें बहुत ज्यादा थीं। लेकिन यह फिल्म दर्शकों की उम्मीदों पर पूरी तरह खरी उतरती नजर नहीं आ रही है। ऐसे में निर्माताओं ने इसकी डिजिटल रिलीज कुछ जल्दी करने का फैसला लिया है। हालांकि, मेकर्स या प्राइम वीडियो की तरफ से ओटीटी रिलीज पर अभी आधिकारिक तौर पर कोई पुष्टि नहीं की गई है।



# बॉलीवुड में इसलिए फिट नहीं होते इमरान आमिर खान ने कही बड़ी बात

मिस्टर परफेक्शनिस्ट के नाम से मशहूर बॉलीवुड अभिनेता आमिर खान के भतीजे इमरान खान ने फिल्म इंडस्ट्री में बहुत उम्मीदों के साथ एंट्री की थी। हालांकि जल्दी ही वो फिल्म इंडस्ट्री से दूर हो गए। स्क्रीन के साथ हाल ही में बातचीत में, आमिर ने बताया कि इमरान खान का बॉलीवुड में फिट होना मुश्किल लगता है।

## आमिर ने कहा बॉलीवुड में फिट नहीं इमरान

आमिर खान ने कहा इमरान खान में एक अलग काबिलियत है। उन्हें हमारे पास मौजूद ढांचे में फिट होना मुश्किल लगता है। यह उनकी जगह नहीं है। यही वजह है कि वह जाने तू... और देली बेली जैसी फिल्मों में अच्छा प्रदर्शन कर पाए। लेकिन जैसे ही आप उन्हें एक नियमित हिंदी फिल्म में काम करने के लिए कहते, वे फिट नहीं होते। वह हीरोगिरी के साथ सहज नहीं हैं। वह एक वास्तविक व्यक्ति की भूमिका निभाना चाहते हैं। हर कोई उन्हें मुख्यधारा की फिल्में ऑफर कर रहा था क्योंकि वह अच्छे दिखते हैं। लेकिन वह एक अभिनेता बनना चाहते हैं, स्टार नहीं।

## इमरान ने पहली ही फिल्म से छोड़ी छाप

इमरान ने अपने करियर की शुरुआत एक चाइल्ड एक्टर के रूप में की थी। उन्होंने कयामत से कयामत तक और जो जीता वही सिकंदर जैसी फिल्मों में अपने चाचा के साथ काम किया। 2008 में बतौर लीड एक्टर उनकी पहली फिल्म जाने तू... या जाने ना थी। यह फिल्म एक युवा रोमांटिक कॉमेडी थी, जो दर्शकों को खूब पसंद आई थी। जेनेलिया डिसूजा के साथ बेहतरीन अदाकारी करने वाले इमरान को पहचान मिली। इस फिल्म में काम करने के लिए उन्हें फिल्मफेयर पुरस्कार मिला।

## इमरान ने दी अच्छी फिल्में

डेब्यू के बाद, इमरान कई रोमांटिक कॉमेडी और हल्की-फुल्की फिल्मों में दिखाई दिए, जिनमें आई हेट लव स्टोरीज (2010), ब्रेक के बाद (2010), और मेरे ब्रदर की दुल्हन (2011) शामिल हैं। उन्होंने खुद को एक रोमांटिक एक्टर के तौर पर स्थापित किया। 2011 में, इमरान ने डार्क कॉमेडी देली बेली में काम किया। यह फिल्म कारोबार के लिहाज से काफी कामयाब रही। इसके बाद उन्होंने एक मैं और एक तू (2012) बनाई, जो एक रोमांटिक ड्रामा थी। फिल्म को दर्शकों से अच्छी प्रतिक्रिया मिली। हालांकि, 2012 के बाद, इमरान का करियर ढलान पर आ गया। मटरू की बिजली का मंडोला (2013) और गोरी तेरे प्यार में (2013) जैसी फिल्मों ने बॉक्स ऑफिस पर खराब प्रदर्शन किया।

## इमरान ने फिल्मों से बनाई दूरी

2010 के दशक के मध्य तक इमरान खान फिल्मों से दूर रहे। उन्हें कई फिल्में ऑफिर हुई लेकिन उन्हें फिल्मों में किरदार अच्छा नहीं लगा। वह कभी-कभार साक्षात्कारों या सार्वजनिक कार्यक्रमों में दिखाई देते हैं। इमरान खान ने उस समय अपनी अच्छी छाप छोड़ी जब वह युवा रोमांटिक कॉमेडी करते थे।



# श्रेयस अय्यर का खिताब जीतने का सपना टूटा, मुंबई साउथ सेंट्रल मराठा रॉयल्स ने टी20 मुंबई लीग जीती




**लॉर्ड्स (एजेंसी)।** मुंबई = सिद्धेश लाड की अगुआई वाली मुंबई साउथ सेंट्रल मराठा रॉयल्स ने यहां प्रतिष्ठित वानखेड़े स्टेडियम में खेले गए ग्रैंड फाइनल में श्रेयस अय्यर की अगुआई वाली सोबो मुंबई फाल्कंस को 5 विकेट से हराकर टी20 मुंबई लीग 2025 का खिताब जीत लिया। इसी के साथ ही अय्यर का एक और टी20 लीग का खिताब जीतने का सपना टूट गया। इससे पहले अय्यर की कप्तानी में 11 साल बाद फाइनल में पहुंचने वाली आईपीएल टीम पंजाब किंग्स को खिताबी मैच में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के हाथों हार का सामना करना पड़ा था।

भारत की पहली विश्व कप विजेता टीम कपिल देव और दिलीप वेंगसरकर तथा 2024 टी20 विश्व कप विजेता कप्तान रोहित शर्मा की मौजूदगी वाले खचाखच भरे वानखेड़े स्टेडियम में सोबो मुंबई फाल्कंस ने शुरुआती झटकों से उबरते हुए मयूरेश टंडेल (नाबाद 50) के धैर्यपूर्ण अर्धशतक तथा हर्ष अघव के नाबाद 45 रनों की बदौलत 157/4 का प्रतिस्पर्धी स्कोर बनाया। जवाब में चिन्मय सुतार (53) ने तेज अर्धशतक के साथ एमएससी मराठा रॉयल्स की जीत की नींव रखी जिसमें साहिल जाधव (22), सचिन यादव (19) और विस्फोटक अवैस खान (38) का बहुमूल्य योगदान रहा।

कप्तान सिद्धेश लाड (15) और साहिल ने 32 रनों की तेज साझेदारी करके रॉयल्स को स्थिर शुरुआत दी। इसके बाद चिन्मय ने दो महत्वपूर्ण साझेदारियां कीं जिसमें सचिन यादव के साथ 41 रनों की साझेदारी और उसके बाद अवैस खान के साथ 63 रनों की साझेदारी शामिल थी। इससे रॉयल्स ने लक्ष्य का पीछा मजबूती से खेल को अपने नियंत्रण में कर लिया। हालांकि, 10 गेंदों पर केवल आठ रनों की आवश्यकता के साथ, बाएं हाथ के स्पिनर कार्तिक मिश्रा ने नाटकीय रूप से अंतिम ओवर में अवैस और चिन्मय दोनों को आउट करके फाल्कन्स को मुकाबले में वापस ला दिया। अंतिम ओवर में सात रन की जरूरत थी। ऐसे समय में रोहन राजे ने अपना धैर्य बनाए रखते पहली गेंद पर चौका लगाया और चार गेंद शेष रहते जीत सुनिश्चित की जिससे रॉयल्स को तनावपूर्ण लेकिन अच्छी जीत मिली। इससे पहले पहले बल्लेबाजी करने के लिए मैदान पर आए फाल्कंस शुरुआती लय पाने में विफल रहे। दोनों सलामी बल्लेबाजों अंगकृश रघुवंशी (7) और ईशान मूलचंदानी (20) सिर्फ 33 रन पर विकेट गंवा बैठे। कप्तान श्रेयस अय्यर (12) और अमोघ भटकल (16) भी अपनी शुरुआत का फायदा उठाए बिना आउट हो गए। बाएं हाथ के स्पिनर वैभव माली ने फाल्कंस को शुरू में ही परेशान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई, उन्होंने रघुवंशी को आउट किया और फिर अय्यर का बेशकीमती विकेट लिया। 12 ओवर के बाद 72/4 पर संघर्ष करते हुए फाल्कंस मुश्किल में थे, इससे पहले मयूरेश और हर्ष ने पांचवें विकेट के लिए 85 रनों की महत्वपूर्ण साझेदारी की। उनकी अटूट साझेदारी ने न केवल पारी को संभाला, बल्कि टीम को फाइनल के दूसरे हाफ में महत्वपूर्ण गति भी दी।

# मेजर लीग क्रिकेट : न्यूजीलैंड के फिन ने 34 गेंदों में ही शतक लगाकर पूरन का रिकार्ड तोड़ा



**-टूर्नामेंट के इतिहास का दूसरे सबसे तेज शतक लगाया**

**सैन फ्रांसिस्को (एजेंसी)।** न्यूजीलैंड के फिन एलन ने मेजर क्रिकेट लीग 2025 के पहले ही मैच में सैन फ्रांसिस्को यूनिकॉर्न्स की ओर से खेलते हुए अपनी आक्रामक बल्लेबाजी से धूम मचा दी। एलन ने इस मैच में वॉशिंगटन फ्रीडम के खिलाफ 34 गेंदों में ही शतक लगा दिया। यह इस टूर्नामेंट के इतिहास का दसरा सबसे तेज शतक है। एलन की इस आक्रामक पारी से यूनिकॉर्न्स ने 20 ओवर में 269 रन बनाये। एलन ने 51 गेंदों पर 5 चौके और 19 छक्कों की सहायता से सबसे अधिक 151 रन बनाए। इस प्रकार एलन के नाम एक पारी में सबसे अधिक 19 छक्के लगाने का विश्व रिकॉर्ड दर्ज हो गया है। इससे पहले यह रिकॉर्ड वेस्टइंडीज के क्रिस गेल और इसटोनिया के साहिल चौहान के नाम था जिन्होंने एक पारी में 18-18 छक्के लगाये लगायये थे।

एलन अब मेजबर लीग में सबसे तेज शतक लगाने वाले खिलाड़ी बन गये हैं। उन्होंने इस पारी के साथ ही इसी सप्ताह संन्यास लेने वाले वेस्टइंडीज के आक्रामक बल्लेबाज निकोलस पूरन को पीछे छोड़ दिया। पूरन ने इस टूर्नामेंट में 40 गेंदों पर ही शतक लगा दिया। वहीं एलन 51 गेंदों पर 151 रन बनाकर मिशेल ओवेन की गेंद पर आउट हुए। एलन ने 49 गेंदों पर ही 150 रन पूरे कर दिये। इससे वह टी20 क्रिकेट के इतिहास में सबसे तेज 150 रन बनाने वाले खिलाड़ी बन गये।

एलन की इस तोड़ पारी से सैन फ्रांसिस्को ने 20 ओवर में 269 रन बनाये। ये मेजर लीग में बना अब तक का सबसे अधिक स्कोर है।एलन की इस रिकार्ड पारी से की फ्रांसिस्को ने 20 ओवर में 269 रन बनाये। , जो एमएलसी के इतिहास में अब तक का सबसे बड़ा स्कोर है। एलन के अलावा संजय कृष्णमूर्ति और हसन खान ने भी अहम भूमिका निभाई और 180 और 211.11 की स्ट्राइक रेट से क्रमशः 36 और 38 रन बनाए।

# हरभजन सिंह ने भारत की नम्बर 3 की समस्या सुलझाई, इंग्लैंड के खिलाफ इसे मौका देने की बात की

**स्पोर्ट्स डेस्क (एजेंसी)।** भारत और इंग्लैंड के बीच 5 मैचों की आगामी टेस्ट सीरीज से पहले भारतीय के पूर्व स्पिनर हरभजन सिंह ने नए नंबर 3 बल्लेबाज के तौर पर साई सुदर्शन का समर्थन किया है। हेडिंग्ले में पहले टेस्ट से पूर्व हरभजन ने कहा कि सुदर्शन इस भूमिका के लिए सबसे उपयुक्त व्यक्ति होंगे। विदर्भ क्रिकेट लीग के दौरान बोलते हुए हरभजन ने कहा कि सुदर्शन हाल ही में शानदार फॉर्म में हैं। उन्होंने आईपीएल 2025 में भी शानदार प्रदर्शन किया था, जिसमें वह सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी रहे थे। हालांकि यह देखना बाकी है कि सुदर्शन को पहले टेस्ट में मौका मिलेगा या नहीं। हरभजन ने कहा, 'मेरे हिसाब से साई सुदर्शन को तीसरे नंबर पर खेलना चाहिए। वह बाएं हाथ के बल्लेबाज हैं, बेहतरीन फॉर्म में हैं और हाल ही में उन्होंने आईपीएल में शानदार प्रदर्शन किया है। उनकी तकनीक अच्छी है और मेरा मानना है कि वह इस स्थान के लिए सही विकल्प हो सकते हैं।' श्रेयस अय्यर को टेस्ट दौरे के लिए भारतीय टीम में जगह नहीं मिली है। इस पर पूर्व कप्तान और बीसीसीआई अध्यक्ष सौरव गांगुली ने उन्हें टीम में शामिल किए जाने की बात कही थी। अब हरभजन ने भी अय्यर का समर्थन किया है। उन्होंने कहा, 'श्रेयस अय्यर बहुत बढ़िया खिलाड़ी हैं। उन्होंने वनडे में खुद को साबित किया है, विश्व कप, चैंपियंस ट्रॉफी और आईपीएल में अच्छा प्रदर्शन किया है।

# हेड कोच गौतम गंभीर भारत वापस लौटे, 20 जून से इंग्लैंड के खिलाफ शुरू होनी है टेस्ट सीरीज



**लंदन (एजेंसी)।** लीड्स में इंग्लैंड के खिलाफ पांच मैचों की टेस्ट सीरीज शुरू होने से एक सप्ताह पहले हेड कोच गौतम गंभीर पारिवारिक आपातकाल के कारण स्वदेश वापस लौट आए हैं। शुक्रवार से शुरू होने वाले इंट्रा-स्क्वाड अभ्यास मैच से पहले गंभीर बेकेनहैम में भारतीय टीम के साथ थे।

सूत्रों के हवाले से जानकारी के मुताबिक, 'हां, कल यह बात सामने आई कि गंभीर अपनी मां से संबंधित एक महत्वपूर्ण पारिवारिक आपात स्थिति के कारण घर वापस आ रहे हैं। अब तक, हमारा मानना है कि गंभीर पहले ही नई दिल्ली में अपने परिवार से जुड़ चुके हैं। मौजूदा स्थिति को ध्यान में रखते हुए, यह अभी तक पता नहीं है कि टेस्ट सीरीज की शुरुआत से पहले वह भारतीय टीम से कब जुड़ेंगे।'

गंभीर की अनुपस्थिति में बल्लेबाजी कोच सीतांशु कोटक, गेंदबाजी कोच मोर्ने मोर्कल, सहायक कोच रेयान टेन डोशेट और फील्डिंग कोच टी दिलीप भारतीय टीम को हेडिंग्ले में शुरू होने वाली बेन स्टोक्स की अगुवाई वाली इंग्लैंड के खिलाफ आगामी टेस्ट सीरीज की तैयारी में मदद करेंगे। इंग्लैंड का टेस्ट दौरा दाएं हाथ के बल्लेबाज शुभमन गिल का भारतीय टीम के कप्तान के रूप में पहला काम भी होगा क्योंकि पिछले महीने रोहित शर्मा और विराट कोहली ने संन्यास ले लिया था।

गिल 25 साल और 258 दिन की उम्र में टेस्ट में भारत की कप्तानी करने वाले पांचवें सबसे कम उम्र के क्रिकेटर भी बन जाएंगे। विकेटकीपर-बल्लेबाज ऋषभ पंत भारत के उप-कप्तान होंगे। भारत और इंग्लैंड बर्मिंघम के एजबेस्टन, लंदन के लॉर्ड्स, मैनचेस्टर के ओल्ड ट्रैफर्ड और लंदन के द ओवल में भी मैच खेलेंगे। भारत 2007 के बाद पहली बार इंग्लैंड में टेस्ट सीरीज जीतने का लक्ष्य बना रहा है। इंग्लैंड में टेस्ट सीरीज 2025-27 विश्व टेस्ट चैंपियनशिप चक्र में भारत का पहला असाइनमेंट भी होगा।

# इंग्लैंड दौरे से बाहर हुई महिला क्रिकेटर सुचि उपाध्याय , राधा यादव शामिल

बेंगलुरु ।भारतीय महिला क्रिकेट टीम को अभी इंग्लैंड दौरे पर जाना है। इसी के लिए बेंगलुरु स्थिति सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में अभ्यास चल रहा था जहां एक क्रिकेटर सुचि उपाध्याय चोटिल होने के कारण दौरे से बाहर हो गयी हैं ।ऐसे में बीसीसीआई ने उनकी जगह पर राधा यादव को विकल्प के तौर पर शामिल किया है ।भारतीय महिला क्रिकेट टीम को इंग्लैंड दौरे पर 5 मैचों की टी20 और 3 मैचों की एकदिवसीय सीरीज खेलनी है ।पहला टी20 मैच 28 जून को खेला जाएगा ।वही सीरीज का अंतिम मैच 12 जुलाई को होगा ।इसके बाद 16 जुलाई से एकदिवसीय सीरीजशुरू होगी जिसका अंतिम मैच 22 जुलाई को होगा। भारत और श्रीलंका में होने वाले महिला एकदिवसीय विश्वकप से पहले इंग्लैंड के खिलाफ ये सीरीज काफी अहम रहेगी। विश्वकप 30 सितंबर से 2 नवंबर तक वर्ल्ड कप आयोजित होगा, जिसमें 8 टीमों के बीच कुल 31 मैच खेले जाएंगे।2 नंबर को फाइनल मैच बेंगलुरु में होगा, अगर पाकिस्तान टीम फाइनल तक जगह बनाती है तो फिर खिताबी मुकाबला कोलंबो में खेला जाएगा।

# तिलक काउंटी क्रिकेट में हैंपशर की ओर से खेलेंगे



हैदराबाद ।आईपीएल में मुम्बई इंडियंस की ओर से शानदार प्रदर्शन के बाद अब बल्लेबाज तिलक वर्मा इंग्लिश काउंटी में खेलते नजर आयेंगे।हैदराबाद क्रिकेट संघ (एचसीए) ने कहा कि बाएं हाथ का ये बल्लेबाज काउंटी टीम हैंपशर की ओर से खेलेगा। वह हैदराबाद की ओर से घरेलू क्रिकेट खेलते हैं। एचसीए ने कहा, ''हैदराबाद क्रिकेट संघ को यह बताते हुए खुशी हो रही है कि तिलक को शामिल करने के लिए हैंपशर काउंटी टीम ने हमसे संपर्क किया है।'' साथ ही कहा कि 'हैदराबाद क्रिकेट संघ उन्हें हैंपशर काउंटी के साथ शानदार जुड़ने के लिए अपनी शुभकामनाएं देता है।'' गौरतलब है कि तिलक ने 18 प्रथम श्रेणी मैच में 50.16 की औसत से 1,204 रन बनाए हैं, उनका सबसे अधिक स्कोर 121 रन रहा है। उन्होंने पांच शतक और चार अर्द्धशतक बनाये हैं। तिलक ने भारतीय टीम की ओर से 25 टी20 और चार एकदिवसीय मैचों में तकरीबन 749 और 68 रन बनाए हैं।तिलक काउंटी क्रिकेट में बेहतर प्रदर्शन कर अगले टी20 विश्वकप के लिए भारतीय टीम में अपनी दावेदारी पक्की करना चाहेंगे वहीं भारत के ही एक अन्य बल्लेबाज ऋतुराज गायकवाड़ काउंटी चैंपियनशिप डिविजन वन के पांच मैचों में वनडे कप के लिए यॉर्कशर की ओर से खेलेंगे। यॉर्कशर को सर्रे के खिलाफ जुलाई में काउंटी मुकाबले खेलने हैं।गायकवाड़ सत्र के आखिर तक टीम के साथ रहेंगे। गायकवाड़ इस समय इंग्लैंड दौरे पर भारत ए टीम के साथ हैं।यॉर्कशर ने कहा कि रुतुराज एक अच्छे बल्लेबाज हैं और उनके आने से टीम को लाभ होगा।

# ऑस्ट्रेलिया ने दूसरी पारी में बनाए 207 रन, दक्षिण अफ्रीका के सामने 282 का लक्ष्य



**लंदन (एजेंसी)।** मिचेल स्टार्क (नाबाद 58) की अर्धशतकीय पारी और आखिरी विकेट के लिए जोश हेजलवुड (17) के साथ 59 रन की साझेदारी के बूते ऑस्ट्रेलिया ने विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल के तीसरे दिन शुक्रवार को अपनी दूसरी पारी में 207 रन बनाकर दक्षिण अफ्रीका को जीत के लिए 282 रन का चुनौतीपूर्ण लक्ष्य दिया।

ऑस्ट्रेलिया ने दिन की शुरुआत आठ विकेट पर 144 रन से की और कागिसो रबाडा ने दिन के तीसरे ओवर में ही नाथन लियोन (दो) को पगबाधा कर उसे नौवां झटका दिया। लियोन ने मैदानी अंपायर के फैसले के खिलाफ डीआरएस का इस्तेमाल किया लेकिन उन्हें इसका कोई फायदा नहीं हुआ। स्टार्क और हेजलवुड ने इसके बाद दक्षिण अफ्रीका के गेंदबाजों को विकेट के लिए तरसाते हुए 135 गेंदों में 59 रन की साझेदारी की। एडेन मारक्रम ने ऑस्ट्रेलिया की पारी के 65वें ओवर में केशव महाराज के हाथों हेजलवुड को कैच कराकर ऑस्ट्रेलिया की पारी को खत्म किया जिसके बाद अंपायरों ने लंच की घोषणा कर दी।

स्टार्क ने तीन घंटे से अधिक की पारी में 136 गेंद का सामना कर पांच चौके लगाए। वह बृहस्पतिवार को जब क्रीज पर उतरे थे उस समय ऑस्ट्रेलिया की टीम 73 रन पर सात विकेट गंवा कर मुश्किल स्थिति में थी। उन्होंने एलेक्स कैरी के साथ आठवें विकेट के लिए 61 रन की साझेदारी करने के बाद आखिरी विकेट के लिए 59 रन जोड़ कर मैच में ऑस्ट्रेलिया की स्थिति बेहद मजबूत कर दी। स्टार्क और हेजलवुड टेस्ट क्रिकेट में दसवें विकेट के लिए तीन बार पचास से अधिक की साझेदारी करने वाली दूसरी जोड़ी है, उनसे पहले यह उपलब्धि बीजे वाटलिंग और ट्रेंट बोल्ट ने हासिल की थी।

दिन की शुरुआत में ऑस्ट्रेलिया के निचले क्रम के बल्लेबाजों को दक्षिण अफ्रीका के गेंदबाजों ने परेशान किया। स्टार्क और हेजलवुड को किस्मत का भी साथ मिला जब गेंद बल्ले के करीब से निकली या बल्ले का किनारा लेते हुए क्षेत्ररक्षकों से दूर रही। हेजलवुड ने भी स्टार्क का साथ अच्छे से दिया और अपनी बल्लेबाजी तकनीक से प्रभावित करते हुए 53 गेंद की पारी में दो चौके लगाये। मार्को यानसेन की गेंद स्टार्क के बल्ले का किनारा लेते हुए स्लिप के ऊपर से चार रनों के लिए चली गई जिससे उन्होंने टेस्ट में अपना 11वां अर्धशतक पूरा किया और टीम के स्कोर को 200 रन तक पहुंचाया।

आखिरी विकेट चटकाने के लिए दक्षिण अफ्रीका के कप्तान तेम्बा बावुमा ने तेज गेंदबाजों को आजमाने के बाद केशव महाराज को गेंदबाजी दी। महाराज भी टीम को सफलता दिलाने में नाकाम रहे जिसके बाद मारक्रम को गेंद थमाई गयी। इस कामचलाऊ स्पिनर का पहला ओवर मेडन रहा लेकिन उनके दूसरे ओवर की आखिरी गेंद पर बड़ा शॉट खेलने की कोशिश में हेजलवुड महाराज को कैच दे बैठे। इससे पहले ऑस्ट्रेलिया की पहली पारी में 212 रन के जवाब में दक्षिण अफ्रीका की टीम 138 रन पर आउट हो गयी थी।

# डब्ल्यूटीसी फाइनल में बल्लेबाज के पैड और पैर के बीच फंसी गेंद



लॉर्ड्स ।यहां दक्षिण अफ्रीका और ऑस्ट्रेलिया के बीच जारी विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप (डब्ल्यूटीसी) फाइनल में एक अजब वाकया सामने आया।इस मैच में दूसरे दिन के खेल के दौरान जब दक्षिण अफ्रीका के डेविड बेडिंगम बल्लेबाजी कर रहे थे तो गेंद उनके बल्ले से लगने के बाद पैड और पैर के बीच की जगह में फंस गई।इसपर जब बल्लेबाज ने उसे निकाला तो ऑस्ट्रेलियाई फील्डर ने बॉल हैंडलिंग की अपील कर दी पर अंपायर ने बल्लेबाज को आउट नहीं दिया।आईसीसी ने इस घटना का वीडियो भी जारी किया है।ये मामला मैच के दूसरे दिन लंच से पहले के अंतिम ओवर का है।तब दक्षिण अफ्रीका का स्कोर 5 विकेट पर 113 रन था। इस दौरान बेडिंगम बल्लेबाजी कर रहे थे। ऑस्ट्रेलियाई गेंदबाज वेबस्टर की गेंद बेडिंगम के बल्ले से लगकर उनके पैर पर टकराई और फिर पैड और पैर के बीच में अटक गई।ऑस्ट्रेलियाई विकेट कीपर एलेक्स कैरी के गेंद को पकडने से पहले ही बेडिंगम ने गेंद को हाथ से पकड़कर पिच पर फेंक दिया। कैरी ने इसपर बॉल हैंडलिंग की अपील कर दी।बेडिंगम इससे डर गये पर अंपायरों ने फैसला किया कि उन्होंने मैदान में बाधा डालने से जुड़े नियम का उल्लंघन नहीं किया है इसलिए उन्हें संदेह का लाभ देते हुए नाटआउट करार दिया।इस तरह बेडिंगम आउट होते-होते बचे।आईसीसी नियमों अनुसार अगर कोई बल्लेबाज जानबूझकर गेंद को रोकता है या दोनों बल्लेबाजों में से कोई भी जानबूझकर कुछ ऐसा हरकत करता है जो फील्डर के कैच लेने में बाधा उत्पन्न करता है तो बल्लेबाज को आउट दिया जाता है।

# सचिन की तरह छोटी उम्र में ही बड़े रिकार्ड बना रहे वैभव

**मुम्बई (एजेंसी)।** 14 साल के उभरते हुए बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी जिस प्रकार का प्रदर्शन आईपीएल में किया है उससे सभी हैरान है। इस टूर्नामेंट में वैभव ने विश्व के शीर्ष तेज गेंदबाजों को भी जमकर पीटा। ऐसे में अब उनकी तुलना महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर से होने लगी है। सचिन ने जो काम 16 से 17 साल में किया था वैभव उसे 14-15 साल में ही कर लेना चाहते हैं। भारतीय क्रिकेट में सचिन को भगवान का दर्जा हासिल है। ऐसे में वैभव से उनकी तुलना करना और भी अहम हो जाता है। उनका रणजी ट्रॉफी डेब्यू, घरेलू क्रिकेट में शतक पर नजर डालें तो वैभव भी सचिन की तरह लगते हैं। तेंदुलकर ने 1988 में केवल 15 साल की उम्र में मुंबई के लिए रणजी ट्रॉफी में डेब्यू किया था। यह वो दौर था जब सचिन ने अपनी बल्लेबाजी से सभी को हैरान कर दिया था। उन्होंने अपने पहले रणजी मैच में शतक बनाकर भविष्य में नये रिकार्ड बनाने के संकेत दे दिये थे। वहीं वैभव ने 2024 में 13 साल और 269 दिन की उम्र में रणजी ट्रॉफी में डेब्यू किया। इससे वे इस टूर्नामेंट में सबसे कम उम्र के खिलाड़ी बने हालांकि डेब्यू मैच में वह सचिन की तरह रन नहीं बना पाये पर उनका मनोबल देखकर सभी हैरत में पड़ गये।

सचिन रणजी मैच में शतक जड़कर अपनी क्षमता साबित कर चुके थे। 1988 में हैरिस शील्ड टूर्नामेंट में विनोद कांबली के साथ उनकी 664 रन की ऐतिहासिक साझेदारी ने भी उनका नाम सभी जानने लगे थे। दूसरी ओर वैभव अपने रणजी डेब्यू में भले ही कमाल नहीं कर पाए लेकिन आईपीएल 2025 में अपने 35 गेंदों पर लगाये शतक से वह रातो-रात हीरो बन गये। उन्होंने गुजरात टाइटंस के खिलाफ 35 गेंदों में 100 रन बनाकर टी20 क्रिकेट इतिहास में सबसे कम उम्र में शतक लगाने का रिकॉर्ड बनाया। वैभव ने ये रन मोहम्मद सिराज से और राशिद खान जैसे खिलाड़ियों के खिलाफ बनाये थे।

# मिराज बांग्लादेश एकदिवसीय क्रिकेट टीम के नये कप्तान बनाये गये

ढाका ।ऑलराउंडर मेहदी हसन मिराज बांग्लादेश एकदिवसीय क्रिकेट टीम के नये कप्तान बनाये गये हैं।बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) ने मिराज को कप्तान बनाये जाने की घोषणा की है। मिराज अगले एक साल तक के लिए कप्तान बनाये गये हैं। उन्हें नजमुल हुसैन शांतो की जगह कप्तान बनाया गया है।वह अगले महीने श्रीलंका में होने वाली तीन मैचों की एकदिवसीय सीरीज से कप्तानी संभालेंगे। कप्तान बनोय जाने पर मिराज ने खुशी जतायी है। मिराज ने कहा, 'राष्ट्रीय टीम की कप्तानी करना एक सपने के सच होने जैसा है। बोर्ड ने मुझ पर जो भरोसा जताया है, उससे मैं बेहद सम्मानित महसूस कर रहा हूं।यह मेरे और मेरे परिवार के लिए गर्व का क्षण है। मुझे इस टीम पर पूरा भरोसा है। हमारे पास निडर क्रिकेट खेलने का कौशल और मानसिकता है। मैं चाहता हूं कि हम आत्मविश्वास से भरे रहें, प्रतिबद्ध रहें और देश के लिए दिल से खेलते रहें।इस ऑलराउंडर ने इससे पहले शंटो की अनुपस्थिति में चार एकदिवसीय मैचों में बांग्लादेश की कप्तानी की थी। 105 एकदिवसीय मैचों में 1617 रन और 110 विकेट के साथ, मिराज वर्तमान में आईसीसी रैंकिंग में ऑलराउंडरों में चौथे स्थान पर हैं।वह मोहम्मद रफीक, मशरफे मुर्तजा और शाकिब अल हसन के साथ बांग्लादेशी क्रिकेटरों के एक ऐसे समूह का भी हिस्सा हैं, जिन्होंने इस प्रारूप में 1000 रन और 100 विकेट पूरे किए हैं।इससे पहले इस, ऑलराउंडर को अगले महीने श्रीलंका में होने वाले अगले विश्व टेस्ट चैंपियनशिप चक्र के अपने पहले असाइनमेंट के लिए बांग्लादेश की टेस्ट टीम में उप-कप्तान बनाया गया था। बीसीबी क्रिकेट संचालन समिति के अध्यक्ष नजमुल अबेदीन ने उन्हें पुरस्कृत करने के निर्णय के पीछे ऑलराउंडर की निरंतरता की ओर इशारा किया।उन्होंने कहा, 'मिराज ने बल्ले और गेंद दोनों से लगातार अच्छा प्रदर्शन किया है और टीम में जुझारू भावना और संक्रामक ऊर्जा लेकर आए हैं।उनके प्रदर्शन, नेतृत्व के गुण और समग्र परिपक्वता उन्हें हमारी एकदिवसीय टीम का मार्गदर्शन करने के लिए एक उपयुक्त विकल्प बनाती है।

# अहमदाबाद विमान हादसा:भारतीय खिलाड़ियों ने पीड़ितों की याद में रखा मौन और काली पट्टी बांधी

**बेकेनहैम (इंग्लैंड) (एजेंसी)।** भारतीय खिलाड़ियों और उनके सहयोगी स्टाफ के सदस्यों ने शुक्रवार को यहां 'इंट्रा-स्क्वाड (भारत और भारत ए के खिलाड़ियों की टीमें)' मैच की शुरुआत से पहले अहमदाबाद विमान दुर्घटना के पीड़ितों की याद में एक मिनट का मौन रखा और बांह पर काली पट्टी बांध कर मैदान पर उतरे।

बृहस्पतिवार दोपहर 242 लोगों को ले जा रहा बोइंग 787 ड्रीमलाइनर (एआई 171) विमान अहमदाबाद के सरदार वल्लभभाई पटेल अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से उड़ान भरने के कुछ ही देर बाद एक मेडिकल कॉलेज परिसर में दुर्घटनाग्रस्त हो गया। इसमें एक विमान सवार को छोड़कर सभी की मौत हो गयी। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने कहा, 'बेकेनहैम में इंट्रा-स्क्वाड मैच में शामिल खिलाड़ी और सहयोगी स्टाफ के सदस्य बांह पर काली पट्टी बांध कर मैदान में उतरे हैं।'

बयान में कहा गया, 'अहमदाबाद विमान दुर्घटना के पीड़ितों को श्रद्धांजलि देने के लिए एक मिनट का मौन भी रखा गया।' मुख्य कोच गौतम गंभीर, टेस्ट कप्तान शुभमन गिल और अनुभवी खिलाड़ी केएल राहुल और रविंद्र जडेजा सहित इंग्लैंड दौरे पर गए सदस्यों ने बृहस्पतिवार को सोशल मीडिया पोस्ट में दुर्घटना पर अपनी पीड़ा व्यक्त की है।

महान खिलाड़ी सचिन तेंदुलकर ने भी सोशल मीडिया के जरिये इस दुर्घटना में जान गंवाने वाले और उनके परिवारों के प्रति संवेदना प्रकट की। तेंदुलकर ने एक्स पर लिखा, 'अहमदाबाद में विमान दुर्घटना से स्तब्ध और दुखी हूं। बहुत हृदय विदारक घटना। दिवंगत आत्माओं के लिए प्रार्थना करता हूं। ईश्वर उनके परिजनों को इस कठिन समय में साहस प्रदान करें।' चार दिवसीय इंट्रा-स्क्वाड मैच भारतीय खिलाड़ियों के लिए 20 जून से लीड्स में इंग्लैंड के खिलाफ शुरू होने वाली पांच टेस्ट मैचों की श्रृंखला के लिए तैयारी करने का आखिरी मौका होगा।



## वे एक करोड़ दे रहे हैं, मैं दो करोड़ देती हूं... मुझे मेरे पिता लौटा दो

-विमान हादसे में अपने पिता को खो चुकी बेटी का दर्द

अहमदाबाद (एजेंसी)। आप एक करोड़ देना चाहते हो, मैं आपको दो करोड़ दूंगी, बस मेरे पापा वापस कर दो...ये शब्द हैं विमान हादसे में अपने पिता को खो चुकी बेटी फाल्गुनी के है। फाल्गुनी ने जब ये कहा वहां मौजूद हर इंसान की आंख नम हो गई। उसकी आवाज में क्रोध था, लाचारी थी, लेकिन सबसे अधिक था बेटी का अपने पिता के प्रति प्रेम। फाल्गुनी सवाल पूछती हैं, कोई बता दें कि मेरे पापा की क्या गलती थी जो फ्लाइट में बैठे थे। मैं बेटी हूं, मुझे मेरे पापा वापस ला कर दो। एअर इंडिया क्या मजाक बना कर बैठी है, कोई जवाब नहीं, कोई संवेदना नही। रोते हुए गुस्से में फाल्गुनी ने कहा कि वे एक करोड़ देने की बात कर रहे हैं, मैं दो करोड़ दूंगी, लेकिन बदले में मेरे पापा वापस ला दो। क्या पैसे से इंसान खरीदे जा सकते हैं? फाल्गुनी कहती है कि मेरे पिता एक देशभक्त थे। वे खुद को एअर इंडिया का गौरवशाली यात्री मानते थे। वे अक्सर कहते थे, एअर इंडिया हमारा गर्व है, ये देश की शान है। फाल्गुनी कहती हैं कि बंद कर दो एअर इंडिया अगर आप सुरक्षित उड़ान नहीं भरवा सकते। ये कोई मजाक नहीं है।

## पठानकोट एयरबेस से उड़ान भरते ही अपाचे हेलीकॉप्टर की इमरजेंसी लैंडिंग

पठानकोट (एजेंसी)। भारतीय वायुसेना के एम17 अपाचे हेलीकॉप्टर की शुक्रवार को पठानकोट के नंगलपुर इलाके में इमरजेंसी लैंडिंग हुई। माना जा रहा है कि तकनीकी खराबी के कारण एहतियातन लैंडिंग कराई गई। इसमें किसी तरह के नुकसान की खबर नहीं है। अपाचे हेलीकॉप्टर ने पठानकोट एयरबेस से उड़ान भरी थी। पुलिस ने कहा कि पठानकोट वायुसेना स्टेशन से उड़ान भरने वाले हेलीकॉप्टर को तकनीकी दिक्कतों के बाद खुले मैदान में उतरना पड़ा। हेलीकॉप्टर को उतरते देख ग्रामीण मौके पर एकत्र हो गए, लेकिन सुरक्षाकर्मियों ने तुरंत इलाके की घेराबंदी कर दी। अभी तक भारतीय वायुसेना की ओर से आपातकालीन लैंडिंग के कारणों के बारे में कोई आधिकारिक बयान नहीं दिया गया है। मौके पर मौजूद वरिष्ठ अधिकारियों ने ऑपरेशनल और सिक्योरिटी प्रोटोकॉल का हवाला देते हुए टिप्पणी करने से इनकार कर दिया। अधिकारियों ने आश्वासन दिया कि सार्वजनिक सुरक्षा या बुनियादी ढांचे को कोई खतरा नहीं है। इससे पहले 6 जून को भी इंडियन एयरफोर्स के एक अपाचे हेलीकॉप्टर की उत्तर प्रदेश के सहारनपुर में इमरजेंसी लैंडिंग हुई थी। भारतीय वायुसेना के अधिकारियों ने बताया था कि एक नियमित प्रशिक्षण उड़ान के दौरान अपाचे हेलीकॉप्टर ने सहारनपुर के पास एहतियातन लैंडिंग की। कुछ घंटे बाद एयरफोर्स के टेकनीशियन की मदद से हेलीकॉप्टर को सहारनपुर एयरबेस पर वापस लाया गया।

## दुखी होकर बोले अभिनेता अनुपम खेर- ये हादसा सिर्फ खबर नहीं, दुखों का पहाड़ है

मुंबई (एजेंसी)। अभिनेता अनुपम खेर ने अपने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो शेयर किया और कहा कि वह हादसे से प्रभावित हुए परिवारों के साथ खड़े हैं। वीडियो में अनुपम कहते हैं, अहमदाबाद में हुआ विमान हादसा सिर्फ एक समाचार नहीं, बल्कि यह दुख का पहाड़ है, जो न जाने कितने घरों पर टूट पड़ा है। वह विमान सिर्फ चलती हुई एक मशीन नहीं थी, वह एक उम्मीद थी, जिसमें बैठे थे हमारे अपने, कोई भारत से था, कोई विदेश से था, कोई किसी की मां थी, कोई बेटे के पास लौट रहा था, तो कोई नौकरी के सफर में था। कोई छुट्टी मनाकर वापस घर जा रहा था, लेकिन किसी को भी क्या पता था कि यह यात्रा उनकी अंतिम यात्रा बन जाएगी। अनुपम खेर वीडियो में आगे कहते हैं, मन बेचैन है, दिल मौन है और आंखें नम हैं। हम सब उन परिवारों के साथ हैं, जो आज अपनों को खो बैठे हैं। मेरी ईश्वर से प्रार्थना है कि जो लोग इस हादसे में दिवंगत हुए उनकी आत्मा को शांति मिले और जो लोग इस समय पीड़ा में हैं, उन्हें धैर्य, साहस और सहारा दे। उन्होंने आगे कहा, आज न तो भाषा काम आ रही है, और न ही कोई तर्क, बस एक बात कहनी है, हम आपके साथ हैं। पूरी इंसानियत आपके साथ है। और हमारा देश हर पीड़ित परिवार को नमन करता है। ओम शांति, नमन और श्रद्धांजलि। इस वीडियो को शेयर करते हुए अनुपम ने कैप्शन में लिखा- अहमदाबाद विमान दुर्घटना- श्रद्धांजलि! ओम शांति!

## दिव्यांग लड़की से दुष्कर्म के आरोप में आईआईटी का छात्र गिरफ्तार

मुंबई (एजेंसी)। महाराष्ट्र के ठाणे में एक 13 साल लड़की के साथ दुष्कर्म के आरोप में भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) खड़गपुर के छात्र को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने शुक्रवार को जानकारी देते हुए बताया कि गुरुवार को लड़की की मां की शिकायत के आधार पर 23 साल के आरोपी को गिरफ्तार कर उसके खिलाफ पॉक्सो के तहत मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने बताया कि कलवा इलाके में रहने वाले आरोपी ने नाबालिग दिव्यांग लड़की को नए कपड़े दिलाकर और बहला-फुसलाकर उसका यौन शोषण किया। अधिकारी ने बताया कि जांच दल ने आरोपी के मोबाइल फोन से यौन उत्पीड़न का एक वीडियो बरामद किया है, जिसमें अन्य लड़कियों के आपत्तिजनक वीडियो और तस्वीरें भी हैं। उन्होंने बताया कि शक है कि आरोपी ने पहले भी और महिलाओं को अपनी हवस का निशाना बनाया होगा। उन्होंने बताया कि जांच जारी है।

## दरभंगा में बेखौफ अपराधियों ने दुकान में घुसकर ज्वेलर्स को गोली मार दी

दरभंगा (एजेंसी)। बिहार के दरभंगा में बेखौफ अपराधियों ने दुकान में घुसकर ज्वेलर्स को गोली मार दी। लॉकर की चाबी देने से मना करने पर गोली मार दी। बुलेट चेहरे को छूते हुए निकल गई। आनन-फानन में परिजनों ने घायल को प्राइवेट अस्पताल में भर्ती कराया।

# पैनलिस्ट के बयान पर एंकर को क्यों गिरफ्तार किया गया?

## सुप्रीम कोर्ट ने तेलुगु पत्रकार को जमानत देते हुए पुलिस से किया सवाल

नई दिल्ली (एजेंसी)। सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को तेलुगु पत्रकार कोमिनेनी श्रीनिवास राव को ज़मानत दे दी, जिन्हें आंध्र प्रदेश पुलिस ने अमरावती क्षेत्र की महिलाओं के बारे में कथित अपमानजनक टिप्पणी करने के आरोप में गिरफ़्तार किया था। ये टिप्पणियाँ इस महीने की शुरुआत में वाईएसआर कांग्रेस पार्टी (वाईएसआरसीपी) के प्रमुख जगन मोहन रेड्डी के स्वामित्व वाले क्षेत्रीय समाचार चैनल साक्षी टीवी पर उनके डिबेट शो के दौरान की गई थीं।

न्यायालय ने राव द्वारा उनकी गिरफ़्तारी को चुनौती देने वाली याचिका के जवाब में यह आदेश पारित किया। न्यायमूर्ति प्रशांत कुमार मिश्रा और न्यायमूर्ति मनमोहन की एक आंशिक कार्य दिवस पीठ ने निर्देश दिया कि 70 वर्षीय पत्रकार, जिन्हें 9 जून को हिरासत में लिया गया था, को रिहा किया जाए। न्यायालय ने कहा कि यह राव नहीं थे, बल्कि कार्यक्रम के एक पैनलिस्ट ने विवादास्पद टिप्पणी की थी। याचिकाकर्ता ने खुद लाइव टीवी शो में बयान नहीं दिया और उसके पत्रकारिता अधिकारों की रक्षा की जानी चाहिए ताकि उसकी अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता भी सुरक्षित रहे। पीठ ने कहा, 'हम निर्देश देते हैं कि याचिकाकर्ता को ट्रायल कोर्ट द्वारा लगाई गई शर्तों के अधीन एफआईआर में रिहा किया जाए।' पीठ ने राव को निर्देश दिया कि वह अपने शो में कोई अपमानजनक बयान न दें और न ही भविष्य के प्रसारणों में किसी अतिथि को ऐसा करने दें।

आंध्र प्रदेश सरकार की कार्रवाई पर सवाल उठाते हुए पीठ ने राव के पत्रकारिता अधिकारों को बरकरार रखने और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के उनके मौलिक अधिकार की रक्षा करने की आवश्यकता पर बल दिया। 6 जून को साक्षी टीवी पर लाइव प्रसारित ये टिप्पणियां कथित तौर पर पत्रकार वीवी कृष्णम राजू द्वारा की गई थीं, जिन्होंने अमरावती क्षेत्र को कथित तौर पर 'वेश्याओं की राजधानी'



कहा था। आंध्र प्रदेश पुलिस ने 9 जून को राजू और राव के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता, सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम और अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम के कई प्रावधानों के तहत मामला दर्ज किया।

## भारत में कोरोना को लेकर अच्छी खबर... सक्रिय मामलों में गिरावट आई

नई दिल्ली। भारत को कोविड-19 महामारी से जूझते हुए एक अहम और सकारात्मक मोड़ मिला है। लंबे समय से संक्रमण के बढ़ते आंकड़ों के बीच पहली बार राहत की खबर आई है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय द्वारा 13 जून को जारी आंकड़ों के मुताबिक, देश में कोविड के सक्रिय मामलों में गिरावट आई है। बीते 24 घंटे में जहां कुल 200 नए मामले सामने आए, वहीं 223 मरीज स्वस्थ होकर अस्पताल से घर पहुंचे है। इससे भारत में सक्रिय मामलों की कुल संख्या घटकर 7131 हो गई है, जो एक सकारात्मक संकेत है। इससे पहले 12 जून को यह आंकड़ा 7154 था। राज्यवार आंकड़ों के हिसाब से गुजरात में सबसे अधिक 77 नए मामले सामने आए हैं। इसके बाद राजस्थान में 32, उत्तर प्रदेश में 24, आंध्र प्रदेश, मध्य प्रदेश और महाराष्ट्र में 14-14, असम में 7, हरियाणा और झारखंड में 5-5, पुडुचेरी में 4, लद्दाख में 3, और ओडिशा में 1 मामला दर्ज हुआ है। हालांकि, कोरोना संक्रमण से होने वाली मौतों की संख्या अब भी चिंता का विषय बनी हुई है। रिपोर्ट के अनुसार, अब तक नए वैरिएंट से 78 मौतें हुई हैं। बीते 24 घंटे में केरल में 82 वर्षीय बुजुर्ग की मौत हुई है। इससे पहले के दिन 3 लोगों की जान गई थी, जिसमें से महाराष्ट्र में 2, मध्य प्रदेश और पश्चिम बंगाल में 1-1 मौत हुई। अब तक सबसे अधिक मौतें महाराष्ट्र (21) और केरल (20) में दर्ज की गई हैं, जो दर्शाता है कि नए वैरिएंट का असर कुछ खास क्षेत्रों में अधिक है।

## सरकारी नियंत्रण से मुक्त हों हमारे सारे हिंदू मंदिर एवं तीर्थ स्थल

-कथावचक देवकीनंदन ठाकुर महाराज की मांग



वृंदावन (एजेंसी)। बांके बिहारी मंदिर कॉरिडोर व न्यास गठन पर कथावचक देवकीनंदन ठाकुर महाराज ने कहा है कि वे शुरू से ही मंदिरों को सरकारी नियंत्रण से मुक्त करने की मांग करते आ रहे हैं। उन्होंने कहा कि सनातन बोर्ड बनाकर हिंदू मंदिर एवं तीर्थ स्थलों की व्यवस्था स्थानीय सनातनी भावनाओं के अनुरूप करनी चाहिए। वृंदावन में कांक्रीट का गलियारा न बने, बल्कि स्थानीय लोगों के सहयोग से तुलसी, लता-पता, वृक्षों से सजा मार्ग बने, जिसमें प्रवेश करते समय वास्तविक करोड़ों ठाकुरजी और लाड़ली जू के भक्तों को वृंदावन का आभास हो।

गंगोत्री धाम में भागवत कथा कह रहे देवकीनंदन ने कहा है कि बांके बिहारी मंदिर की परंपरागत सेवा-पूजा एवं व्यवस्था में बदलाव नहीं होना चाहिए। मुख्य मार्ग चौड़े होने चाहिए, लेकिन वृंदावन का सही मायने में विकास तभी माना जा सकता है, जब निर्मल यमुना की जलधारा आने लगे। स्वच्छ यमुनाजल से ठाकुरजी को स्नान कराकर सेवा पूजा की जा सके। ब्रज-वृंदावन मांस और मदिरा से मुक्त हो जाए। कथा के दौरान उन्होंने कहा कि तिरुपति मंदिर दूषित प्रसाद मामले के बाद से वह 'सनातन बोर्ड' की मांग इसलिए करते आ रहे हैं कि मंदिरों की पूजा पद्धिति एवं संस्कृति बची रहे।

देवकीनंदन ने कहा कि नमाज पढ़ने के लिए सरकार और प्रशासन सड़क पर भी व्यवस्था करवा देते हैं, इसके लिये ट्रैफिक को कंट्रोल कर डायवर्ट तक कर दिया जाता है। फिर बांके बिहारी जैसे मंदिरों में दर्शन को आने वाले यात्रियों के लिये उचित व्यवस्थाएं क्यों नहीं बना सकते है। उन्होंने कहा कि भगवान के दर्शन को पैदल चलकर जाने का शास्त्रीय विधान है। मंदिर से कुछ किलोमीटर दूर वाहन रोककर पैदल जाना चाहिये।

# वोट बैंक को खुश करने में जुटी ममता, प्रस्ताव में ऑपरेशन सिंदूर का ज़िक नहीं

**बीजेपी नेता सुवेंदु अधिकारी सरकार पर हमलावर**

कोलकत्ता (एजेंसी)। पश्चिम बंगाल विधानसभा में तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) सरकार द्वारा 10 जून 2025 को प्रस्ताव लाया गया। ममता सरकार का मुख्य मकसद पहलगाम में 22 अप्रैल 2025 को हुए आतंकी हमले की निंदा और भारतीय सेना के शौर्य की प्रशंसा करने था। लेकिन जहां भारतीय सेना के शौर्य की तारीफ होनी थी, वहां पाकिस्तान की तारीफ होने लगी। ममता सरकार के प्रस्ताव के साथ ही राज्य की मुख्य विपक्षी पार्टी बीजेपी ने कई सवाल खड़े कर दिए हैं। भारतीय जनता पार्टी ने ममता सरकार के प्रस्ताव की तीखी आलोचना की है।



बंगाल विधानसभा में रखे गए प्रस्ताव में जो प्रमुख बिंदु शामिल किए गए वे इस प्रकार के थे। प्रस्ताव में पहलगाम के बैसरन घाटी में हुए आतंकी हमले को क्रूर और अमानवीय करार दिया गया, जिसमें 26 लोग मारे गए, जिसमें से तीन पश्चिम बंगाल के थे।

इस प्रस्ताव में भारतीय सशस्त्र बलों की विभिन्न शाखाओं के समन्वित प्रयासों की प्रशंसा की गई, जिन्होंने पाकिस्तान और पाकिस्तान-अधिकृत कश्मीर (पीओके) में आतंकी ढांचों को सटीकता के साथ नष्ट कर राष्ट्र की गरिमा की रक्षा की गई। लेकिन ममता सरकार के प्रस्ताव में स्पष्ट रूप से पाकिस्तान को हमले का जिम्मेदार नहीं ठहराया गया, बल्कि इस केवल अमानवीय हमला कहा गया। यह भारत सरकार के रुख के विपरीत है, जो हमले को लश्कर-ए-तैयबा जैसे पाकिस्तान-आधारित आतंकी संगठनों से जोड़ता है। सबसे अहम बात ये हैं प्रस्ताव में भारत की जवाबी कार्रवाई ऑपरेशन सिंदूर का कोई जिक्र नहीं था। दरअसल बीजेपी के दर्द का असली कारण यही है।

ममता सरकार के इस कृत्य के पीछे कहीं न कहीं राजनीतिक मंशा ही रही होगी, इस बात से इंकार नहीं किया जा सकता है। बीजेपी विधायकों, विशेषकर विपक्ष के नेता सुवेंदु अधिकारी और विधायक अग्निमित्रा पॉल, ने प्रस्ताव की कमियों पर सवाल उठाए हैं। अधिकारी ने पूछा कि प्रस्ताव में ऑपरेशन सिंदूर का ज़िक्र क्यों नहीं किया गया, जो भारत की आतंकवाद विरोधी नीति का एक महत्वपूर्ण हिस्सा था।

बीजेपी ने टीएमसी पर आरोप लगाया कि वह वोट बैंक की राजनीति के लिए पाकिस्तान को जिम्मेदार ठहराने से बच रही है। बीजेपी नेता पॉल ने कहा कि ममता बनर्जी ने 33 प्रतिशत मुस्लिम वोट बैंक को खुश करने के लिए जानबूझकर ऑपरेशन सिंदूर का जिक्र नहीं किया।

दरअसल बंगाल में अगले साल विधानसभा चुनाव होने वाले हैं। ममता बनर्जी के नेतृत्व में टीएमसी 3 बार से लगातार सरकार बना रही है। दूसरी ओर भारतीय जनता पार्टी ने भी राज्य में बहुत तेजी से अपनी पैठ बनाई है। इस बार बीजेपी भी अपनी पूरी शक्ति से पश्चिम बंगाल में लगी हुई है। जाहिर है कि ममता बनर्जी के लिए बहुत बड़ा चैलेंज है चौथी बार सत्ता में आना।

# शादी के पहले ही रची थी राजा की हत्या की साजिश, बुर्का पहनकर फरार हुई थी सोनम

शिलॉन्ग (एजेंसी)। इंदौर के राजा रघुवंशी की हत्या का मास्टरमाइंड राज कुशवाह है जो सोनम का प्रेमी है। उसने राजा और सोनम की शादी के 11 दिन पहले ही हत्या की साजिश रच ली थी। यह खुलासा मेघालय पुलिस की पूछताछ में आरोपियों ने किया है। शिलॉन्ग एसपी ने बताया कि तीन आरोपी विशाल चौहान, आकाश राजपूत और आनंद कुर्मी 19 मई को ही शिलॉन्ग पहुंच गए थे। राजा की हत्या के बाद सोनम 25 मई को इंदौर पहुंची। यहां वह 7 जून तक रही। इसके बाद राज के साथ ही गाजीपुर गई।



मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक मेघालय पुलिस राजा की हत्या के पांचों आरोपियों से शुक्रवार को भी पूछताछ कर रही है। शिलॉन्ग के सदर थाने के लॉकअप में बंद आरोपियों की आपसी बातचीत पर पुलिसकर्मी नजर रख हुए हैं। हालांकि ये लोग ज्यादातर समय खामोश ही रहते हैं। सूत्रों के मुताबिक सोनम समेत सभी आरोपियों ने पुलिस से उत्तर भारतीय भोजन की मांग की। पुलिस ने उन्हें खाना मंगाकर दिया। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक शिलॉन्ग पुलिस ने खुलासा किया कि आरोपियों ने एक महिला की भी हत्या की प्लानिंग की थी। राजा की हत्या के बाद उस महिला को मारकर वहीं स्कूटी के साथ जलाने या नदी में बहाने की योजना थी, ताकि वे दिखा सकें कि सोनम भी मर चुकी है। यह भी पता चला है कि हत्या के लिए राज कुशवाह ने जो योजना बनाई थी, उसमें इंदौर से आरोपियों को मोबाइल और 50 हजार रुपए के साथ सोनम के लिए काले रंग का बुर्का भी खरीद कर दिया था। यह बुर्का विशाल उसके लिए शिलॉन्ग ले गया था। एक्टिवा छोड़ने के बाद सोनम इसी बुर्के में टैक्सी में बैठकर सिलीगुड़ी भागी थी।

मेघालय की डीजीपी ने कहा कि राजा रघुवंशी और उनकी पत्नी सोनम ने लापता होने से पहले अपना सूटकेस सोहरा के एक होम स्टे में छोड़ दिया था। उसमें मिले मंगलसूत्र और अंगूठी ने केस को सुलझाने में मदद की। एक विवाहिता का गहने छोड़ना हमें संदिग्ध लगा। इस हत्याकांड की साजिश इंदौर में रची गई इसलिए मेघालय पुलिस सोनम को अगले कुछ दिन में इंदौर ले जा सकती है।

## तेजप्रताप ने वीडियो जारी कर पिता लालू को किया याद

पटना। राजद से निकाले जाने के बाद लालू के बड़े लाल तेज प्रताप यादव ने किसी तरह की नई पार्टी बनाने से इंकार किया है। साथ ही उन्होंने राजनीतिक पार्टी बनाने के अफवाह को लेकर कथित जयचंद पर निशाना साधा है। तेज प्रताप ने वीडियो साझा किया है, जिसमें वे अपने पिता लालू यादव के साथ दिख रहे हैं। वीडियो में तेज प्रताप, लालू यादव के पीछे खड़े हैं और एक गाना...पापा मेरी जां, हर दम रखना अब हाथ ये सर पर तुम... बैकग्राउंड में बजता सुनाई दे रहा है। इसके साथ ही उन्होंने पिता लालू के साथ कुछ पुरानी तस्वीरें भी शेयर की हैं, जिसमें वे लालू यादव के साथ अलग-अलग कार्यक्रमों में मंच शेयर करते हुए दिख रहे हैं। वीडियो पोस्ट के साथ तेज प्रताप ने एक तीखी टिप्पणी भी की है। उन्होंने लिखा है कि हद हो गई अब, इस जयचंद ने कुछ गोदी मीडिया वालों के साथ मिलकर अब ये अफवाह भी उड़ा दी है कि मैं कोई नई राजनीतिक पार्टी बना रहा हूं। बिहार की जनता से फिर से यही अपील करूंगा कि ऐसी किसी भी भ्रामक खबरों पर विश्वास न करें। जय हिंद... जय बिहार... जय राजद।

# दिल्ली एनसीआर में भीषण गर्मी से जूझ रहे लोगों को फिलहाल नहीं मिलेगी राहत

नई दिल्ली (एजेंसी)। इस समय भारत के उत्तर पश्चिम इलाकों में भीषण गर्मी पड़ रही है। जम्मू-कश्मीर, पंजाब, हरियाणा और राजस्थान में लगातार हीट-वेव चल रहे हैं। लू के थपेड़ों ने आमलोगों का जीना मुहाल कर रखा है। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग ने इन प्रदेशों के लिए प्रचंड गर्मी और लू का रेड अलर्ट जारी किया है। दिल्ली-एनसीआर, उत्तर प्रदेश और बिहार में भी भीषण गर्मी और उमस का दौर आज यानी 13 जून 2025 को भी जारी रहने का पूर्वानुमान है। देश के इन हिस्सों में फिलहाल गर्मी से राहत की उम्मीद नहीं है।

देश की राजधानी दिल्ली के कई इलाकों में गुरुवार 12 जून को पारा 40 के पार चला गया। आयानगर में 45 तो पालम में 44.5 डिग्री सेल्सियस तापमान रिकॉर्ड किया गया। अत्यधिक टेम्प्रेचर की वजह से दिल्ली में दिनभर लू का दौर चलता रहा, जिस वजह से लोगों का घरों से निकलना दूभर हो गया।


राजस्थान, पंजाब, हरियाणा, जम्मू जैसे क्षेत्रों में तो हालात और भी खराब रहे। पिछले कुछ दिनों से गर्मी ने रंग दिखाना शुरू किया है, जिस वजह से सुबह 9-10 बजे के बाद से ही इतनी तेज धूप निकल रही है कि कामकाजी लोगों को छोड़कर अन्य लोग घरों से निकलने में परहेज करने लगे हैं। मौसम विभाग के अनुसार, आनेवाले कुछ दिनों तक हालात ऐसे ही बने रह सकते हैं।

### यहां हीट-वेव से राहत नहीं

मौसम विभाग के अनुसार, अगले 24 घंटों में पंजाब, हरियाणा, दिल्ली, जम्मू-कश्मीर, हिमाचल प्रदेश, राजस्थान, मध्य प्रदेश और उत्तर प्रदेश में लू की स्थिति बनी रह सकती है। राजस्थान के कुछ हिस्सों में फिर से भीषण लू पड़ने की संभावना है। वहीं, केरल, कर्नाटक, कोंकण और गोवा तथा मध्य महाराष्ट्र के कुछ इलाकों में हल्की से मध्यम बारिश के साथ कुछ स्थानों पर भारी वर्षा हो सकती है। तेलंगाना, आंध्र प्रदेश, मराठवाड़ा, विदर्भ, दक्षिण आंतरिक कर्नाटक, ओडिशा, उप-हिमालयी पश्चिम बंगाल, सिक्किम, पूर्वोत्तर भारत और बिहार के कुछ हिस्सों में हल्की से मध्यम वर्षा की संभावना है। तमिलनाडु और उत्तराखंड में भी कहीं-कहीं हल्की बारिश हो सकती है।

### कुछ जगहों पर भारी बारिश

स्काईमेट वेदर की रिपोर्ट के अनुसार, केरल, कर्नाटक, उत्तर तमिलनाडु, तटीय आंध्र प्रदेश और अंडमान-निकोबार द्वीप समूह में हल्की से मध्यम बारिश के साथ कुछ स्थानों पर भारी बारिश दर्ज की गई। वहीं, लक्षद्वीप, तमिलनाडु, रायलसीमा, तेलंगाना, ओडिशा, गंगीय पश्चिम



बंगाल, कोंकण और गोवा, मध्य महाराष्ट्र और उत्तराखंड में भी वर्षा दर्ज की गई। दक्षिण छत्तीसगढ़, दक्षिण-पश्चिम उत्तर प्रदेश, दक्षिण मध्य प्रदेश, विदर्भ, मराठवाड़ा और पूर्वोत्तर भारत के कुछ हिस्सों में हल्की वर्षा हुई। मौसम विभाग के अनुसार, आगामी 48 घंटों में यह मानसून विदर्भ, छत्तीसगढ़ और ओडिशा के कुछ और हिस्सों में प्रवेश कर सकता है। इस समय एक सक्रिय चक्रवाती सर्कुलेशन पश्चिम-मध्य बंगाल की खाड़ी में उत्तर तटीय आंध्र प्रदेश के पास एक्टिव है। इसके अलावा, एक ट्रफ रेखा उत्तर-पूर्वी राजस्थान से लेकर मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ होते हुए उत्तर तटीय आंध्र प्रदेश तक फैली है। पूर्वी उत्तर प्रदेश और हरियाणा पर भी अलग-अलग चक्रवाती सर्कुलेशन देखे जा रहे हैं। वहीं, एक पश्चिमी विक्षोभ भी सक्रिय है।

# उद्धव और राज ठाकरे के मिलान की संभावना हुई कम, फडणवीस बने विलेन

मुंबई (एजेंसी)। महाराष्ट्र की राजनीति में लंबे समय से अटकलों का केंद्र रहे उद्धव और राज ठाकरे के एक साथ आने की संभावना अब खत्म होती दिख रही है। हालिया घटनाक्रम और राजनीतिक समीकरणों ने इस संभावना को धुंधला कर दिया है।

10 जून से पहले शरद और अजित पवार के पुनर्मिलन की चर्चाएं गर्म थीं, ठीक उसी तरह ठाकरे बंधुओं के बीच फिर से साथ आने के कयास लग रहे थे। हालांकि, पवार की तरह ही ठाकरे परिवार में भी सार्वजनिक संकेतों और पारिवारिक मेल-मुलाकातों के बावजूद कोई ठोस पहल सामने नहीं आई।

बीते विधानसभा चुनावों में उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली शिवसेना (यूबीटी) को विपक्षी गठबंधन में सबसे अधिक सीटें मिली थीं, वहीं राज ठाकरे की महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (एमएनएस) पूरी तरह से चुनावी नक्शे से गायब हो गई। उनके बेटे अमित ठाकरे भी चुनाव हार गए। इसके बाद राजनीतिक विश्लेषकों का मानना था कि आगामी बीएमसी चुनावों के मद्देनजर दोनों भाइयों का एक साथ आना, उनके लिए 'सियासी संजीवनी' साबित हो सकता था।

लेकिन अब ये समीकरण बदलते दिख रहे हैं। 12 जून को मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस और राज ठाकरे की मुंबई के होटल में हुई अनौपचारिक और 'अनशेड्यूल्ड' मुलाकात ने ठाकरे बंधुओं की संभावित एकता पर नए सिरे से सवाल खड़े कर दिए हैं।

सूत्रों के अनुसार मुलाकात एक घंटे से अधिक चली और मुलाकात को गुप्त रखने की कोशिश की गई। राजनीतिक विश्लेषक ठाकरे-फडणवीस समीकरण के पुनरुत्थान के संकेत के तौर पर देख रहे हैं, जिससे उद्धव के साथ राज ठाकरे के गठबंधन की संभावना को बड़ा झटका लगा है।

एक ओर जहां फडणवीस मुद्दे को 'ठाकरे भाइयों का निजी मामला' बताकर किनारा करते रहे हैं, वहीं अब उनकी सक्रियता और राज ठाकरे के साथ बढ़ती नजदीकियां भविष्य की राजनीतिक योजनाओं की ओर इशारा करती हैं।



नवबिहार मीडिया प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक डॉ. रामाज्ञा तिवारी द्वारा विश्वेश्वरा पब्लिकेशनंस एलएलपी की ओर से शिवासाई पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पंप, रातू, रांची (झारखंड)- 835222 से मुद्रित एवं उद्योग भवन मार्ग, 19 A कोकर औद्योगिक क्षेत्र रांची- 834001 (झारखंड) से प्रकाशित। **संपादक- डॉ. रामाज्ञा तिवारी, प्रबंध संपादक- पंकज कु. सिंह*, प्रधान संपादक- देवेंद्र सिंह** (*पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार), **प्रबंधक- नरेंद्र कुमार सिंह.** 9334331934, 9386895799, 9507466535, **RNI Regn.: JHAHIN/2011/40902**